www.epaper.azadsipahi.in
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
21 नवंबर, 2025
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
शुक्रवार, वर्ष 11, अंक 33

भारत को 100 टैंक किलर मिसाइल देगा अमेरिका



# नीतीश कुमार 10वीं बार बने बिहार के मुख्यमंत्री

## ■ 26 मंत्रियों ने भी शपथ ली ■ भाजपा के 14, जदयू के 8, चिराग के 2 मंत्री, एक मुस्लिम चेहरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** नीतीश कुमार ने 10वीं बार बिहार में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। गांधी मैदान में गुरुवार को हुए भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई बड़े भाजपा नेता मौजूद रहे। डिप्टी सीएम के रूप में सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने शपथ ली। वहीं 26 मंत्रियों ने भी शपथ ली। जिनमें 14 भाजपा कोटे से, 8 जदयू से, 2 लोजपा (आर) से जबकि हम और कुशवाहा की पार्टी से 1-1 को मंत्री बनाया गया है। इस मंत्रिमंडल में एक मुस्लिम चेहरा भी शामिल है। जदयू ने जमा खान को फिर मंत्री बनाया है। समारोह में हरियाणा, असम, गुजरात, मेघालय, यूपी, नगालैंड, ओड़िशा, दिल्ली, एमपी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भी शपथ समारोह में शामिल हुए। मंच पर चिराग पासवान ने मांझी और जेपी नड्डा के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

### नीतीश कैबिनेट में 13 नये चेहरों को मौका

नीतीश कैबिनेट में इस बार नये चेहरों को मौका दिया गया है। रामकृपाल यादव, श्रेयसी सिंह को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। चिराग की पार्टी से दो विधायकों को मंत्री बनाया गया है। इसमें संजय सिंह भी शामिल हैं। उन्होंने लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजप्रताप यादव को हराया था।

**26 मंत्रियों में 3 महिलाएं, :** नीतीश कैबिनेट के 26 मंत्रियों में से 3 महिलाएं हैं। हिस्सेदारी के हिसाब से नीतीश कैबिनेट में महिलाओं की भागीदारी 11 फीसदी है। लेसी सिंह, रमा निषाद और श्रेयसी सिंह को कैबिनेट में जगह मिली है। (पेज 2 भी देखें)







### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गमछे ने गर्दा उड़ा दिया

पटना (आजाद सिपाही)। पटना के गांधी मैदान में नये एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भव्यता देखने को मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई राजनीतिक दिग्गज मौजूद थे। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'गमछा' लहराना सबसे बड़ा आकर्षण बन गया, जिस पर लाखों की भीड़ उत्साह से गूंज उठी। प्रधानमंत्री ने भीड़ की ओर गमछा लहराया, जिसके बाद तालियों और जयकारों की गूंज तेज हो गयी। समारोह की शुरुआत मिथिला के लोकनृत्य सामा-चकेवा से हुई, जबकि विभिन्न महिला कलाकारों ने राज्यभर के लोकगीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में कलाकारों ने लोकगीत और लोकनृत्य प्रस्तुत कर मंच पर मौजूद सितारों की चमक में और इजाफा किया। शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। इससे पहले मिथिला क्षेत्र के लोकप्रिय लोकनृत्य 'सामा-चकेवा' की प्रस्तुति महिलाओं के एक दल ने दी, जो भाई-बहन के प्रेम का उत्सव माना जाता है। इसके जरिए आगंतुकों का स्वागत किया गया। बाद में विभिन्न महिला कलाकारों के समूहों ने राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों के पारंपरिक गीत और नृत्य पेश किये। मुख्य मंच के अलावा दूसरे मंच पर भोजपुरी अभिनेता एवं गायक से भाजपा सांसद बने मनोज तिवारी, तथा भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह ने अपने लोकप्रिय गीतों से भीड़ का मनोरंजन किया।

### बिना चुनाव लड़े कुशवाहा के बेटे बने मंत्री

नीतीश कुमार के साथ 26 मंत्रियों ने भी शपथ ली है। जमुई से जीतीं श्रेयसी सिंह समेत 10 नये चेहरों को नीतीश कैबिनेट में जगह दी गयी है। नीतीश कुमार ने अपने सभी आठ मंत्रियों को रिपीट किया, जबकि भाजपा में सात नये चेहरे हैं, जो पहली बार मंत्री बने हैं। उनमें संजय सिंह टाइगर, अरुण शंकर प्रसाद, रमा निषाद, लखेंद्र कुमार रौशन, श्रेयसी सिंह, नारायण प्रसाद और प्रमोद चंद्रवंशी शामिल हैं। वहीं लोजपा (आर) के संजय कुमार और संजय सिंह को मौका मिला। मंत्रियों की सूची में एक नाम रालोमा अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश का भी है। उन्होंने बिना चुनाव लड़े मंत्री पद की शपथ ली। वहीं, प्रेम कुमार बिहार विधानसभा के अध्यक्ष बनेंगे। जदयू-भाजपा में इसको लेकर सहमति बन गयी है।




## रांची में भारत-दक्षिण अफ्रीका का वनडे मुकाबला 30 को

# 25 नवंबर से टिकट मिलेगा, कीमत 1200 से लेकर 12 हजार रुपये तक

● किसी भी तरह के खाद्य पदार्थ ले जाने की अनुमति नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में 30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे क्रिकेट का महामुकाबला होने जा रहा है। जेएससीए प्रबंधन ने इस मैच को यादगार बनाने की पूरी तैयारी की है। इसमें आधुनिक सुविधाएं, इनडोर प्रैक्टिस पिच और शैडो-फ्री डिजाइन शामिल हैं। वहीं सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। जेएससीए स्टेडियम में 40 हजार दर्शकों की क्षमता है। लिहाजा मैच के मद्देनजर तमाम छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखा जा रहा है, ताकि दर्शकों को किसी तरह की परेशानी ना हो। जेएससीए प्रबंधन ने मीडिया के मार्फत दर्शकों के लिए कुछ सुझाव दिये हैं। सुरक्षा कारणों से खिलाड़ियों को एयरपोर्ट से सीधे होटल लाया जायेगा, जहां उनका स्वागत किया जायेगा। सुरक्षा से जुड़ी तमाम व्यवस्था जिला प्रशासन के निर्देश के अनुसार सुनिश्चित की जायेगी।

**जेएससीए प्रबंधन का दर्शकों से आग्रह :** जेएससीए के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने दर्शकों को कुछ सुझाव दिये हैं। उन्होंने कहा



है कि मैच के दौरान किसी भी तरह के खाद्य पदार्थ की इंट्री पर रोक होती है। इसके बावजूद लोग पानी की बोतल ले जाने की जिद करते हैं। इससे अव्यवस्था होती है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि एक टिकट पर सिर्फ एक इंट्री होती है, लेकिन कई लोग छोटे बच्चों को गोद में लेकर इंट्री करना चाहते हैं। इसकी बिल्कुल अनुमति नहीं है। इसके साथ ही इस बात की ध्यान रखना है कि टिकट पर दर्ज विंग (इस्ट, वेस्ट, नॉर्थ, साउथ) के हिसाब से संबंधित कतार में खड़ा होना है। उन्होंने कहा कि अक्सर कई दर्शक दूसरे विंग की कतार में खड़े हो जाते हैं और इंट्री के लिए जिद करने लगते हैं, जिसकी अनुमति नहीं दी जा सकती है।

**कांउटर से दो दिन पहले ऑनलाइन बिक्री शुरू होगी :** जेएससीए अध्यक्ष ने बताया कि मैच शुरू होने की तारीख के पांच दिन पहले टिकट की बिक्री शुरू होती है। इसलिए तय समय पर ही लोग खिड़की काउंटर पहुंचें। उन्होंने बताया कि टिकट खिड़की से बेचने की तारीख से दो दिन पहले टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शुरू हो जाती है। टिकटों की कीमत 1200 से लेकर 12 हजार रुपये तक होगी।

### टिकटों की कीमत इस प्रकार होगी

विंग ए (निचला हिस्सा) की कीमत 1600 रुपये, विंग बी (ऊपरी हिस्सा) 1300 रुपये, विंग सी (ऊपरी हिस्सा) 2200 रुपये, विंग डी (निचला हिस्सा) 2000 रुपये, स्पाइस बॉक्स (सामान्य दर्शक दीर्घा) 190, इस्ट और वेस्ट हिल (खुला दर्शक क्षेत्र) 1200 रुपये, अमिताभ चौधरी पवेलियन (प्रीमियम टैरेस सीट) 2400 रुपये, प्रेसिडेंट्स एनक्लोजर (आतिथ्य सुविधा सहित) 12,000 रुपये। हॉस्पिटैलिटी बॉक्स (आतिथ्य सुविधा सहित) 7,000 रुपये, कॉर्पोरेट बॉक्स (आतिथ्य सुविधा सहित) 6,000 रुपये, कॉर्पोरेट लाउंज (आतिथ्य सुविधा सहित) 10,000 रुपये, एमएस धोनी पवेलियन (लग्जरी पार्लर सीट) 7,500 रुपये और डोनर्स एनक्लोजर (सामान्य दीर्घा) की कीमत 1600 रुपये होगी।




# राज्यपाल विधानसभा से पास बिलों को नहीं लटकायें : सुप्रीम कोर्ट

● बिल मंजूर करें, लौटायें या राष्ट्रपति को भेजें, डेडलाइन नहीं, लेकिन देरी पर दखल देंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रपति और राज्यपाल की बिल मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली याचिकाओं पर फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि हमें नहीं लगता कि राज्यपालों के पास विधानसभाओं से पास बिलों (विधेयकों) पर रोक लगाने की पूरी शक्ति है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की जगह इस मामले में चीफ जस्टिस बीआर गवई की अगुवाई वाली संविधान पीठ ने सुनवाई की। पीठ में जस्टिस सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पीएस नरसिम्हा और एएस चंद्रचूड़कर शामिल थे। सुनवाई 19 अगस्त से शुरू हुई थी। सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र सरकार का पक्ष रखा। वहीं, विपक्ष शासित राज्य तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, पंजाब और हिमाचल प्रदेश ने केंद्र का विरोध किया।






# नीतीश की सरकार में आधी आबादी को 11 फीसदी हिस्सेदारी

## नीतीश कैबिनेट के 26 मंत्रियों में तीन महिलाएं



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** नीतीश कुमार 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बन गये हैं। अपार जनसमूह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में नीतीश कुमार ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। नीतीश कुमार के साथ 26 मंत्रियों ने शपथ ली है, जिनमें से तीन महिलाएं हैं। इस हिसाब से नीतीश कैबिनेट में महिलाओं की हिस्सेदारी 11 फीसदी है। लेसी सिंह, रमा निषाद और श्रेयसी सिंह को मंत्रिमंडल में जगह दी गयी है।

### लेसी सिंह

नीतीश कुमार ने एक बार फिर लेसी सिंह को पर भरोसा जताते हुए उन्हें अपनी टीम में शामिल किया है। धमदाहा सीट से छह बार की विधायक लेसी सिंह पिछली सरकार में भी खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग की मंत्री थीं। इस चुनाव में उन्होंने आरजेडी के संतोष कुमार को 55159 वोट के बड़े अंतर से हराया है।

### श्रेयसी सिंह

भाजपा के कोटे से श्रेयसी सिंह को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। वह पहली बार मंत्री बनी हैं। जमुई सीट पर श्रेयसी सिंह ने आरजेडी के मोहम्मद शमशाद आलम को 54498 वोट से हराया है।

### रमा निषाद

नीतीश कुमार के नये मंत्रिमंडल में रमा निषाद को भी जगह मिली है, जो औराइ विधानसभा सीट से चुन कर आयी हैं। मुजफ्फरपुर के पूर्व भाजपा सांसद अजय निषाद की पत्नी रमा निषाद ने 54 हजार वोट के अंतर से जीत हासिल की है। उन्होंने वीआइपी के भोगेंद्र सहनी को मात दी है।

### एनडीए की जीत में महिलाओं की बड़ी भूमिका

बिहार विधानसभा की 243 में से 202 सीटों पर जीतकर आये एनडीए की सफलता के पीछे आधी आबादी के समर्थन को सबसे बड़ा फैक्टर माना जा रहा है। नीतीश सरकार की योजनाओं और खासकर जीविका दीदियों को आर्थिक मदद से खुश महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर वोट किया। इस बार बिहार में रिकॉर्ड वोटिंग हुई और महिलाओं की हिस्सेदारी पुरुषों से काफी ज्यादा रही।

## नीतीश कैबिनेट में तिरहुत, सीमांचल और शाहाबाद पीछे, मगध टॉप पर

### आधे मंत्री मगध, मिथिला और अंग से

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बनी एनडीए की नयी सरकार के कैबिनेट में सीएम समेत मंत्री बने 27 नेताओं में मगध इलाके का बोलबाला है। मगध, मिथिला और अंग क्षेत्र को सीएम समेत 14 मंत्री मिले हैं। आधे से ज्यादा पद झटकने वाले इन तीन इलाकों में सीएम नीतीश का मगध क्षेत्र और दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा का अंग का क्षेत्र भी शामिल है। बाकी छह इलाकों को बचे हुए 15 मंत्री मिले हैं। तिरहुत तीसरे नंबर पर है, जहां से चार मंत्री बन हैं। सबसे कम एक मंत्री कोसी को मिला है। कोसी के अलावा सभी क्षेत्रों से कम से कम दो-दो मंत्री बनाये गये हैं। 49 सीटों वाले मगध को सीएम नीतीश कुमार समेत छह मंत्री मिले हैं। 37 सीट वाले मिथिला को पांच, 28 सीट वाले तिरहुत को चार, 21 सीट वाले अंग को तीन, 24 सीट वाले सीमांचल, 24 सीट वाले सारण, 22 सीट वाले शाहाबाद और 21 सीट वाले चंपारण को दो-दो मंत्री मिले हैं। 17 सीट वाले कोसी इलाके को एक मंत्री मिला है।

| नाम | पद | पार्टी | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| नीतीश कुमार | मुख्यमंत्री | जेडीयू | मगध |
| सम्राट चौधरी | उप-मुख्यमंत्री | बीजेपी | अंग |
| विजय कुमार सिन्हा | उप-मुख्यमंत्री | बीजेपी | अंग |
| विजय कुमार चौधरी | मंत्री | जेडीयू | मिथिला |
| बिजेंद्र प्रसाद यादव | मंत्री | जेडीयू | कोसी |
| श्रवण कुमार | मंत्री | जेडीयू | मगध |
| मंगल पांडेय | मंत्री | बीजेपी | सारण |
| दिलीप जायसवाल | मंत्री | बीजेपी | सीमांचल |
| अशोक चौधरी | मंत्री | जेडीयू | मगध |
| लेशी सिंह | मंत्री | जेडीयू | सीमांचल |
| मदन साहनी | मंत्री | जेडीयू | मिथिला |
| नितिन नबीन | मंत्री | बीजेपी | मगध |
| रामकृपाल यादव | मंत्री | बीजेपी | मगध |
| संतोष सुमन | मंत्री | हम | मगध |
| सुनील कुमार | मंत्री | जेडीयू | सारण |
| जमा खान | मंत्री | जेडीयू | शाहाबाद |
| संजय सिंह टाइगर | मंत्री | बीजेपी | शाहाबाद |
| अरुण शंकर प्रसाद | मंत्री | बीजेपी | मिथिला |
| सुरेंद्र मेहता | मंत्री | बीजेपी | मिथिला |
| नारायण प्रसाद | मंत्री | बीजेपी | चंपारण |
| रमा निषाद | मंत्री | बीजेपी | तिरहुत |
| लखेंद्र कुमार रौशन | मंत्री | बीजेपी | तिरहुत |
| श्रेयसी सिंह | मंत्री | बीजेपी | अंग |
| प्रमोद कुमार | मंत्री | बीजेपी | चंपारण |
| संजय पासवान | मंत्री | लोजपा-आर | मिथिला |
| संजय कुमार सिंह | मंत्री | लोजपा-आर | तिरहुत |
| दीपक प्रकाश | मंत्री | रालोमो | तिरहुत |

## मंझिआंव के लाल ने देश का नाम रोशन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**मंझिआंव (गढ़वा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ऊंचरी निवासी स्वर्गीय रामनाथ पांडेय के बेटे और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी) के कमांडेंट विवेक कुमार पांडेय को असाधारण ऑपरेशनल सफलता और उत्कृष्ट सामुदायिक सेवा के लिए 'सर्वश्रेष्ठ एंटी-नक्सल बटालियन ट्रॉफी' से सम्मानित किया गया है।

यह सम्मान आइटीबीपी के महानिदेशक प्रवीण कुमार ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में आयोजित वार्षिक बल स्थापना दिवस महानिदेशक परेड के दौरान प्रदान किया।

बताते चलें कि मझिआंव थाना क्षेत्र के ऊंचरी ग्राम निवासी विवेक कुमार पांडेय, स्वर्गीय रामनाथ पांडेय के पुत्र हैं। पत्रकारिता और इतिहास में स्नातकोत्तर विवेक पांडेय 2003 से आइटीबीपी में सेवाएं दे रहे हैं।

कमांडेंट विवेक पांडेय की 27वीं बटालियन ने छत्तीसगढ़ के मानपुर क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता दर्ज की है। उनकी इस उपलब्धि ने झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित किया है।

वहीं मई 2025 में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वयं आइटीबीपी के सीतागांव ऑपरेटिंग बेस का दौरा कर 27वीं बटालियन और कमांडेंट विवेक पांडेय की सराहना की थी।






**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.4 °c | 12.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.03 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.06 बजे |



# नीलांबर-पीतांबर के शहादत स्थल से शुरू होगा 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम

**मुख्यमंत्री का पलामू दौरा स्थगित, वित्त मंत्री रहेंगे मौजूद**

आजाद सिपाही संवाददाता




**पलामू।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पलामू दौरा स्थगित हो गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पलामू के नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड से 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम की शुरुआत करने वाले थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जगह अब झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे।

**नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड से होगी शुरुआतः**

दरअसल, पहले जिला मुख्यालय से कार्यक्रम की शुरुआत होती थी, लेकिन पहली बार प्रखंड मुख्यालय से कार्यक्रम की शुरुआत हो रही है। इसमें झारखंड सरकार के कई मंत्री भाग लेंगे। नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड पहले लेस्लीगंज के नाम से जाना जाता था। बताते चलें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दोनों महान विभूतियों को श्रद्धांजलि देने के लिए लेस्लीगंज से ही कार्यक्रम की शुरुआत करने की योजना तैयार की है। यही वजह है कि नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड से 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है।

**पलामू डीसी ने दी जानकारी**

पलामू डीसी समीरा एस ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड से कार्यक्रम की शुरुआत होने वाली है। पलामू के लोगों से जिला प्रशासन अपील करता है कि वह कार्यक्रम में जायें और सरकारी योजनाओं से जुड़ें। साथ ही कार्यक्रम में अपनी समस्याओं की भी जानकारी दें।

**सहायक आचार्य भर्तीः संशोधित परिणाम पर हाइकोर्ट की कड़ी फटकार**

# जेएसएससी से पूछा, अधिक अंक वालों को क्यों बाहर किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने सहायक आचार्य (गणित एवं विज्ञान विषय) भर्ती में जारी संशोधित परिणाम को लेकर झारखंड कर्मचारी चयन आयोग पर गंभीर नाराजगी जताते हुए तीखी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि आयोग यह स्पष्ट करे कि आखिर किस नियम और किस तर्क के आधार पर अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को सूची से बाहर कर दिया गया, जबकि कम अंक वाले उम्मीदवारों को संशोधित परिणाम में जगह दी गयी। यह याचिका किशोर कुमार एवं अन्य की ओर से अधिवक्ता चंचल जैन द्वारा दायर की गयी थी। जिसकी सुनवाई न्यायमूर्ति अनंदा सेन की एकल पीठ में हुई। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता चंचल जैन ने बताया कि याचिकाकताओं का नाम प्रारंभिक परिणाम में था और उन्हें जिला स्तरीय काउंसलिंग में बुलाया भी गया था, जहां उन्हें और अन्य अभ्यर्थियों के अंक उपलब्ध कराये गये थे। परंतु आश्चर्यजनक रूप से संशोधित परिणाम में उन्हें बाहर कर दिया गया, जबकि उनसे कम अंक पाने वाले कई अभ्यर्थियों को सूची में बनाये रखा गया। अधिवक्ता चंचल जैन ने यह भी बताया कि ऐसे 15-20 से अधिक उदाहरण मौजूद हैं, जहां कम अंक वाले अभ्यर्थियों को संशोधित परिणाम में बनाए रखा गया है, जबकि अधिक अंक वाले याचिकाकताओं को बाहर कर दिया गया है। उन्होंने तर्क देते हुए कहा कि सभी याचिकाकताओं ने अपने-अपने वर्ग में उच्च अंक प्राप्त किये हैं और टेटे भी उत्तीर्ण है, फिर भी उनका बाहर होना चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सीधा हमला है। इन तथ्यों पर अदालत ने कड़े शब्दों में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग से पूछा कि जब अधिक अंक वाले मौजूद थे, तो कम अंक वाले को संशोधित परिणाम में रखने का आधार क्या है? नियम क्या कहते हैं? कोर्ट ने इस मामले को बेहद गंभीर मानते हुए याचिकाकताओं के लिए पद सुरक्षित रखने का अंतरिम आदेश पारित किया है। साथ ही हाइकोर्ट ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को निर्देश दिया है कि वह अपने काउंटर-अफिडेविट में बताये कि किन कारणों से अधिक अंक वाले अभ्यर्थियों को संशोधित परिणाम से बाहर किया गया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — कोई भी निर्णय सोच-समझकर लें, कर्मक्षेत्र में उलझनों से राहत मिलेगी।
- **वृष** — नौकरी या कार्यक्षेत्र में आपको कई नयी-नयी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जायेगी।
- **मिथुन** — धैर्य से आवश्यक कार्य पूरे होंगे, धन लाभ होगा, धार्मिक कार्य में रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — व्यस्तता अधिक रहेगी,बाहरी यात्रा का योग है, गृहस्थ जीवन में प्रसन्नता का माहौल रहेगा।
- **सिंह** — वाद-विवाद लड़ाई-झगड़े से दूर रहें, वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं,दुर्घटना होने की आशंका।
- **कन्या** — मन में बेचैनी रहेगी,अपने वाणी व गुस्से को नियंत्रित रखें.प्रयास व परिश्रम से सफलता मिलेगी।
- **तुला** — घर में किसी नवीन वस्तु की खरीदारी सम्भव है.विवाह आदि उत्सवों की योजना बनेगी।
- **वृश्चिक** — व्यवसाय में परेशानी एवं बाधा का सामना करना पड़ेगा, आर्थिक परेशानी होगी।
- **धनु** — परिवार में कोई खुशी का अवसर आयेगा. रिश्तेदार और मित्रों से मेल-मिलाप होगा।
- **मकर** — शुभ कार्य की ओर प्रवृत्ति बढ़ेगी, नये-नये लोगों से जान-पहचान बनेगी।
- **कुंभ** — लंबे समय से चली आ रही चिंता समाप्त होगी. संतान आज्ञाकारी रहेगी।
- **मीन** — किसी सामाजिक समारोह में जाने का अवसर मिलेगा, बिना पढ़े किसी कागज पर हस्ताक्षर न करें।

# चैनपुर अंचल का बड़ा बाबू 5500 रुपये घूस लेते गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर(पलामू)।** चैनपुर अंचल कार्यालय के प्रधान सहायक बड़ा बाबू विनोद कुमार को 5500 रुपये घूस लेते पलामू प्रमंडलीय एसीबी की टीम ने गुरुवार को सुबह गिरफ्तार किया है। सुबह कार्यालय खुलने के कुछ देर बाद ही एसीबी की विशेष टीम ने यह छापा मारा, जिससे पूरे अंचल कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी की स्थिति बन गयी। अधिकारियों के अनुसार, बड़ा बाबू विनोद कुमार नामांत्रण वाद में नकल निकालने के नाम पर 5500 रुपये की अवैध वसूली कर रहे थे।

एसीबी की टीम ने चैनपुर अंचल कार्यालय के बड़ा बाबू विनोद कुमार को गिरफ्तार करने के बाद सिंगरा में उसके आवास पर भी छापामारी की। यहां से कई कागजात जब्त किये गये। दोपहर में बड़ा बाबू को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। चैनपुर के अनोज प्रसाद ने पलामू एसीबी कार्यालय में आवेदन देकर शिकायत की थी कि बड़ा बाबू विनोद कुमार अंचल कार्यालय से उसका नामांत्रण वाद संख्या 0-373/1987-88 आदेश पत्र नकल निर्गत करने के लिए 10 हजार रुपये घूस की मांग की है। तमाम आग्रह के बाद भी बड़ा बाबू बिना पैसे लिये काम करने को तैयार नहीं थे। सत्यापन के क्रम में अनोज द्वारा काफी आग्रह करने पर 5500 रुपये रिश्वत मांगने की बात सही पायी गयी। इस संबंध में 19 नवंबर को मामला दर्ज कर कार्रवाई टीम का गठन किया गया और गवाहों की उपस्थिति में प्राथमिकी अभियुक्त विनोद राम को 5500 रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया गया।

# झारखंड@25 स्मारिका का लोकार्पण

**वक्ताओं ने कहा- 25 साल की यात्रा पर आत्ममंथन करने का समय और मिशन मोड पर आगे बढ़ने की जरूरत पर बल**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड ने अपनी स्थापना के 25 साल पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर सामाजिक आर्थिक एवं संसदीय अध्ययन केंद्र ने गुरुवार को करमटोली स्थित रांची प्रेस क्लब के सभागार में एक स्मारिका झारखंड@25 का लोकार्पण किया। स्मारिका का लोकार्पण पूर्व गृह सचिव जेबी तुबिद, पूर्व अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, अर्थशास्त्री और प्रोफेसर हरीश्वर दयाल, पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने संयुक्त रूप से किया। यह स्मारिका झारखंड की आर्थिक स्थिति, सामाजिक-राजनीतिक बदलाव, विकास का माहौल, आदिवासी विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, संस्कृति, कला, साहित्य, शिक्षा, खेती, मछली पालन और कई दूसरे क्षेत्रों पर लिखे गये उत्कृष्ट लेखों का संग्रह है। जिन जाने-माने विद्वानों और प्रशासकों ने लेख लिखे हैं, उनमें पूर्व आइएएस अरुण कुमार सिंह, प्रोफेसर चंद्रकांत शुक्ला, प्रोफेसर कमल बोस, महेश पोद्दार, राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, राज्यसभा सांसद प्रदीप कुमार वर्मा, चंदन मिश्रा, पद्मश्री बलबीर दत्त, राज सहाय, जेब अख़्तर, डॉ विनय भारत, नीतीश प्रियदर्शी, डॉ संतोष किड़ो, अयोध्या नाथ मिश्रा और कई अन्य शामिल हैं। संस्थान के सचिव अयोध्या नाथ मिश्रा ने कहा कि पिछले 25 सालों में राज्य ने कई क्षेत्रों में जबरदस्त तरक्की की है। राज्य का सालाना बजट सिर्फ छह हजार करोड़ से शुरू हुआ था, जो आज एक लाख करोड़ को पार कर गया है। यह झारखंड की लगातार तरक्की को दिखाता है। प्रो हरीश्वर दयाल ने कहा कि अगर हम बजट की लगातार वृद्धि देखें, तो आज हमारे पास 1.40 लाख करोड़ है। इससे पता चलता है कि झारखंड तेजी से तरक्की कर रहा है। शहरी स्थानीय निकाय अपने राजस्व संग्रहण बेहतर कर सकते हैं। पूर्व विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह ने झारखंड की तरक्की के इतिहास पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि झारखंड पिछले कुछ सालों में कहीं पीछे रह गया है। पर्यटन में बहुत संभावनाएं हैं। झारखंड में खनन एक बड़ा क्षेत्र है। इन खनिजों का मूल्य कैसे बढ़ाया जाये, यह सोचने वाली बात है। झारखंड राज्य की जीडीपी में सिर्फ. 1.15 प्रतिशत अंशदान करता है। भारत में पर्यटन से 303 करोड़ रुपये मिलते हैं, लेकिन झारखंड को सिर्फ तीन करोड़। उन्होंने कहा कि 25 साल का यह मौका खुद को समझने और भविष्य की योजना तैयार करने का मौका होना चाहिये। हमें मिशन मोड पर काम करना होगा। पूर्व गृह सचिव जेबी तुबिद ने नक्सलवाद के मुद्दे पर बात की, जिससे झारखंड को पिछले दशकों में जूझना पड़ा। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद ने लोगों में विकास की भावना को खत्म कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने जयपाल सिंह से लेकर शिबू सोरेन तक सभी बड़े नेताओं और उनके सपनों को सुना। हम उन बड़े राज्यों से इतनी तुलना नहीं कर सकते, जिन्होंने पांच दशक से ज्यादा पूरे कर लिये हैं। राज्य ने अच्छा किया है और हमें इसका जश्न मनाना चाहिए। साथ ही हमें अगले एक दशक के लिए योजना बनानी होगा। उद्योग और खनन क्षेत्र का मूल्यांकन और अच्छी तरह से योजना तैयार करनी होगी। हम एक औद्योगिक नीति लेकर आये, लेकिन हम उतना अच्छा नहीं कर पाये। आइटी उद्योग के क्षेत्र में भी हमें काम करना है। यह रोजगार के लिए एक बड़ा क्षेत्र है। राज्य बनने के बाद यहां नक्सलवाद का अंदाजा लगाया गया था। लालू प्रसाद ने इसका अंदाजा लगाया था। मुझे पता चला था कि विधायक नक्सलियों के समर्थन से जीत रहे थे। बाबूलाल मरांडी मुख्यमंत्री थे। मैंने उनसे बात की और हल निकालने के लिए विधायकों के साथ बैठक बुलायी। इसके बाद हमने नक्सलवाद को कम करने के लिए कई कदम उठाये। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने पिछले 25 सालों का आत्ममंथन करने और मिशन मोड पर आगे बढ़ने की जरूरत पर बल किया।

# झारखंड कर रहा है तसर उत्पादन में देश का नेतृत्व





**तसर से तरक्की तकः झारखंड पवेलियन में दिखी राज्य के राष्ट्रीय नेतृत्व की शक्ति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आइआइटीएफ) 2025 में झारखंड पवेलियन इस वर्ष विशेष रूप से सुर्खियों में है। इसकी सबसे बड़ी वजह है। तसर सिल्क के क्षेत्र में झारखंड की अद्वितीय पहचान, जहां देश के कुल तसर उत्पादन का 70 प्रतिशत योगदान अकेले झारखंड देता है। यह उपलब्धि न केवल राज्य की प्राकृतिक संपदा और कौशल का प्रमाण है, बल्कि महिलाओं के नेतृत्व में उभरती एक मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था की कहानी भी है।

**देश की तसर राजधानी के रूप में झारखंड ने खुद को किया स्थापित :** झारखंड का तसर उद्योग आज एक स्पष्ट विजन के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है– स्थानीय आजीविका को सुदृढ़ करना, कच्चे रेशम के उत्पादन को बढ़ाना, तसर से जुड़े संपूर्ण इकोसिस्टम का निर्माण करना और राज्य को भारत के हस्तशिल्प मानचित्र पर विशिष्ट स्थान दिलाना। इसी मिशन के तहत, झारखंड में आज 100 कोकून संरक्षण केंद्र और 40 पूर्ण-सुविधायुक्त परियोजना केंद्र संचालित हो रहे हैं। 2001 में 90 मीट्रिक टन कच्चे रेशम का उत्पादन बढ़कर 2024-25 में 1,363 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है, जिसने झारखंड को देश की तसर राजधानी के रूप में स्थापित कर दिया है। इस अभूतपूर्व सफलता के केंद्र में हैं झारखंड की महिलाएं। तसर उत्पादन के 50-60 प्रतिशत कार्यों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी है। कोकून प्रसंस्करण से लेकर तसर धागा उत्पादन और तैयार उत्पादों के निर्माण तक। उल्लेखनीय है कि यार्न उत्पादन पूरी तरह से महिला कर्मियों द्वारा किया जाता है, जिसने उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ राज्य की तसर अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ भी बनाया है। महिलाओं की इस बढ़ती भूमिका को और मजबूती देने के लिए उद्योग विभाग और रेशम निदेशालय द्वारा कई योजनाएं चलायी जा रही हैं। झारक्राफ्ट, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) और अन्य संस्थाओं के सहयोग से महिलाओं को प्रशिक्षण, रोजगार और बाजार तक पहुंच उपलब्ध करायी जा रही है। इसके अतिरिक्त, राज्य भर में स्थापित कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) में 30-60 महिलाएं एक साथ उत्पादन, कौशल विकास और प्रशिक्षण गतिविधियों से जुड़कर स्वरोजगार और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। युवा रियरर्स और किसानों के लिए सेरीकल्चर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम भी नये अवसर पैदा कर रहे हैं।

**पैविलियन का मुख्य आकर्षण कोकून से रेशम धागा**

पैविलियन का मुख्य आकर्षण वह लाइव डेमो है, जहां तसर कोकून से रेशम धागा निकालने की पारंपरिक प्रक्रिया प्रत्यक्ष रूप से दिखाई जाती है। प्रशिक्षित महिला कारीगर कोकून उबालने से लेकर धागा तैयार करने तक हर चरण को विस्तार से समझाती हैं। वहीं, तम्सुम उसी धागे से करघे पर कपड़ा बुनने की कला प्रस्तुत करती हैं। यह अनोखा प्रदर्शन न केवल तसर उद्योग की समृद्ध विरासत को सामने लाता है, बल्कि महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को भी उजागर करता है, जो ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में स्थायी आजीविका का मजबूत आधार बन चुकी हैं। इसके साथ ही, झारखंड पवेलियन में झारक्राफ्ट राज्य की ग्रामीण कला, कारीगरी और तसर आधारित हस्तशिल्प को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में अपनी अहम भूमिका को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत कर रहा है। आइआइटीएफ 2025 में प्रदर्शित इसके उत्कृष्ट उत्पाद झारखंड की समृद्ध हस्तशिल्प परंपरा को सामने लाने के साथ-साथ कारीगरों के आर्थिक सशक्तिकरण की मजबूत कहानी भी बयां करते हैं। आइआइटीएफ 2025 में झारखंड पवेलियन तसर उत्पादन से जुड़े इस गौरवशाली सफर को एक ही छत के नीचे जीवंत रूप में प्रस्तुत करता है, जहां तसर की चमक, महिलाओं की मेहनत और ग्रामीण झारखंड की तरक्की की प्रेरक गाथा साथ-साथ आगे बढ़ती दिखायी देती है।

# नीतीश को 10वीं बार बिहार के सीएम बनने पर सरयू राय ने दी बधाई



**रांची (आजाद सिपाही)।** जदयू के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार को दसवीं बार मुख्यमंत्री बनने पर झारखंड प्रदेश जदयू नेताओं ने बधाई दी है। प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार निरंतर प्रगति कर रहा है। बीस वर्षों के शासन काल में उन्होंने बिहार को देश के विकसित राज्यों की सूची में स्थान दिलाया है। इस ऐतिहासिक जनादेश के बाद बिहार की सरकार और भी बेहतर कार्य करेगी। विधायक सरयू राय ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में बिहार में सुशासन की नींव और सुदृढ़ होगी। जदयू नेता आफताब जमिल, पीएन सिंह, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, सागर कुमार, पिंटू सिंह, रेणु पन्निकर, सोमेन दत्ता, उपेंद्र सिंह, अखिलेश राय, आशीष शीतल मुंडा, निर्मल सिंह, आशा शर्मा, रत्ना शर्मा, प्रेम लता, अशोक शर्मा, महेश्वर चौधरी, रामजी प्रसाद सहित अन्य नेताओं ने बधाई दी।


**झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड**
**(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)**
उप महाप्रबंधक का कार्यालय
संचरण अंचल, कुसई कॉलोनी, डोरण्डा, राँची
ईमेल आई0 डी0 :- esetcranchi.jusnl@gmail.com, मो0 नं0 :- 9431707301

**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के अधीन आने वाले 132/33 के. भी. ग्रिड सब स्टेशन, हटिया – 1 में दिनांक 20.11.2025 से 23.11.2025 तक प्रत्येक दिन पूर्वाह्न 10:15 से अपराह्न 14:15 तक 50 एम भी ए पावर ट्रान्सफार्मरों (प्रतिदिन एक ट्रान्सफार्मर) में टेस्टिंग एवं आवश्यक संधारण कार्य होने के कारण ग्रिड सब स्टेशन, हटिया – 1 से निकलने वाले 33 के0 भी0 विभिन्न फीडर यथा बेड़ो, ब्राम्बे, टाटीसिल्वे, रातू से कुल 10 – 15 मेगावाट (प्रतिदिन) की आंशिक कटौती की जायेगी, जिस कारण उक्त फीडरों के अधीन आने वाले क्षेत्रों में आंशिक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

**असुविधा के लिए खेद है।**

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

ह0/–
उप महाप्रबंधक,
संचरण अंचल, राँची

PR 366588 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd)25-26*D



**कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा**
**अतिअल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत मरकच्चों प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत भवन के सामने नवनिर्मित 09 (नौ) अदद खाली दुकानों की बंदोबस्ती उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिशद्, कोडरमा के कार्यालय कक्ष/सभागार, जिला ग्रामीण विकास शाखा, कोडरमा में निम्नांकित तिथि को सम्पन्न की जायेगी–

| क्र0सं0 | स्थल विवरणी | दुकान हेतु प्रति वर्गफीट मासिक न्यूनतम निर्धारित दर | सुरक्षित जमा राशि | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मरकच्चों प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत भवन के सामने नवनिर्मित 09 (नौ) अदद खाली दुकानों | 8.60 रूपया | 25,000.00 | 27/11/2025 | 03:00 बजे अपराह्न |

इच्छुक डाकवक्ता उपरोक्त कॉलम 04 में अंकित राशि का बैंक ड्राफ्ट व आवश्यक दस्तावेज डाक शुरू होने के पूर्व तक कार्यालय में जमा कर नीलामी में भाग ले सकते हैं। उक्त बैंक ड्राफ्ट की राशि उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, कोडरमा के पदनाम से देय होगा एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कोडरमा शाखा में भुगतेय होगा। नीलामी से संबंधित नियमावली एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट एवं कोडरमा जिले के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद्, कोडरमा।


PR 366593 Panchayati Raj(25-26)D






# रातू के शिव मंदिर का नाम अब 'महेश्वर धाम शिव मंदिर'

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रातू पावर हाउस, सिंह मोड़ स्थित शिव मंदिर अब 'महेश्वर धाम शिव मंदिर' के नाम से जाना जायेगा। मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष महेश महतो की अध्यक्षता में हुई बैठक में उक्त प्रस्ताव का सर्व समिति से समर्थन किया गया। बैठक में मंदिर संचालन समिति की नयी कार्यकारिणी समिति का भी गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष महेश महतो, उपाध्यक्ष सुनील प्रसाद, सचिव संजय सिंह, उपसचिव बिंदेश्वरी पाठक, कोषाध्यक्ष रामनरेश साहू, उपकोषाध्यक्ष अमित चौबे, राजेश सिंह, मुख्य व्यवस्थापक जितेंद्र शर्मा, प्रदीप पटेल, सर्वेश सिंह, मीडिया प्रभारी कंचन तिवारी, मुख्य पुजारी मुकेश तिवारी बनाये गए। संरक्षक मंडल में अजय कुमार, भीम प्रसाद, लाल कुंदन नाथ शाहदेव, संजय सिंह, अशोक सिंह, परमानंद कश्यप, सत्येंद्र सिंह,मनोज सिंह, मोहन साहू, इंद्रनाथ साहू, संजय मिश्रा, हर्षवर्धन नाथ शाहदेव, विजय साहू कुमार घोष शामिल किये गये। सुनील नाथ शाहदेव, अभिषेक दांगी, विक्की तिवारी, विशाल कुमार, सचिन सिंह, विक्की सिंह,राकेश गुप्ता, आशीष शुक्ला, मनीष दांगी, विक्रम साहू, टिंकू सिंह और गुलशन सिंह कार्यकारिणी समिति सदस्य चुने गये।

# असहाय को अपना घर आश्रम की छांव मिली

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम, पुंदाग में गुरुवार को नया मेहमान आया। सड़कों पर भटक रहे मानसिक रूप से असहाय को पुंदाग थाना पुलिस की टीम ने रेस्क्यू कर आश्रम पहुंचाया। मौके पर उसकी मेडिकल जांच भी करायी गयी। उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल राजू भैया और मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि व्यक्ति की पता-ठिकाना पता नहीं होने से आश्रम कमेटी ने उसका नाम गिरधर कुमार रखा है। राजू भैया ने बताया कि आश्रम की टीम को सूचना मिलने पर समय-समय पर जरूरतमंदों को रेस्क्यू किया जाता है। आश्रम में रह रहे सभी निराश्रितों को गुरुजी सदानंद जी महाराज के सहयोग से घर जैसा माहौल देने की कोशिश की जा रही है। प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि अभी सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में 42 दिव्यांग और निराश्रितों का समुचित देखभाल और सेवा हो रही है। उन्होंने बताया कि सद्गुरु संत सदानंद जी के मूल मंत्र मानव सेवा माधव सेवा को आत्मसात कर अनुयायी सभी तरह के सेवा कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं।

## अमावस्या महास्नान कर सजे-धजे खाटू नरेश

# श्यामल रूप में हुआ बाबा का दर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड का परिसर गुरुवार को भक्ति रस से सराबोर रहा। देर तक जयकारे गूंजते रहे। अहले सुबह मंदिर में विराजे खाटू नरेश का अमावस्या महास्नान कराया गया। मनोहारी श्रृंगार के बाद श्यामल रूप में अपने इष्ट का दर्शन पा दर्शनार्थी अह्लादित हुए।

दैनिक पूजन आरती के बाद श्रीश्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान और वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा ने महास्नान अनुष्ठान संपन्न कराया। बाबा को रूह गुलाब के इत्र से मालिश की गयी।

बेंगलुरु, दिल्ली, कोलकाता से मंगवाये गये ब्लू ऑर्किड पर्पल ऑर्किड, व्हाइट ऑर्किड, लाल गुलाब, तुलसी दल, पीला गेंदा, मॉर्गन फुल की मालाओं से सुसज्जित कर बाबा श्याम को नवीन पोशाक पहनाया गया। भक्तों ने महाआरती उतार, श्रद्धा अर्पित की। मुख्य यजमान बलवंत लाल, सुमन कुमारी नीलमणि ने नवीन पोशाक की सेवा मनीष सिंघानिया ने पंचमेवा भोग अर्पण किया। सुबह से पूर्वाह्न बाद तक भक्तों का तांता सा लगा रहा। उपाध्यक्ष श्रवण ढांढनिया ने दर्शनार्थियों के बीच प्रसाद बांटा। महामंत्री गौरव अग्रवाल, विमल मुरारका, प्रताप मोदी, संजीत चौधरी, दिनेश अग्रवाल, कौशल चौधरी, प्रमोद सिंघानिया आदि मौके पर उपस्थित थे। गौरव ने बताया कि अब शनिवार को मंदिर परिसर में शाम चार बजे से साप्ताहिक भंडारा चलाया जायेगा। प्रसाद रूप में स्वादिष्ट व्यंजन बांटे जायेंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से इसमें भाग लेने की अपील की है।

# धर्म जीवन जीने की सच्ची साधना है: सुतीर्थ सागरजी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** दिगंबर जैन मंदिर में गुरुवार को सुबह सवा आठ बजे धर्म सभा हुई। श्रावकों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए मुनिश्री सुतिर्थ सागर जी ने ज्ञान-ध्यान की बाते बतायी। कहा कि धर्म केवल पूजा नहीं, बल्कि जीवन जीने की सच्ची साधना है। उन्होंने श्रावक और मुनि दोनों के कर्तव्यों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि सभी को आत्मा के उत्थान के लिए स्वाध्याय, संयम और सेवा को जीवन का अंग बनाना चाहिए। उन्होंने अपने गुरु आचार्य के उपदेशों का उल्लेख करते हुए अपनी बातों को और भी स्पष्ट किया। मुनि श्री ने कहा की देव शास्त्र गुरु का समागम बहुत ही पुण्यशाली लोगों को प्राप्त होता है, जो इसका लाभ ले पाता है वह निश्चित ही बहुत पुण्यवान है। आज के दौर में लोग दिखावा बहुत करते हैं। मुनिश्री सुतिर्थ सागर जी ने नरतन की महिमा का उल्लेख करते हुए मनुष्य जीवन को सर्वोपरि बताया। कहा कि जिनेंद्र भगवान की भक्ति और जिनालयों से दूर रहकर मनुष्य का कल्याण संभव नहीं है। जैनागम में देव ,शास्त्र और गुरु का बड़ा महत्व है। अध्यक्ष प्रदीप बाकलीवाल, मीडिया प्रभारी राकेश काशलीवाल,मंत्री जीतेन्द्र छाबड़ा ,टिकमचंद छाबड़ा, सुबोध बड़जात्या, मनोज काला, अंकित शास्त्री, कैलाश चूड़ीवाल सौरभ विनायक्या ,राजेश छाबड़ा, पूर्व अध्यक्ष पूरणमल सेठी, वर्तमान कार्यकरिणी के सदस्यों और बाहर से आए अतिथिगण के अलावा बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने धर्म सभा का लाभ उठाया। मंगलाचरण श्वेता काशलीवाल ने किया। बाहर से आए अतिथि और भक्तगणों ने मुनिश्री को श्रीफल भेंटकर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। राकेश काशलीवाल ने बताया कि पारसनाथ से खंडगिरी उदयगिरी विहार के क्रम में 108 सुतीर्थ सागर जी महाराज यहां पधारे हैं।

## नीतीश के शपथ ग्रहण समारोह में सुदेश भी रहे मंच पर

# बिहार की प्रचंड जीत का दूरगामी असर पड़ेगा झारखंड पर : सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नीतीश कुमार के 10वें शपथ ग्रहण समारोह में आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो शामिल हुए। उन्होंने शपथ ग्रहण के बाद नीतीश कुमार से मुलाकात कर बधाई भी दी। उनके साथ मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि बिहार में एनडीए की प्रचंड और ऐतिहासिक जीत का दूरगामी असर झारखंड की राजनीति पर पड़ेगा। जनादेश ने साबित कर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व पर जनता ने पूर्ण भरोसा जताया है। जनता ने डबल इंजन की सरकार को फिर से जनादेश दिया है ताकि बिहार का दुगुनी गति से विकास हो। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने इतिहास बनाया है। **सम्राट चौधरी ने किया स्वागत :** समारोह स्थल पहुंचने पर आजसू प्रमुख सुदेश महतो का स्वागत भाजपा नेता एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया और मंच पर लेकर गये। मंच पर सुदेश महतो की असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा समेत अन्य एनडीए नेताओं के साथ भी मुलाकात हुई।

# नेहा महतो ने बिरसा मुंडा एकेडमी के तीरंदाजों का किया अभिनंदन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 16वीं झारखंड राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में 26 पदक जीतकर 9वीं बार ओवरऑल चैंपियन बनी बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी, सिल्ली के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने झारखंड तीरंदाजी संघ की उपाध्यक्ष एवं झारखंड ओलंपिक संघ की वरीय उपाध्यक्ष श्रीमती नेहा महतो से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। श्रीमती महतो ने सभी खिलाड़ियों का अभिनंदन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी, सिल्ली ने राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत पहचान बनायी है। यह खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के कठिन परिश्रम, समर्पण की बदौलत हो पाया है। उन्होंने कहा कि खेल तथा खिलाड़ियों के संरक्षण एवं कल्याण के लिए वह हमेशा कृत संकल्प रहेंगी। इस अवसर पर रांची जिला तीरंदाजी संघ के सचिव चंचल भट्टाचार्य, कोच प्रकाश राम, शिशिर महतो और रोहित भारद्वाज भी उपस्थित रहे।

# छोटानागपुर विधि महाविद्यालय में तीन दिनी प्रतियोगिता आज से

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** छोटानागपुर विधि महाविद्यालय में शुक्रवार से तीन दिनी नेशनल मुट कोर्ट प्रतियोगिता 2025 की शुरुआत होगी। हाइकोर्ट के न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय बतौर मुख्य अतिथि शुक्रवार शाम 5:00 बजे इसका विधिवत उद्घाटन करेंगे। स्टेट बार काउंसिल रांची के चेयरमेन राजेंद्र कृष्णा गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में हिस्सा लेंगे। साथ ही झारखंड सरकार के पूर्व महाधिवक्ता आरएस मजूमदार, अतिरिक्त महाधिवक्ता सचीन कुमार, जय प्रकाश, चीफ पेटरोन डॉ डीके सिंह, कुलपति रांची विवि इसमें विशेष अतिथि के रूप में भागीदारी निभायेंगे। प्रतियोगिता में कर्नाटका, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उतराखंड आदि राज्यों के विधि महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों के 34 टीमों ने भाग लिया है। प्रो डॉ पंकज कुमार चर्तुवेदी ने बताया कि 23 नवंबर को समापन समारोह शाम 4:00 बजे से होगा। हाईकोर्ट के नयायाधीश संजय कुमार द्विवेदी इसमें बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लेंगे। न्यायाधीश दीपक रौशन गेस्ट ऑफ ऑनर और पूर्व न्यायाधीश एसएन पाठक, एडवोकेट एसोसिएशन की प्रेसीडेंट रितु कुमार आदि विशेष अतिथि के रूप में मौके पर मौजूद रहेंगे।

# शारदा फाउंडेशन ने बांटा कंबल

**रांची (आजाद सिपाही)।** शारदा फाउंडेशन, कांके की ओर से गुरुवार को जरुरतमंदों के बीच कंबल बांटा गया। संस्था के दीपक बंका ने बताया कि कांके क्षेत्र में ठंड निरंतर बढ़ता ही जा रही है। शहरी क्षेत्रों के मुकाबले कांके के ग्रामीण क्षेत्र में ठंड ज्यादा होती है। आर्थिक रूप से कमजोरों को शर्दी के प्रकोप से बचने के लिए यह कदम उठाया गया है। उनहोंने बताया कि बाढ़ूग्राम की महिला, पुरुष और बुजुर्गों ने कंबल पाकर खुशी जाहिर करते हुए फाउंडेशन के सदस्यों की सराहना की। दीपा बंका, बाढ़ू मुखिया सुनीता देवी, पूर्व मुखिया रामेश्वर महली, शहदेव मुंडा, पंकज बंका आदि ने इसमें खास तौर से भागीदारी निभायी।

# डॉ अनिल ने बांटे कंबल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** समाजसेवी और भाजपा के युवा नेता डॉ अनिल कुमार ने गुरुवार को आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के बीच कंबल बांटा। कुमार ने बताया कि सर्द मौसम को देखते हुए इस वर्ष भी यह कदम उठाया है। मोराबादी इलाके में नगर निगम की सफाई कर्मियों को कंबल दिया गया है। उन्होंने बताया कि आगे भी यह सेवा जारी रखेंगे।

# हवन के साथ हनुमान चालीसा पाठ की पूर्णाहुति



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्रीश्री बालाजी महाराज का अखंड सवालाख हनुमान चालीसा पाठ गुरुवार को हवन के साथ संपन्न हो गया। गुजराती पटेल भवन, लालपुर में सुबह 7 बजे पूजन-आरती से शुरुआत हुई। मुख्य यजमान अनिल अग्रवाल, पत्नी शोभा अग्रवाल और अरविंद सिंह ने सपत्नीक पूजन कर बाला जी महाराज की आरती उतारी। इसके बाद आसनसोल से आए पंडित दिलीप शास्त्री जी के सान्निध्य में श्रद्धालुओं ने पूर्णाहूति हवन में हिस्सा लिया। मंगल कामना से यज्ञाहुति अर्पित की। बाद में श्रीराम कथा पर प्रवचन देते हुए अयोध्या से आए दिलीप दास त्यागी ने भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक तक के प्रसंगों पर विस्तार से प्राकश डाला। श्रीश्री नरसिंह बांध बालाजीधाम बर्नपुर से आए संतोष भाई ने श्रद्धालुओं को अशीर्वाद देते हुए संकट से छुटकारे का मूल मंत्र दिया। कहा कि संकट निवारण के लिए हनुमान चालीसा पाठ से बेहतर कोई पाठ नहीं हो सकता। मुख्य यजमान अशोक धानुका ने महाराज जी का चंदन-वंदन कर आशीर्वाद लिया। विनोद कुमार अग्रवाल ने बताया कि आठ दिनों में श्रद्धालुओं ने 1.40 लाख से अधिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। अजय जैन, संतोष अग्रवाल,अशोक मंगल, रितेश पांडेय, विनोद कुमार पांडेय ने इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया।

## 23 नवंबर को चांद गांव में आयोजित प्रार्थना सभा में मारपीट की आशंका

# प्रशासन पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था करे : प्रवीण कच्छप

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटीज फ्रंट के महासचिव प्रवीण कच्छप ने कहा कि 23 नवंबर को चांद गांव में इसाई समुदाय का चर्च में प्रार्थना सभा है। इसमें जनजाति सुरक्षा मंच के लोग मारपीट कर सकते है। चर्च पर तोड़फोड़ की कोशिश की जा सकती है। समाज में अराजकता फैलाने की कोशिश हो रही है और इसाई धर्म को लेकर लोगों में भ्रम फैलाए जा रहे हैं और नफरत का नैरेटिव खड़ा कर रहा है। उक्त बातें गुरुवार को प्रवीण कच्छप ने रांची के रांची प्रेस क्लब में ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटीज फ्रंट और महाभिषेक चर्च के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कही। कार्यक्रम में चांद गांव के चर्च कमेटी और ग्रामीण शामिल हुए। प्रवीण कच्छप ने कहा कि आदिवासी समाज अपने धर्म को मानने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन जनजाति सुरक्षा मंच आदिवासी मुद्दों से जुड़ा संगठन नहीं है। वे सिर्फ समाज में अराजकता फैलाने की कोशिश करते हैं। आदिवासी और ईसाई समाज को बांटने का प्रयास करते है। दोनों समुदाय के बीच नफरत फैलाए जा रहे है। महाभिषेक चर्च कमेटी के अध्यक्ष अतुल केरकेट्टा ने कहा कि चर्च में होने वाली प्रार्थना सभा में लोग स्वेच्छा से आते जाते है। लेकिन कुछ तत्व शांति भंग करने की कोशिश में लगे हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि 23 नवंबर से पहले और उस दिन विशेष सुरक्षा की व्यवस्था की जाये, ताकि किसी भी तरह की अराजक घटना को रोका जा सके। इस मौके पर डॉ सुनील कच्छप, राजेश कच्छप, इजराइल नाग, महावीर उरांव, बिनय बारला, निर्मल कंडुलना, संदीप कच्छप, सनिका नाग, शंकर लोहरा, पतरस तिर्की सहित अन्य मौजूद थे।

# एडमिशन को लेकर आजसू ने कुलसचिव को घेरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू ने गुरुवार को रांची विवि के कुलसचिव (रजिस्ट्रार) और छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष डीडब्लूएस का घेराव किया। प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने बताया कि टीआरएल डिपार्टमेंट में रांची विवि के नोटिफिकेशन के बाद भी एचओडी गीताश्री एनइटी, जेआरएफ के छात्रों का नामांकन नहीं ले रही। विश्विद्यालय के आदेश का अनुपालन न कर मनमानी कर रही है। साथ ही रांची विमेंस महाविद्यालय और रामलखन सिंह यादव कॉलेज में एनइपी ने 4 साल के लिए एडमिशन लिया था, लेकिन महाविद्यालय में 3 साल की पढ़ाई करवाने की बात कही जा रही है। छात्र हित को लेकर घेराव किया गया है। उन्होंने बताया कि बाद में रजिस्ट्रार और डीएसडब्लू से वार्ता हुई। आश्वासन दिया गया कि इसको लेकर अविलंब एनइपी की बैठक बुलायी जायेगी। समस्याओं को दूर किया जायेगा। टीआरएल की समस्या का समाधान भी विश्विद्यालय करेगी। कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो, वरीय उपाध्यक्ष ऋतुराज शाहदेव,अमन साहू, रवि रोशन,राज , प्रियांशु,अमन रोहित महतो, प्रताप सिंह आदि ने घेराव में खास तौर से हिस्सा लिया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW



## झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की नयी केंद्रीय कमेटी घोषित

# महेश्वर साहू फिर से केंद्रीय अध्यक्ष बने

**20 दिसंबर को रजरप्पा में सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की 71 सदस्यीय केंद्रीय कमेटी की घोषणा कर दी गयी है। गुरुवार को केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने रांची स्थित होटल आलोका सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में इसकी जानकारी दी।

महेश्वर साहू ने कहा कि वैश्य मोर्चा राज्य में निवास करने वाले 40 प्रतिशत आबादी वाले वैश्य समाज का अग्रणी संगठन है। जब कोई नेता, विधायक, सांसद और दल इतनी बड़ी आबादी की समस्याओं को अनसुनी कर देता है तो वैश्य मोर्चा उनकी आवाज बनती है।

उन्होंने कहा कि 7वां स्थापना दिवस के बाद केंद्रीय कमेटी का पुनर्गठन किया जा रहा है, ताकि नये, सक्रिय और समर्पित सदस्यों को आगे बढ़ाया जा सके। 75 सदस्यीय केंद्रीय समिति में 4 विभिन्न पद रिक्त भी रखे गये हैं। जबकि जिलाध्यक्षों और प्रकोष्ठ संगठनों की घोषणा 7 दिसंबर को किया जायेगा। सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण आगामी 20 दिसंबर को रजरप्पा में कराया जायेगा।

केंद्रीय कमेटी के पदाधिकारी में **केंद्रीय अध्यक्षः** महेश्वर साहु, **कार्यकारी अध्यक्षः** रेखा मंडल, हीरानाथ साहू, अनंतलाल विश्वकर्मा को बनाया गया। **वरीय उपाध्यक्षः** रामसेवक प्रसाद अधिवक्ता, अश्विनी साहु, संजीव चौधरी, सहदेव चौधरी, सुरेश साहु, कलन साव, शिवपूजन साहू को बनाया गया। **केंद्रीय उपाध्यक्षः**योगेंद्र प्रसाद, प्रमोद चौधरी, लक्ष्मण साहु, परशुराम प्रसाद, प्रेमशंकर भगत, दिनेश्वर साहु, लखन अग्रवाल, दिनेश्वर मंडल, राजन चौधरी को बनाया गया। **प्रधान महासचिवः**वीरेंद्र कुमार को बनाया गया। उप-प्रधान महासचिव सह प्रवक्ता उपेंद्र प्रसाद, अशोक गुप्ता को बनाया गया। **केंद्रीय महासचिवः**आदित्य नारायण प्रसाद, दिलीप प्रसाद, कपिल प्रसाद साहू, रामेश्वर मंडल, विष्णु मंडल, शिव प्रसाद साहू, रामाशंकर राजन, चतुर साहु, रोहित शारदा को बनाया गया। **केंद्रीय संगठन महासचिवः**कृष्णा प्रसाद सागू, अनिल वैश्य, जगदीश साहू, मनोज कुमार को बनाया गया। **केंद्रीय सचिवः**गुड्डू साहा, शिवनंदन प्रसाद, सुमन जायसवाल, विनोद कुमार गुप्ता, राजेंद्र साहु को बनाया गया। **केंद्रीय संगठन सचिवः** नंदकिशोर भगत, राजाराम प्रसाद, मुरलीधर प्रसाद, लगनू साहू, संजय कुमार साहु को बनाया गया। कोषाध्यक्षः राजेंद्र प्रसाद साहू को बनाया गया। मीडिया प्रभारीः राहुल कुमार साहू बने। कार्यकारिणी सदस्य में इंदु भूषण गुप्ता, डॉ. अरविंद कुमार, फौजी विजय कुमार, महावीर साहु, नरेश साहू, महेंद्र प्रसाद साहु, रेणु देवी, हलधर साहु, अधिवक्ता मनोज चौधरी, भुनेश्वर साव, नम्रता सोनी, पूनम जायसवाल, मीनू कुमारी, दीपा रानी कुंज, मुकेश लाल सिंदूरिया, आदित्य पोद्दार, युवराज कुमार, हृदय प्रसाद साहू, प्रेम प्रकाश गुप्ता, पवन कुमार, गीता देवी, श्रीनिवास अग्रवाल और हरिदास साब शामिल हैं।




# सीएमपीडीआइ में 51वां सीआइएल और सीएमपीडीआइ स्थापना दिवस समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मिनी रत्न कंपनी सीएमपीडीआइ ने गुरुवार को संस्थान के खेल मैदान में 51वां कोल इंडिया एवं सीएमपीडीआइ स्थापना दिवस समरोह पूरे उत्साह के साथ मनाया। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और कॉरपोरेट गीत के गायन से हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने अपने संबोधन में कहा कि 50 वर्ष पूरे करना कोल इंडिया और सीएमपीडीआइ के लिए एक असाधारण उपलब्धि है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उच्च-गुणवत्ता वाला अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) और निरंतर नवाचार ने सीएमपीडीआइ की इस उपलब्धि को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। उन्होंने उस तत्परता और समर्पण की भी सराहना की जिसके साथ सीएमपीडीआइ अपने स्थापना के बाद से देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष और विशिष्ट अतिथि एनसी झा ने सीएमपीडीआइ के योगदान की प्रशंसा की और संस्था द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी को अधिक प्रभावी ढंग से अपनाने और उभरते परिदृश्य में प्रासंगिक बने रहने के लिए अपनी सेवाओं में विविधता लाने की आवश्यकता पर बल दिया। सीएमपीडीआइ के पूर्व अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने कहा कि सीएमपीडीआइ को अपनी सेवाओं को राष्ट्र के विकसित भारत के दृष्टिकोण और उसके नेट-जीरो लक्ष्यों के अनुरूप बनाना होगा। उन्होंने आगे कहा कि सीएमपीडीआइ देश की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है। सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) एवं इसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक सतीश झा ने अपने संबोधन में पिछले एक वर्ष में सीएमपीडीआइ की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कहा कि तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में प्रासंगिक बने रहने के लिए, सीएमपीडीआइ को अब कोयले के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से विविधता लानी होगी।



# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बरियातू-बालूमाथ मार्ग पर बरनीके पास कुलदीप गंझू नामक युवक की अनियंत्रित हाइवा वाहन की चपेट में आकर दर्दनाक मृत्यु हो गयी। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने बालूमाथ थाना चौक स्थित एनएच 22 को घंटों जाम कर दिया। जिससे रांची-चतरा मुख्य मार्ग से आने जाने वाले वाहनों की दो किलो मीटर दूर तक लम्बी कतार लगी रही। जाम को देखते हुए बालूमाथ सीओ बालेश्वर राम साहु, पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद विरूवा, थाना प्रभारी अमरेन्द्र कुमार जाम स्थल पहुंच कर मृतक परिजनों और जामकर्ताओं से बातचीत कर जाम हटवाया तथा थाना प्रभारी अमरेन्द्र कुमार ने मृतक की दाह-संस्कार करने के लिए उनके आश्रितों को बीस हजार रुपये दिये। घटना पर जिला परिषद उपाध्यक्ष लातेहार, अनीता देवी ने गहरा दुःख और संवेदना व्यक्त की है और प्रशासन से मांग की है कि बालूमाथ क्षेत्र में 'नो एंट्री' तत्काल प्रभाव से लागू की जाये।

# लुटियातरी गांव में अवैध विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** उत्पाद अधीक्षक, देवघर के निर्देशानुसार अवैध शराब के चौर्य व्यापार पर रोक लगाने के लिए विशेष छापामारी अभियान चलाया गया।

इसी क्रम में रिखिया थाना क्षेत्र के लुटियातरी गांव में एक घर पर छापेमारी की गयी, जहां से अवैध विदेशी शराब निर्माण की मिनी फैक्ट्री का खुलासा हुआ।

छापामारी के दौरान फैक्ट्री में अवैध रूप से शराब के निर्माण और उससे जुड़े चौर्य व्यापार में संलिप्त व्यक्ति फरार पाया गया। विभाग द्वारा आरोपी की पहचान कर ली गयी है तथा उसके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। टीम द्वारा मौके से बड़ी मात्रा में अवैध शराब और निर्माण सामग्री जब्त की गयी, जिसका विवरण इस प्रकार है–1. अवैध विदेशी शराब - 38.100 लीटर 2. अवैध स्प्रिट - 15.00 लीटर 3. विभिन्न ब्रांड के खाली बोतल - 300 पीस 4. विभिन्न ब्रांड के कॉर्क एवं ढक्कन - 100 पीस 5. विभिन्न ब्रांड के लेबल स्टिकर (फ्रंट एवं बैक) -200 पीस 6. केरामेल - 2 लीटर 7. खाली जार - 70 पीस 8. खाली स्टील जार - 1 पीस उत्पाद विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार पर एक बड़ी रोक लगी है। विभाग ने आगे भी ऐसे अभियानों को जारी रखने की बात कही है।



## एक आरोपी गिरफ्तार

**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** नगर के परशुराम कॉलोनी में हुए चोरी कांड संख्या 175/25 दिनांक 16/11/25 का पुलिस ने खुलासा करते हुए गहना चोरी करने वाले एक सदस्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, इंद्र पासी नामक आरोपी ने मुरारी प्रसाद के घर में घुसकर गहनों के साथ नकदी की चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

# आइटीडीए निदेशक ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण



**छात्राओं को विद्यालय से निकाले जाने के मामले में जांच के लिए पहुंचे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई के द्वारा गुरुवार को एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बरवाडीह का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण विद्यालय में अध्ययनरत आठवीं कक्षा की तीन छात्राओं–निशु कुमारी, सपना कुमारी एवं प्रियांशु कुमारी–को डायन-बिसाही, भूत-प्रेत, झाड़-फूंक एवं तंत्र-विद्या जैसे मनगढ़ंत और आधारहीन आरोपों के आधार पर विद्यालय से बाहर कर देने की सूचना प्राप्त होने के बाद किया गया। निरीक्षण के क्रम में आइटीडीए निदेशक ने मामले की गंभीरता से जांच की।

तीनों छात्राओं से विस्तृत रूप से बातचीत की गयी तथा उनका काउंसलिंग भी कराया गया। उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि तंत्र-विद्या या किसी प्रकार की अलौकिक गतिविधि जैसी कोई बात सत्य नहीं पायी गयी। आइटीडीए निदेशक ने विद्यालय प्राचार्य को कड़े शब्दों में निर्देशित किया कि विद्यार्थियों के पठन-पाठन एवं संरक्षण से संबंधित किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। भविष्य में ऐसी किसी भी घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए विद्यालय प्रशासन पूरी जिम्मेदारी से कार्य करे। छात्र-छात्राओं की सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता सुनिश्चित हो। आइटीडीए निदेशक ने कहा कि आधारहीन मान्यताओं के आधार पर किसी भी बच्चे के साथ भेदभाव करना गंभीर लापरवाही है, और ऐसे मामलों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। महत्त्वपूर्ण रूप से, तीनों बच्चियों ने आज से पुनः विद्यालय ज्वाइन कर लिया है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी बरवाडीह रेशमा रेखा मिंज, विद्यालय के शिक्षक एवं छात्राओं के परिजन मौजूद थे।

## भोंदल गांव में हुई बाइक चोरी की घटना का उद्भेदन

# पुलिस ने दो चोरों को पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज/चतरा।** थाना क्षेत्र के भोंदल गांव से सोमवार बीते रात्रि हुई आर15 बाइक की चोरी की घटना का उद्भेदन हो चुका है। बिहार के गया जिले के डोभी थाना क्षेत्र के करमौनी गांव से पुलिस ने भोंदल से हुई चोरी की बाइक के साथ 2 आरोपियों को भी दबोच लिया है। हालांकि दो शातिर चोर आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। बताया जाता है कि आरोपियों को ग्रामीणों ने जमकर धुनाई भी की है। बाइक चोरी की घटना से बिहार व झारखंड की पुलिस परेशान हो चुकी है। चोरी की बाइक को चोर अधिकतर अवैध धंधे में उपयोग करते हैं। जिससे पुलिस के लिए एक अलग सी सिरदर्द पैदा कर रही है। ज्ञात हो कि हंटरगंज थाना क्षेत्र के भोंदल गांव से बीते सोमवार रात्रि आर15 बाइक जिसकी रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 13 एच 7763 चोरी करके उसी बाइक के माध्यम से झारखंड - बिहार सीमावर्ती डोभी थाना क्षेत्र के करमौनी गांव में भी आरोपियों के द्वारा दूसरे चोरी का प्लान किया जा रहा था। इस दौरान पाप का घड़ा भर के फूटा। ग्रामीणों को आहट सुनाई दी, लेकिन इसी बीच गांव के कुछ लोगों की नजर उन आरोपियों पर पड़ गयी। ग्रामीणों ने दो को पकड़ लिया और जमकर धुनाई कर दी। वहीं दो आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहें। मौजूद लोगों ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया और उनकी पिटाई करने लगे। इधर इसकी खबर 112 डायल को मिली जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को ग्रामीणों के चुंगल से छुड़ाया और डोभी थाने ले लायी। बाइक की पहचान के लिए पुलिस ने भोंदल गांव निवासी बाइक ऑनर सौरभ कुमार को बुलाया और पहचान करवाई। बाइक ऑनर ने चोरी की बाइक को अपनी बाइक होने की बात कही। पुलिस की पूछताछ के क्रम में मोटरसाइकिल चोर आरोपियों ने अपना नाम आकाश और प्रकाश जहानाबाद जिला का रहने वाला बताया है। उक्त जानकारी बाइक ऑनर सौरभ कुमार ने दी है।



Before, The Executive Magistrate, Ranchi

AFFIDAVIT

I, Ajay Kumar, age 33 years S/o Kameshwar Singh R/o Flat No.103 Survi Apartment, South Office Para Doranda, P.O.+ P.S. Doranda, District Ranchi, State of Jharkhand. Pin code 834002, Aadhar No. 3060 5922 9433 as I.D. Proof do hereby solemnly affirm on oath and declare that the statements made below are true to my knowledge and belief. 1. That I am Indian National by Birth. 2. That I am residing at above mentioned address. 3. That the name of my son has been mentioned in Aadhar No. 5969 0507 1857 as Anish Kumar. His Date of Birth is 27.01.2020. 4. That now I want to change the name of my son as Amritanshu Kumar instead of Anish Kumar in his Aadhar No.5969 0507 1857. 5. That now my son will be known and called in the name of Amritanshu Kumar in place of Anish Kumar.

Sl. No-5228, Date- 20.11.2025

पूर्व मध्य रेल

ई–खुली निविदा सूचना

ई खुली निविदा संख्या–एसजी–डब्ल्यू–डीडीयू–ओटी–01–2025–26 (टू पैकेट सिस्टम)

मुहरबंद निविदाएं भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से सक्षम एवं अनुभवी ठेकेदारों द्वारा निम्नलिखित कार्य निष्पादन हेतु आमंत्रित किया जाता है।

**क्र.सं i), विवरणः कार्य का नाम एवं स्थान और कार्य करने की अवधि : टिप्पणी :** प्रोविजन ऑफ ऑटोमेटिक ब्लाक सिगनलिंग सिस्टम बिटविन सोननगर (एसईबी) एंड गढ़वा रोड–(जीएचडी) (एक्सक्लूसीव) सेक्शन इन डी०डी०यू० डिविजन **(92.79 Km)**। सेक्शन– पं० दीन दयाल उपाध्याय डीविजन, कार्य पूर्ण करने की अवधि–18 (अठारह) महीना।, **ii) अनुमानित लागत :** रूपये 111,47,68,612.35 (रूपये एक सौ ग्यारह करोड़ सैतालीस लाख अरसठ हजार छः सौ बारह एवं पैसे पैतीस मात्र), **iii) बिड सिक्युरिटी (अग्रधन) जो जमा करना हैः** रूपये 57,23,900.00/– (रूपये संतावन लाख तेइस हजार नौ सौ मात्र)।, **iv) निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 19.12.2025 अपराहन 12.00 तक, **खोलने की तिथि एवं समयः** 19.12.2025 अपराहन 12.30 तक, **v) संबंधित वेबसाईट जहाँ से निविदा का पूर्ण विवरण, इत्यादि देखा जा सकेः संबंधित वेबसाईट www.ireps.gov.in पर सभी सूचनाए उपलब्ध है।**

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य)
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/1316/डीडीयू/एसएण्डटी/टी/25–26/36

# बिजली तार चोर गिरोह का खुलासा, चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** भंडरा पुलिस ने बिजली के तार चोरी के एक गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी किये गये सामान भी बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों में तौसीफ मलिक, शेख फहीम, शेख सहमल एवं शेख तैफुल उर्फ पप्पू शामिल है। सभी रांची जिला के बेड़ो थाना क्षेत्र के चचकोपी के निवासी हैं। यह चोरी दिसंबर 2024 मे बेदाल टंगरा टोली से सेगराटोली के बीच चार किलोमीटर के पोल के तार की चोरी की थी। पुलिस को जानकारी मिलने के बाद थाने में मामला दर्ज कर अभियुक्तों की तलाश शुरू की गई थी।मामले को लेकर भंडरा थाना प्रभारी रवि रंजन ने बताया कि एसआई शाकिर अली नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें एएसआइ सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बीती देर रात बेड़ो थाना क्षेत्र के चच कोपी गांव में मालिक होटल में चारो आरोपी लूट कि अन्य घटना कि रणनीति बना रहे है। उसी दौरान पुलिस ने चारो आरोपियों को गिरफ्तार किया। साथ ही बताया कि विगत 16 दिसंबर 2024 को कनीय विद्युत अभियंता के द्वारा मामला दर्ज कराया गया था। भंडरा थाना में कांड संख्या 72/24 धारा 303 (2) बीएनएस दर्ज है इसके तहत भंडरा पुलिस ने चारों आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# महाविद्यालय में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**छात्रों के मानसिक विकास के लिए शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन जरूरी : रत्ना पांडे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ महाविद्यालय में आइक्यूएसी के तत्वावधान में गुरुवार को क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सभी विषय के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्राओं को मिलाकर 6 ग्रुप बनाया गया। इन ग्रुप के नाम झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों सिदो-कान्हू, तिलका मांझी, नीलांबर-पीतांबर, बुद्धू भगत, सिनगी और कैईली दई और फूलो-झानो के नाम पर रखा गया।



मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रत्ना पांडे ने कहा कि महाविद्यालय समय-समय पर छात्र-छात्राओं के मानसिक विकास के लिए कई तरह के शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन करवाता रहा है। उनमें से एक क्विज कंपटीशन भी है। जिसके द्वारा स्टूडेंट्स को अपने राज्य, देश और अपने विषय से गहराई से परिचित कराना है। क्विज के शुरूआत में डॉ रोज उरांव ने ग्रुप के परिचय के साथ ग्रुप के नाम का एतिहासिक परिचय दिया। प्रो विजेता तिग्गा, डॉ शाहनवाज खान, डॉ महेन्द्र पांडे ने क्विज कंपटीशन में जज के रूप में और डॉ बलवंती मिंज ने टाइमर के रूप में अपनी भूमिका निभाई। प्रो. प्रेम और प्रो मोहित ने क्विज कंपटीशन को सफलतापूर्वक संचालित किया। डॉ. प्रीति कमल और डॉ. मालिनी डीन ने पूरी कार्यक्रम के निर्देशन में अपनी अहम भूमिका निभाई।

**प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर किया गया उत्साहवर्धन :** क्विज कंपटीशन में प्रथम स्थान तिलका मांझी ग्रुप ने प्राप्त किया, जिसकी प्रतिभागी पायल, प्रीति, नूतन, डोली, इतु, पुष्पा और अरसला थीं। रनर अप का स्थान सिनगी दई और कैइली दई ग्रुप को मिला। समस्त प्रतिभागियों को पुरस्कार में कलम देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में प्रो साजिद, अजय, देवेंद्र सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

रांची मंडल में ई-नीलामी आमंत्रण सूचना

**अधिसूचना संख्या: सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2025 दिनांक: 18.11.2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा रांची मंडल में ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। कैटलॉग को आईआरईपीएस वेबसाइट पर पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण निम्नलिखित अनुसार हैं: **क्र.सं.** 1। **श्रेणी:** पे एंड यूज़। **कैटेलॉग सं.:** आरएनसी पे एन यूज़ 29। **परिसंपत्ति का विवरण:** रांची मंडल के हटिया स्टेशन पर पे एंड यूज़ शौचालय के परिचालन और प्रबंधन के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 26.11.2025 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 26.11.2025 को सुबह 11.00 बजे। **क्र.सं.** 2। **श्रेणी:** विज्ञापन। **कैटेलॉग सं.:** आरएनसीएडीवीटी 42। **परिसंपत्ति का विवरण:** रांची मंडल में वाणिज्यिक प्रचार अनुबंधों (08 अदद आउट ऑफ होम, 3 अदद स्टेशन के अंदर, ट्रेन इंटीरियर-07, ट्रेन एक्सटीरियर-10) के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 29.11.2025 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 29.11.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **क्र.सं.** 3। **श्रेणी:** एटीएम। **कैटेलॉग संख्या:** आरएनसीएटीएम42। **परिसंपत्ति का विवरण:** रांची मंडल में एटीएम के लिए 06 अदद परिसंपत्तियों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 29.11.2025 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 29.11.2025 को सुबह 11.20 बजे। **क्र.सं.** 4। **श्रेणी:** बैटरी चालित कार (विविध स्टैटिक्स)। **कैटेलॉग संख्या:** आरएनसीबीओसी 22। **परिसंपत्ति का विवरण:** रांची मंडल के हटिया में बैटरी चालित कार के परिचालन और रखरखाव के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 01.12.2025 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 01.12.2025 को सुबह 10.30 बजे। **क्र.सं.** 5। **श्रेणी:** प्रमोशनल कियोस्क (विविध स्टैटिक्स)। **कैटेलॉग संख्या:** आरएनसीप्रोमोशनल6। **परिसंपत्ति का विवरण:** रांची रेलवे स्टेशन पर प्रमोशनल कियोस्क के परिचालन और रखरखाव के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 02.12.2025 को सुबह 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 02.12.2025 को दोपहर 12.20 बजे। **क्र.सं.** 6। **श्रेणी:** फूड वैन (विविध स्टैटिक्स)। **कैटेलॉग संख्या:** आरएनसीफूडवैन01। **परिसंपत्ति का विवरण:** पांच वर्षों की अवधि के लिए रांची मंडल में [रांची-07 अदद, हटिया-02 अदद, मूरी-02 अदद, लोहरदगा-01 अदद, पिस्का-01 अदद, अरगोड़ा-01 अदद, बानो-01 अदद, झालदा-01 अदद, सिल्ली-01 अदद, गोविंदपुर रोड-01 अदद (ग्राहकों की सेवा में 24x7)] फूड वैन का निर्माण, परिचालन और रखरखाव। **नीलामी शुरू:** 03.12.2025 को सुबह 11:00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 03.12.2025 को दोपहर 2:20 बजे। **क्र.सं.** 7। **श्रेणी:** पार्किंग। **कैटेलॉग संख्या:** आरएनसीपार्किंग44। **परिसंपत्ति का विवरण:** टांगरबासुली, सुईसा, रामगढ़ कैंट, गोविंदपुर रोड और इटकी में पार्किंग का प्रबंधन। **नीलामी शुरू:** 29.11.2025 को सुबह 10:00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 29.11.2025 को सुबह 11:10 बजे। **द्रष्टव्य:** भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। उपरोक्त उल्लिखित कैटेलॉग के तहत लॉट वार विवरण उपलब्ध हैं।

(PR-863)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रांची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# राहत नहीं, सख्ती चाहिए...

विभिन्न परियोजनाओं को पर्यावरणीय मंजूरी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही फैसले को पलट कर भले केंद्र और राज्य सरकारों को राहत दे दी हो, लेकिन इससे पर्यावरण को राहत नहीं मिलने वाली। क्लाइमेट चेंज के खतरों को देखते हुए अब कठोर निर्णयों की जरूरत है। शीर्ष अदालत के पास भविष्य के लिए नजीर पेश करने का मौका था।

**पुराना आदेश :** सुप्रीम कोर्ट का पहला आदेश 16 मई को आया था। इसके मुताबिक, लगभग 20 हजार करोड़ रुपये के उन प्रॉजेक्ट्स को ध्वस्त करने का आदेश दिया गया था, जिन्हें बनाने से पहले नियमों के मुताबिक पर्यावरणीय मंजूरी नहीं ली गई थी। इन्हें बाद में जुर्माना वसूलने के बाद क्लियरेंस मिली। अब नए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर मई का आदेश वापस नहीं लिया जाता तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।

**छूट कब तक :** तीन जजों की बेंच में शामिल चीफ जस्टिस बीआर गवई का सवाल बिल्कुल वाजिब है कि क्या ऐसी सभी परियोजनाओं को ध्वस्त कर देना और सरकारी खजाने से खर्च किए गए धन को कूड़ेदान में जाने देना जनहित में होगा? लेकिन, यह सवाल भी उठता है कि सार्वजनिक हित के नाम पर सार्वजनिक हित को नुकसान पहुंचाने वाले कामों में कब तक ढील दी जायेगी। इन परियोजनाओं को गिराने से एक बार नुकसान होता। लेकिन इनकी वजह से पर्यावरण को जो क्षति पहुंची, उसका असर शायद कभी कम न किया जा सके।

**आदर्श रूप से 33% भूभाग पर वन या हरियाली होनी चाहिए, लेकिन है लगभग 25%। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच के मुताबिक, 2001 से लेकर अभी तक भारत में 20 लाख हेक्टेयर से ज्यादा हरा-भरा क्षेत्र खत्म हो चुका है, हालांकि इस दौरान पौधारोपण भी खूब हुआ।**

**सबक नहीं :** विकास परियोजनाओं के नाम पर प्रकृति से होने वाली छेड़छाड़ का दुष्परिणाम आर्थिक नुकसान से ज्यादा गंभीर है। देश के हिमालयी राज्य इसका उदाहरण है, जहां इस साल आपदाओं की बारिश हुई या फिर राजधानी दिल्ली और दूसरे महानगर जिनमें सांस लेना लगातार दूभर होता जा रहा है। इसके बाद भी सरकारें और जिम्मेदार संस्थाएं सबक नहीं ले रहीं। ग्रेट निकोबार आईलैंड प्रॉजेक्ट जैसी योजनाएं पर्यावरणविदों को गंभीर चिंता में डालने वाली है।

**हरियाली पर संकट :** आदर्श रूप से 33% भूभाग पर वन या हरियाली होनी चाहिए, लेकिन है लगभग 25%। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच के मुताबिक, 2001 से लेकर अभी तक भारत में 20 लाख हेक्टेयर से ज्यादा हरा-भरा क्षेत्र खत्म हो चुका है, हालांकि इस दौरान पौधारोपण भी खूब हुआ। सुप्रीम कोर्ट के फैसले वाले दिन ही क्लाइमेट चेंज परफॉर्मेंस इंडेक्स भी जारी हुआ और इसमें भारत 13 स्थान फिसलकर 23वें पर पहुंच गया है। इसका सीधा मतलब है कि देश की पर्यावरणीय नीति असर नहीं दिखा रही। ऐसे वक्त में राहत कानून तोड़ने वालों को नहीं, पर्यावरण को चाहिए।

अभिमत आजाद सिपाही

**अपनी 44 साल की विरासत और इस वर्ष की थीम 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के साथ, मेला भागीदार राज्यों, फोकस राज्यों, मंत्रालयों, वैश्विक प्रतिभागियों, एमएसएमई, कारीगरों और स्टार्ट-अप को एक छत के नीचे एकजुट करता है, जो विविधता में भारत की एकता और इसके आर्थिक आत्मविश्वास को दशार्ता है। मेले की विस्तृत रूपरेखा - बहु-उत्पाद हॉल, राज्य मंडप, अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल और एक जीवंत सांस्कृतिक कैलेंडर की विशेषता - एक गतिशील इकोसिस्टयम का निर्माण करती है जहां विरासत, नवाचार और उद्यम का संयोजन होता है।**

# भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला: 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का जीवंत प्रदर्शन

पीआइबी

भारत मंडपम में आयोजित भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला, भारत की सबसे बड़ी और सांस्कृतिक रूप से सबसे स्थिर प्रदर्शनियों में से एक है। अपनी 44 साल की विरासत और इस वर्ष की थीम 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के साथ, मेला भागीदार राज्यों, फोकस राज्यों, मंत्रालयों, वैश्विक प्रतिभागियों, एमएसएमई, कारीगरों और स्टार्ट-अप को एक छत के नीचे एकजुट करता है, जो विविधता में भारत की एकता और इसके आर्थिक आत्मविश्वास को दशार्ता है। मेले की विस्तृत रूपरेखा - बहु-उत्पाद हॉल, राज्य मंडप, अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल और एक जीवंत सांस्कृतिक कैलेंडर की विशेषता - एक गतिशील इकोसिस्टयम का निर्माण करती है जहां विरासत, नवाचार और उद्यम का संयोजन होता है।

**भारत का उसके पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्षेत्र में अवलोकन :** एक आगंतुक के दृष्टिकोण से भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला भारत की सांस्कृतिक और कारीगर विरासत में एक मनोरम यात्रा की तरह दृष्टिगोचर होता है। हम विभिन्नश हॉल के बीच से आगे बढ़ते हुए, देश की भाषाई, कलात्मक और क्षेत्रीय विविधता का आनंद उठाते हैं जो रंग, बनावट और शिल्प में साकार होती है।

**कुल मिला कर आइआइटीएफ कारीगरों को पहचान दिलाता है।**

प्रत्येक मंडप, अपने राज्य - झारखंड में हथकरघा और जनजातीय कला से लेकर उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदर्शित जटिल धातु कार्य और राजस्थान के जीवंत ब्लॉक-प्रिंट- की विशिष्ट पहचान तक रखता है। प्रदर्शनी की रोशनी में शीशे का काम चमकता है, टेराकोटा के सामान गलियारों में सजा है और जनजातीय आभूषण, बांस की कलाकृतियां, जूट का काम तथा हाथ से कढ़ाई वाले कपड़े पीढ़ियों से सहेजे गए हुनर को दिखाते हैं।






आइआइटीएफ के मल्टी-प्रोडक्ट प्रोफाइल में विशेष रूप से दिखाये गये ये हस्तरशिल्पं अपने मोटिफ, तकनीक और माध्यफमों की विविधता से आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं।

पूरे मेले में एक भारत श्रेष्ठ भारत की थीम शक्तिशाली रूप से गूंजती है। राज्य दिवस सांस्कृतिक प्रदर्शन, लोक संगीत, शास्त्रीय कला और कार्यशालाएं एक व्यापक वातावरण का सृजन करती हैं जहां आगंतुक शिल्प, संस्कृति और रचनात्मकता के माध्यम से व्यक्त विविधता में भारत की एकता को देख सकते हैं।

एक मंच जो शिल्प, समुदाय और वाणिज्य को अक्षुण्ण रखता है। एक प्रदर्शक के दृष्टिकोण से, भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला केवल एक वार्षिक प्रदर्शन नहीं है- यह एक ऐसा स्थान है जहां वर्षों का अभ्यास, पारिवारिक परंपराएं और सामुदायिक पहचान विश्व् के समक्ष दृष्टिगोचर होता है। हर स्टाल के पीछे एक गाथा है: सुबह-सुबह करघा का काम, सावधानी से पैक किये गये डिब्बे जो मीलों की यात्रा करते हैं और यह उम्मींद कि एक नया खरीदार दूसरी पीढ़ी के लिए एक कला रूप को बनाये रखने में मदद कर सकता है।

हॉल में बहुत सारे शिल्प समुदायों का ऐसा ही अनुभव रहा। झारखंड के पैटकर कलाकारों ने बताया कि कैसे मेला भारत की सबसे पुरानी स्क्रॉल-पेंटिंग परंपराओं में से एक को पुनर्जीवित करने में मदद करता है, जिससे वे अपने विस्तृत लाइनवर्क के माध्यम से गाथाएं व्यंक्तस करने में सक्षम बनते हैं। बिहार के मधुबनी चित्रकारों ने साझा किया कि आइआइटीएफ उन आगंतुकों के साथ सीधे जुड़ाव में सुविधा प्रदान करता है, जो हाथ से पेंट किये गये काम में निहित सटीकता और प्रतीकवाद की सराहना करते हैं।

कच्छ के पारंपरिक काउबेल निमार्ताओं ने बताया कि समय के साथ उनकी कला कैसे विकसित हुई है। मूल रूप से उन्हें मवेशियों के लिए केवल कार्यात्मक घंटियों के रूप में बनाया गया था, वह शिल्प आज संगीत वाद्ययंत्रों, विंड चाइम्स और सजावटी हैंगिंग तक फैला हुआ है, जो एक ही हाथ से ट्यून की गई ध्वनि को बरकरार रखते हैं। उन्होंने कहा कि आइआइटीएफ उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शकों और आगंतुकों के साथ बातचीत करने की दुर्लभ पहुंच प्रदान करता है।

इसी तरह राजस्थान के जूटी कारीगरों ने रेखांकित किया कि मेला उनके श्रम-गहन चमड़े के शिल्प को बनाये रखता है, खासकर ऐसे समय में जब मशीन से बने जूते बाजारों पर हावी हैं। देशभर के कई हथकरघा कलस्टथरों ने कहा कि आइआइटीएफ उन कुछ प्लेटफार्मों में से एक है जहां जनजातीय बुनाई से लेकर विरासत रेशम तक विविध क्षेत्रीय बुनाई परंपराओं को व्यापक और सराहनीय दर्शकों के सामने प्रदर्शित किया जाता है।

कई प्रदर्शकों के लिए मेले में सहभागिता प्रत्याक्ष रूप से आजीविका सुरक्षा से जुड़ी हुई है। यह कार्यक्रम उन्हें उन खरीदारों से जोड़ता है, जिन तक उनका पहुंचना मुश्किल होता। निर्यातक, संस्थाग्गत खरीदार और परिवार प्रमाणिक हस्तत निर्मित वस्तुउओं के आकांक्षी होते हैं। व्यकवसाय दिवसों और सामान्यउ सार्वजनिक दिवसों का मिश्रण कारीगरों को ऑर्डर पर बातचीत करने, अपने नेटवर्क का विस्तार करने और उन दर्शकों के साथ परस्प्र मिलने सहायता करता है, जो शिल्प कौशल को महत्व देते हैं।

कुल मिलाकर आइआइटीएफ कारीगरों को पहचान दिलाता है। यह उन्हें अपनी कारीगरी के पीछे की प्रक्रियाओं, सामग्रियों और इतिहास के बारे में चर्चा करने में सक्षम बनाता है, जो देश के सांस्कृतिक और रचनात्मक परिदृश्य में उनकी जगह की पुष्टि करता है। जिन समुदायों ने पीढ़ियों से इन शिल्पों को संरक्षित किया है, उनके लिए यह मेला एक यादगार आयोजन है, जहां उनका कौशल आज भी प्रासंगिक है और उनका सम्मान किया जाता है।

**भारत की सांस्कृतिक और आर्थिक गाथा में आइआइटीएफ का व्यापक महत्व :** भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में एक भारत श्रेष्ठ भारत का विचार बड़ी घोषणाओं में नहीं, बल्कि साझा शिल्प कौशल के शांत सामंजस्य में जीवंत होता है। यहां, मधुबनी के रंग ढोकरा की चमक से मिलते हैं, कच्छ की काउबेल की लय असम के बेंत की कोमलता के साथ मिश्रित होती है और तिरुपति की लकड़ी में उकेरी गई कहानियां बिहार की मिट्टी की परंपराओं से रूबरू होती हैं।

इन स्टालों और कोरिडोर में भारत की विविधता समग्र रूप से दृष्टिगोचर होती है। प्रत्येक कारीगर अपनी विरासत का एक अंश, अपनी याददाश्त, अपनी वंशावली लेकर लाता है और उसे एक ऐसे मंच पर रखता है जहां वह एक बड़े राष्ट्रीय मानचित्र का हिस्सा बन जाता है। आगंतुक आते हैं, उनकी आवाज सुनते हैं, सीखते हैं और इन कहानियों के साथ जुड़कर स्वयं उस मानचित्र से जुड़ जाते हैं। जैसे-जैसे मेला अपनी समाप्ति की ओर बढ़ता है यह हमें सदैव याद दिलाता है कि भारत की शक्ति इस सहज संयोजन में निहित है, जहां कई संस्कृतियां, कई भाषाएं, कई हाथ, एक साझा पहचान बनाते हैं।

आइआइटीएफ इस एकता को शांत शालीनता के साथ व्यरक्त, करता है, यह साबित करता है कि जब देश की परंपराएं साथ-साथ खड़ी होती हैं, तो भारत न केवल विविध बल्कि सुंदंरता और शक्ति से युक्तज एक समग्र देश का स्विरूप ले लेता है।

## कोल्हान की खबरें

### गम्हरिया में चुलाइ भट्टी पर छापामारी, एक हजार किलो जावा नष्ट, 35 लीटर महुआ शराब जब्त



**गम्हरिया (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के डीसी नितिश कुमार सिंह के निर्देश पर उत्पाद विभाग की टीम ने गुरुवार को गम्हरिया थाना अंतर्गत ग्राम गांडे डूंगरी में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संचालित एक चुलाई भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। टीम ने मौके से करीब 1000 किलोग्राम जावा नष्ट किया, जबकि लगभग 35 लीटर तैयार महुआ चुलाई शराब को जब्त किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया जिले में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए विभाग द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा सभी संबंधित पदाधिकारियों को विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने और ऐसे तत्वों पर सख्त नजर रखने के निर्देश दिये गये। छापामारी दल में अवर निरीक्षक उत्पाद अखिलेश कुमार, आदित्यपुर अंचल के सौदागर पंडित, सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद बरियार हेंब्रम, गृह रक्षक बल के रंजीत कुमार सहित उत्पाद विभाग की पूरी टीम शामिल रही। टीम की कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया।

### टाटा स्टील ने 10वीं जमशेदपुर हाफ मैराथन के लिए जर्सी और रूट मैप का किया अनावरण



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील स्पोर्ट्स विभाग ने आगामी मैराथन 30 नवंबर को होने वाले टाटा स्टील जमशेदपुर हाफ मैराथन 2025 के लिए आधिकारिक इवेंट टी-शर्ट और सभी रेस श्रेणियों के रूट मैप का अनावरण किया। मैराथन 30 नवंबर को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी।गुरुवार को जीआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स में टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट डी. बी. सुंदरा रामम और चीफ स्पोर्ट्स मुकुल विनायक चौधरी ने धावकों और शहर में विकसित हो रही फिटनेस संस्कृति पर प्रकाश डाला। इस वर्ष की थीम दिल से दौड़ फॉर जमशेदपुर है। कुल 9.2 लाख पुरस्कार राशि के साथ हाफ मैराथन, 10के, 5के और 2के रेस में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले धावकों को सम्मानित किया जायेगा। सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। पंजीकरण www.tatasteelruns.com पर जारी हैं।

चतुर्थ बाल मेला का समापन समारोह, बाल मित्र जिला प्रस्ताव को मिला समर्थन

### हम वस्तु ही नहीं, व्यक्तित्व का भी निर्माण करें : अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** चतुर्थ बाल मेला 2025 के समापन समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने पूर्वी सिंहभूम को बाल मित्र जिला बनाये जाने में सरयू राय के प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने कहा बाल मेला बच्चों में रचनात्मकता, आत्मीयता और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करता है। श्री मुंडा ने कहा हमें केवल वस्तु नहीं, व्यक्तित्व का निर्माण करना है।सात दिनों तक चले मेले में 10 हजार से अधिक बच्चे शामिल हुए और 18 तरह की खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। मेला का उद्घाटन राज्य के वित्तमंत्री के द्वारा किया गया था, जबकि समापन पूर्व सीएम मुंडा ने की। मेला संरक्षक और जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने घोषणा की पांचवां बाल मेला इससे भी भव्य होगा। उन्होंने जमशेदपुर घोषणा पत्र 2025 आम जनता को समर्पित किया, जिसमें शिक्षा, बाल संरक्षण, बाल श्रम-निषेध, बाल विवाह रोकथाम और जोखिमग्रस्त बच्चों की पहचान को प्राथमिकता दी गई है। घोषणा पत्र में पूर्वी सिंहभूम को बाल मित्र जिला घोषित करने के लिए प्रमुख मानक निर्धारित किए गये। बाल मेला में उन्होंने कहा कोई भी बच्चा बाल श्रम में न हो, 14 वर्ष से कम आयु का कोई बच्चा स्कूल से बाहर न रहे,बाल विवाह पूरी तरह प्रतिबंधित रहेकोई भी बच्चा उपेक्षित, बेघर या शोषण का शिकार न हो।मौके पर निर्णायक मंडल, अतिथियों और विजेता बाल वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गया। आयोजन समिति स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट और नेचर फाउंडेशन ने इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।



### नीतीश कुमार को 10वीं बार बिहार का सीएम बनने पर रघुवर दास ने दी बधाई



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** नीतीश कुमार ने गुरुवार को 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने उन्हें, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा तथा सभी नवनियुक्त मंत्रियों को बधाई दी। श्री दास ने कहा एनडीए की नयी सरकार बिहार में स्थिरता, विकास और सुशासन का नया अध्याय लिखेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार राज्य को तेज गति से विकास, आधुनिक बुनियादी ढांचा और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ायेगी।

### आदित्यपुर वार्ड-17 में 1.87 किमी सड़क निर्माण को मिली मंजूरी

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम वार्ड-17 के निवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। डीजी नीतीश कुमार सिंह ने टाटा-कांड्रा सर्विस रोड से जय प्रकाश उद्यान होते हुए लक्ष्य अपार्टमेंट तक पीसीसी सड़क निर्माण की मंजूरी दे दी। परियोजना के पूरा होने से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। सड़क निर्माण के लिए वन विभाग से एनओसी भी प्राप्त कर ली गई है। जिसमें वन भूमि पर अतिक्रमण रोकने, पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने और पौधारोपण जैसी शर्तों का पालन अनिवार्य किया गया। निवर्तमान पार्षद नीतू शर्मा ने डीसी के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे क्षेत्रवासियों की जीत बताया।

### संजीव सरदार ने 38 लाख की आठ योजनाओं का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**पोटका।** विधायक संजीव सरदार ने गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न गांवों में 38 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत आठ विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से विधायक का स्वागत किया। विधायक श्री सरदार ने कहा योजनाओं का चयन ग्रामीणों की मांग और जनहित को ध्यान में रखकर किया गया। ताकि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। उन्होंने ग्रामीणों से 21 नवंबर से 15 दिसंबर तक चल रहे आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम में अधिक से अधिक भाग लेने की अपील की। शिलान्यास की गयी योजनाओं में स्नानघाट निर्माण, पैवर्स ब्लॉक बिछाने, सिंचाई नाला निर्माण सहित आठ आधारभूत ढांचे विकसित करने वाली परियोजनाएं शामिल हैं। मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



### तीन युवक हथियार के साथ गिरफ्तार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** परसुडीह थाना क्षेत्र के खासमहल मुरूम मैदान में छापेमारी कर पुलिस ने तीन आरोपियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में कुल सात लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गयी। गिरफ्तार युवकों में राहुल कुमार, बिट्टू शर्मा और मो शहनवाज शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से दो हथियार और दो मोबाइल बरामद किए। थाना प्रभारी अविनाश कुमार के बयान पर दर्ज मामले में चार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### बिरसानगर जोन नंबर 3 में चोरी मामले में दो गिरफ्तार, आभूषण और नगद बरामद



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बिरसानगर जोन नंबर-03 में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने 48 घंटे में खुलासा कर लिया। पीड़ित अशोक मोर्या के घर से 1.20 लाख रुपये के आभूषण और नगदी चोरी हुई थी। मामले की जांच के लिए बनी एसआईटी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दो युवकों में विकास दास (23) और रोहित गोराई उर्फ भोला (24) को गिरफ्तार कर लिया।दोनों ने अपराध स्वीकार किया और उनकी निशानदेही पर पुलिस ने सोना चांदी के आभूषण, मोबाइल फोन और नकदी की बरामदगी की। थाना प्रभारी संतोष कुमार के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के बाद आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। पुलिस ने इलाके में गश्ती बड़ा दी है।

### हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौत

**हाता (आजाद सिपाही)।** पोटका विधानसभा क्षेत्र के हाता धर्मकांटा के पास तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से राजनगर निवासी बाइक सवार लक्ष्मण महाकुड़ की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने हाता ओडिशा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और शव उठाने नहीं दिया।सड़क जाम से वाहनों की लंबी कतारें लग गयी। यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुची और स्थिति सामान्य करने में जुट गयी। पुलिस ने मौके पर हाइवा को जब्त कर कार्रवाई शुरू कर दी। सड़क दुर्घटना से नाराज ग्रामीणों ने बड़े वाहनों की पार्किंग बंद करने, हल्दीपोखर रेलवे साइडिंग की ओवरलोडिंग रोकने और तेज रफ्तार हाइवा पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

## निकाय चुनाव के लिए विभिन्न बिंदुओं पर पेश प्रतिवेदन की हुई समीक्षा, दिये आवश्यक निर्देश

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी दिनेश यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को नगरपालिका आम चुनाव 2026 की तैयारी के निमित किये गये कार्यों की समीक्षा को लेकर बैठक हुई। जिसमें अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर प्रभाकर मिर्धा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, नगर पंचायत मंझिआंव शैलेश कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर राज कमल सहित नगर मिशन प्रबंधक एवं नगर प्रबंधक आदि उपस्थित रहे। बतातें चलें कि नगरपालिका चुनाव 2026, जिसमें गढ़वा जिला अंतर्गत नगर परिषद गढ़वा, मंझिआंव नगर पंचायत एवं ऊंटारी नगर पंचायत नगर की तैयारी के निमित किए गए कार्यों की समीक्षा के लिए बुलायी गयी बैठक में मुख्य रूप से विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडों यथा मतदान केन्द्र की स्थापना, मतदाता सूची की तैयारी, प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के वार्ड पार्षद के स्थानों के आरक्षण एवं आवंटन, मतपेटिकाओं की उपलब्धता, मतदान कर्मियों की आवश्यकता उपलब्धता एवं प्रशिक्षण, सामान्य-संवेदनशील-अति संवेदनशील मतदान केंद्रों का चिन्हितिकरण, मतदान संपन्न कराने के लिए वाहनों की आवश्यकता एवं उपलब्धता आदि के अलावा अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों के लिए अलग-अलग वज्रगृह एवं मतगणना के लिए उपयुक्त भवन का आकलन एवं चयन आदि कार्यों से संबंधित प्रतिवेदन जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा पेश किया गया। डीसी ने उपरोक्त सभी बिंदुओं की गहनता से समीक्षा करते हुए नगर निकाय चुनाव से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया। साथ ही पूर्व से निर्धारित मतदान केन्द्रों का सत्यापन से संबंधित प्रतिवेदन, नये मतदान केंद्रों का निर्माण से संबंधित प्रतिवेदन एवं मतदान केंद्रों पर बुनियादि सुविधा से संबंधित प्रतिवेदन की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर के छठे दिन 50 मरीजों के दांतों की हुई जांच



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर के कचहरी रोड स्थित जनता डेंटल क्लिनिक में चल रहे निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर के छठे दिन गुरुवार को भी मरीजों की भीड़ रही। सुबह से ही लोग अपने दंत समस्याओं की जांच कराने क्लिनिक पहुंच रहे थे। शिविर में कुल 50 मरीजों के दांतों की जांच की गई। इस दौरान मरीजों को दंत रोगों की रोकथाम, उपचार और साफ-सफाई संबंधी आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया गया। शिविर में दांतों की जांच गढ़वा जिले के प्रसिद्ध दंत रोग विशेषज्ञ डॉ एमएन खान ने की। उन्होंने मरीजों के दांतों की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण कर उचित इलाज की सलाह दी। कहा कि बदलते जीवनशैली और खान-पान की अनियमितता के कारण लोगों में दांतों से संबंधित समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में समय-समय पर जांच कराना बेहद जरूरी है। शिविर में आए मरीजों में दांतों में दर्द, मसूड़ों से खून आना, दांतों में सड़न, पायरिया, पथरी जमना एवं बदबू जैसी समस्याएं प्रमुख रूप से देखने को मिलीं। डॉ एमएन खान ने सभी मरीजों को ब्रश करने का सही तरीका बताया और दिन में दो बार ब्रश करने, मीठे पदार्थ कम खाने एवं नियमित रूप से गुनगुने पानी और नमक से कुल्ला करने की सलाह दी।

## डंडई में जल संसाधन विभाग की जमीन पर कब्जा बरकरार, अभियंताओं ने सौंपा पत्र

**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जल संसाधन विभाग की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर विभाग के अभियंताओं ने गुरुवार को अंचल कार्यालय में पत्र सौंपा है। जलपथ प्रमंडल गढ़वा-2 की ओर से दिए गए इस पत्र में 16 अतिक्रमणकारियों के नाम दर्ज हैं, जिनमें पारसनाथ प्रसाद, सुनील ठाकुर, उदय साह, नानकुली राम, बीरबल प्रसाद, दयानंद प्रसाद, सूरज चंद्रवंशी, विनोद साह, अनिल ठाकुर, राजू सोनी आदि शामिल हैं। अभियंताओं ने बताया कि उन्होंने 14 अक्टूबर को डंडई स्थित विभागीय जमीन का निरीक्षण किया था, जिसमें कई लोगों द्वारा गुमटी एवं ठेला लगाकर अवैध रूप से दुकान चलाने की बात सामने आई थी। इस बाबत संबंधित लोगों को दो दिनों के भीतर दुकान हटाने और जमीन खाली करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन अब तक किसी ने भी पालन नहीं किया। इसके पहले भी अंचल अधिकारी जयशंकर पाठक द्वारा जल संसाधन विभाग की जमीन को अतिक्रमण-मुक्त कराने के लिए तीन बार नोटिस जारी किया जा चुका है। तीसरी नोटिस में 20 नवंबर तक जमीन पूरी तरह खाली करने का सख्त निर्देश दिया गया था, जिसका समय गुरुवार को समाप्त हो गया। इसके बावजूद अतिक्रमणकारियों द्वारा जमीन खाली नहीं की गई है।

### गढ़वा में निकाला गया एकता मार्च, युवाओं में दिखा उत्साह

# युवा पीढ़ी सरदार पटेल के विचारों को आत्मसात करें, आत्मनिर्भर बनें: सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा जिला स्तरीय यूनिटी मार्च में शामिल पलामू सांसद वीडी राम एवं अन्य।

**गढ़वा।** माय भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित राष्ट्रव्यापी विशेष यूनिटी मार्च अभियान के तहत गुरुवार को गढ़वा में जिला स्तरीय पदयात्रा का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत फॉरेस्ट कॉलोनी मैदान से भारत माता एवं सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। यहां पलामू सांसद विष्णु दयाल (वीडी) राम ने श्रद्धासुमन अर्पित कर पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें बड़ी संख्या में युवा, एनएसएस, एनसीसी, शिक्षक एवं आम नागरिक तिरंगा लहराते हुए शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि सरदार पटेल जिन्हें लौह पुरुष भी कहा जाता है, उन्होंने अखंड भारत को स्वरूप दिया एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया। आज के युवाओं को जरूरत है कि सरदार पटेल के विचारों को आत्मसात करें, आत्मनिर्भर बनें और नशे की लत ना लगायें। इस दौरान नशा मुक्त भारत और आत्मनिर्भर भारत की भी शपथ दिलाई गयी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, शिक्षाविद अलखनाथ पांडे, भाजपा अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, मुकेश निरंजन सिन्हा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे, कमलेश नंदन सिन्हा भाजयुमो जिलाध्यक्ष मुन्ना तिवारी, लक्ष्मीकांत पांडेय और विकास तिवारी उपस्थित रहे। उधर, पदयात्रा फॉरेस्ट कॉलोनी मैदान से शुरू हुई पदयात्रा टाउन हाल, रंका मोड, मझियाओं मोड होते हुए रामा साहू स्टेडियम तक पहुंची। इस दौरान आरके रामा साहू स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया गया। अंत में जिला युवा अधिकारी पामिर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ भास्कर कुमार एवं एनसीसी एएनओ सतीश कुमार, विभिन्न सरकारी विद्यालय से 500 से भी अधिक संख्या में रामा साहू विद्यालय, गोविंद इंटर कॉलेज, सीएम एक्सलेन्स गर्ल्स हाइ स्कूल आदि से शिक्षक एवं छात्र-छात्रायें, माय भारत से रमेश कुमार, प्रभा, दिलीप पासवान, अमरेंद्र कुमार, मोहित चौधरी, जितेंद्र कुमार, सोफिया एवं एनसीसी कडेट्स आदि उपस्थित रहे।

## किसानों के साथ कथित धोखाधड़ी की बीडीओ ने दिया जांच करने का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** बीडीओ यशवंत नायक ने गुरुवार को प्रखंड के प्रगतिशील फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की ओर से किसानों के साथ किए जा रहे कथित धोखाधड़ी की जांच का आदेश दिया है। इसकी जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने बताया कि पंचायत समिति की बैठक में भुक्तभोगी किसानों के आग्रह पर मेराल में प्रगतिशील फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा किसानों के साथ किए जा रहे धोखाधड़ी का मामला उठाया था। जिसके आलोक में गुरुवार को कृषि विभाग की ओर से प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संस्था के अध्यक्ष शिवनाथ कुशवाहा एवं सचिव रामाकांत प्रसाद को बुलवाया गया था। इसकी जानकारी मिलने पर एफपीओ के कई सदस्य भी प्रखंड परिसर में पहुंचे थे। पर एफपीओ के पदाधिकारी समय पर नहीं पहुंचे। बैठक में किसानों ने बताया कि मेराल एफपीओ के पदाधिकारी वादा खिलाफी कर रहे हैं। बैठक में एफपीओ के अध्यक्ष और सचिव के नहीं आने पर बीडीओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कृषि पदाधिकारी एवं बीटीएम को एक सप्ताह के अंदर एफपीओ की जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है। बैठक में बिरसा फसल विस्तार योजना से प्राप्त 100 क्विंटल गेहूं बीज का वितरण करकोमा, हासनदाग पंचायत, मक्का बीज वितरण बिकताम और गोंदा पंचायत में करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर नाजीर सुनिल कुमार, प्रभारी बीडब्लूओ दिलीप रजक, रामनाथ चौधरी, प्रवीण मिश्रा, मनोज जायसवाल, धनंजय चौधरी, रोहित कुमार, देवव्रत कुमार मेहता, सुरेश साव और सुमंत कुमार आदि मौजूद रहे।

### विधायक प्रतिनिधि ने की पैक्स के पुनर्गठन की मांग

**विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने कृषकों के हित में गढ़वा डीसी से मेराल प्रखंड के सभी पंचायत में पैक्स का पुनर्गठन कराने की मांग की है। मांग पत्र में कहा कि कुछ पंचायत को छोड़कर शेष पंचायत में पैक्स का पुनर्गठन आवश्यक है। साथ ही जहां पैक्स गोदाम नहीं है वहां गोदाम का निर्माण कराया जाए। उन्होंने किसानों के धान को सरकारी दर पर खरीदने एवं तुरंत भुगतान सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया है।**

## 16 घंटे खड़े रहकर भीड़ नियंत्रण करने वाले थाना प्रभारी सम्मानित



**गुमला (आजाद सिपाही)। श्री रामरेखा धाम में 4-5 नवंबर को आयोजित विराट धार्मिक मेला में लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति के बीच भीड़ और वाहनों के दबाव को देखते हुए सुरसांग थाना प्रभारी अनिकेत कुमार गुप्ता ने सराहनीय भूमिका निभाई। पांच नवंबर को उन्होंने लगातार 16 घंटे तक बागबोथा वाहन पड़ाव में खड़े रहकर भीड़ नियंत्रण एवं वाहनों की पार्किंग व्यवस्था को संभाला। उनकी सक्रियता, तत्परता और अनुशासन ने पूरे मेले को सुचारू रूप से संचालित करने में अहम योगदान दिया। उनके इस उत्कृष्ट कार्य से प्रभावित होकर श्री रामरेखा धाम विकास समिति एवं बागबोथा वाहन पड़ाव समिति ने गुरुवार को सुरसांग थाना में जाकर थाना प्रभारी अनिकेत कुमार गुप्ता को अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छा, श्री फल, प्रसाद और श्री रामरेखा धाम स्मारिका भेंट कर सम्मानित किया। वहीं, थाना प्रभारी ने कहा कि रामरेखा धाम मेला में सेवा प्रदान करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। मौके पर सचिदानंद पांडा, रामप्रसाद साहू, अशोक सिंह, सिकंदर सिंह, लक्ष्मीनारायण सिंह, रामसागर चिक बड़ाईक आदि मौजूद रहे।**

## एसपीडी कॉलेज में स्नातक के तीनों संकायों में नामांकन जारी

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज में सत्र 2025-29 अंतर्गत स्नातक के तीनों संकायों में नामांकन जारी है। इसकी जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ हिमांशु भूषण जारूहार ने बताया कि महाविद्यालय के कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में नामांकन के लिए विद्यार्थियों को आवश्यक कागजात के साथ महाविद्यालय में आवेदन करना होगा। साथ ही चांसलर पोर्टल भी खुला है। बताया कि नामांकन उन्हीं का हो सकता है जिनका चांसलर पोर्टल में आवेदन किया हुआ है।

## रंका खेल की धरती है : अलखनाथ



**रंका (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं गढ़वा-रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पाण्डेय शामिल हुए। उन्होंने वरिष्ठ भाजपा नेता सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता के साथ सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने खिलाड़ियों ईमानदारी, खेल भावना और उच्च प्रदर्शन के साथ खेलने की प्रेरणा दी। इसके बाद उन्होंने फुटबॉल को किक मारकर खेल का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि फुटबॉल को विश्व का सबसे लोकप्रिय खेल माना जाता है। ब्राजील जैसे देशों में लाखों की भीड़ सिर्फ एक फुटबॉल मैच को देखने के लिए उमड़ती है। इसी लोकप्रियता और उत्साह से सीख लेते हुए हमें भी स्थानीय स्तर पर इस खेल को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पलामू सांसद विष्णु दयाल राम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन से गढ़वा-पलामू के युवाओं को अपने कौशल और प्रतिभा का मंच मिल रहा है। जिले के कई युवा खेल में अपनी प्रतिभा साबित कर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। रंका प्रखंड की सराहना करते हुए कहा कि रंका खेल की धरती है। यहां जितनी फुटबॉल की टीमें बनाई जाएं, कम पड़ जाएंगी। उन्होंने कहा कि युवा जिस खेल में मजबूत हैं, वह उसी में सुपर पावर साबित होते हैं। इसलिए फुटबॉल जैसे खेलों को भी उच्च स्तर पर बढ़ावा देने की आवश्यकता है। कहा कि जो खिलाड़ी खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, उन्हें सरकार की ओर से नौकरी और विभिन्न अवसर भी उपलब्ध कराए जाते हैं। इसलिए युवाओं को खेल के प्रति रुचि रखनी चाहिए क्योंकि खेल मानसिक विकास, शारीरिक स्वास्थ्य, अनुशासन, टीमवर्क और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देता है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता कमलेश नंदन सिन्हा, भोला पांडेय, उत्तम पांडेय, ओमप्रकाश दास, ओमप्रकाश तिवारी, सुनील माली, सुशांत कुमार, विजय चौबे, जितेंद्र सिंह, दिवाकर तिवारी, चंद्रिका दुबे, मनोज कुमार ठाकुर, रवि कुमार चंद्रवंशी आदि उपस्थित रहे।

## सगमा प्रखंड में टीएनए परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**सगमा/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों की टीएनए सेवाकालीन परीक्षा का आयोजन शांति और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। यह परीक्षा विगत मंगलवार से शुरू हुआ, जिसका गुरुवार को समापन हुआ। सरकार की ओर से तय किए गए निर्धारित परीक्षा केंद्र प्रखंड संसाधन केंद्र, सगमा में प्रतिदिन दो पालियों में परीक्षा ली गई। इस दौरान केंद्र पर तैनात सीआरपी, बीआरपी, तकनीकी टीम एवं अन्य जिम्मेदार पदाधिकारियों ने बताया कि टीएनए परीक्षा प्रत्येक वर्ष सभी शिक्षकों के लिए अनिवार्य सेवाकालीन मूल्यांकन प्रक्रिया का हिस्सा है। इस परीक्षा के माध्यम से शिक्षकों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं का आकलन किया जाता है, जिससे विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सके। टीएनए परीक्षा शिक्षकों की दक्षता बढ़ाने, विषयगत ज्ञान को मजबूत करने और शिक्षण पद्धतियों में सुधार के उद्देश्य से आयोजित की जाती है। परीक्षा केंद्र पर मौजूद प्रमुख लोगों में सीआरपी सतेंद्र प्रसाद, बीआरपी राजारंजन मिश्रा, शशिकांत कुमार, आनंद कुमार, शिक्षक सुनय राम, विंध्यवासिनी कुमारी, आशुतोष रंजन, प्रत्यूष दुबे, ललन कुमार सिन्हा, राजीव रंजन, प्रतिमा कुमारी, ताराचंद यादव, शामिल रहे। इसके अलावा, वार्डन श्रद्धा देवी, मीना कुमारी, प्रियंका कुमारी, अजीत कुमार, संजय कुमार, इब्ने आजम सहित सैकड़ों शिक्षकों ने भी सक्रिय रूप से परीक्षा में भाग लिया।

## विभिन्न मामलों के पांच वारंटी गिरफ्तार



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल अंतर्गत सदर थाना क्षेत्र के ग्राम बाराडीह निवासी 23 वर्षों से फरार वारंटी करीवा उर्फ गुड्डू उर्फ शोभनाथ कोरवा (28) के साथ चार अन्य वारंटियों को रंका पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें से एक आरोपी 23 वर्षों से फरार था। इस मौके पर रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी आदि उपस्थित थे।

### जिला स्तर पर हुई मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की समीक्षा बैठक

# 267 लाभुकों को चिकित्सा अनुदान स्वीकृत, योजना के क्रियान्वयन में सुधार का निर्देश



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी दिनेश यादव।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में गुरुवार को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को चिकित्सा अनुदान स्वीकृति प्रदान करने को लेकर जिला स्तरीय बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी दिनेश यादव ने की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर ९स अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण योजना संचालित की जा रही है। बताया कि निर्धारित श्रेणियों एवं वार्षिक आय सीमा के आधार पर लाभार्थियों को एक हजार रुपये से 10 हजार रुपये तक की चिकित्सा अनुदान राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रेग्नेंसी एवं डिलीवरी से संबंधित मामलों को छोड़कर अन्य सभी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना के अंतर्गत सहायता उपलब्ध कराई जाती है। सभी नए आवेदन अब संबंधित सीएचसी के एमओआईसी के माध्यम से जिला कार्यालय को भेजे जाएंगे, ताकि प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित रहे। इस दौरान बैठक में कोविड महामारी के बाद बढ़े स्वास्थ्य व्यय, योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक पात्र लाभुकों तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए आवश्यक सुधारों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों की सर्वसम्मति से 267 लाभार्थियों को चिकित्सा सहायता राशि स्वीकृत की गई। डीसी ने यह भी निर्देश दिया कि जरूरतमंद एवं गरीब आवेदकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवेदनों की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। इस मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, परियोजना निदेशक, कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश, सिविल सर्जन डॉ जॉन एफ कैनेडी और विधायक प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## छह आवेदनों की हुई जांच, चार कर्मियों को दी गयी सेवासंपुष्टि

### गढ़वा जिला अनुकंपा समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में डीसी दिनेश यादव की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें विभिन्न विभागों के मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति प्रदान किए जाने से संबंधित आवेदनों पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान समिति के समक्ष प्राप्त कुल छह आवेदनों की विस्तृत जांच की गई। आवेदकों की ओर से पेश किए गए सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे अभिभावक का मृत्यु प्रमाण पत्र, आवेदक की शैक्षणिक योग्यता, आवासीय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, विभागीय निर्देश एवं अन्य संलग्न पत्रों की सावधानीपूर्वक समीक्षा की गई। जांच के क्रम में पाया गया कि कई प्रस्ताव विभागीय पत्र द्वारा निर्धारित विहित प्रपत्र में उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। साथ ही विहित प्रपत्र-2 में रिक्तियों की सूचना एवं कार्यालय प्रधान की स्पष्ट अनुशंसा का अभाव पाया गया। स्पष्ट अनुशंसा एवं आवश्यक सूचनाओं के अभाव में इन छहों आवेदनों पर अंतिम निर्णय अगली बैठक तक स्थगित रखा गया।

उधर, बैठक में चार कर्मियों को सेवासंपुष्टि अनुमोदित की गई, जिनमें सुजीत महतो, निम्न वर्गीय लिपिक, प्रखंड कार्यालय बड़गड़, रोहित कुमार यादव, अनुसेवक, अनुमंडल कार्यालय श्रीबंशीधर नगर, संदीप कुमार गुप्ता, राजस्व उप निरीक्षक, अंचल कार्यालय कंडी, राम रक्षा सिंह, राजस्व उप निरीक्षक,अंचल कार्यालय रमना का नाम शामिल था। इस मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रूद्र प्रताप, अनुमंडल पदाधिकारी श्रीबंशीधर नगर प्रभाकर मिर्धा, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, कोषागार पदाधिकारी प्रशांत मिंज, जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज और स्थापना उप समाहर्ता देवानंद राम आदि उपस्थित थे।


उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग

(जिला परिवहन कार्यालय)

e-Mail ID :- dto-hazaribag@jharkhandmail.gov.in

अति अल्पकालीन निविदा

सीएसआर के तहत हजारीबाग जिले में कार्यरत अतिकुशल ANM को सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित करने हेतु प्रथम चरण में 50 Electric Scooty उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न शर्तों के साथ अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संस्थान / फर्म दिनांक 27.11.2025 के मध्याह्न 12:00 बजे तक शर्त्तों के अनुरूप अपना मुहरबंद निविदा एवं विस्तृत विवरणी उप विकास आयुक्त, हजारीबाग, समाहरणालय भवन, द्वितीय तल्ल में जमा करेंगें एवं दिनांक 27.11.2025 के अपराह्न 02:00 बजे प्राप्त निविदाओं को समिति के समक्ष खोला जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् जमा किये जाने वाले निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

निविदा के नियम एवं शर्त्तें, संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की विवरणी, Scope of Work आदि समाहरणालय, हजारीबाग के वेबसाईट https://www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला परिवहन पदाधिकारी
हजारीबाग।

PR 366621 Transport(25-26)D



Jharkhand Tourism — Nature's hidden jewel

Directorate of Tourism, Government of Jharkhand

MDI Building, 2nd floor, HEC Campus, Dhurwa, Ranchi-04Tele Fax : 0651-2331828

Email: dirjhakhandtourism@gmail.com/ jtdcltd@gmail.com

Ref. No.:- 1139//2025 Date : 20/11/2025

**SHORT TENDER NOTICE**

**RFP for Selection of Agency for Netarhat Mahotsav (Fair) at Netarhat, Latehar, Jharkhand(2nd Call)**

The Jharkhand Tourism Development Corporation Limited (JTDCL), Government of Jharkhand (GoJ) undertaking intends to publish RFP for **Selection of Agency for Set up, Operation & Management of pre fabricated cottage facilities at Netarhat, Latehar, Jharkhand(2nd Call)**

The detailed RFP document can be downloaded from the below mentioned website: **https://jtdcl.jharkhand.gov.in**, and submit their offline Applications.

The applications Submission Due date is on or before **06/12/2025 at 1700 hours** and the date of opening of the tender on **08/12/2025 at 11.30 hours**. All subsequent notifications, changes and amendments will be posted only on the above website.

PR 366615 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs(25-26).D

Sd/-
Deputy

## देश सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लेकर स्वदेशी की दिशा में आगे बढ़ रहा है : सांसद

**चांडिल में सरदार पटेल की जयंती पर यूनिटी मार्च, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता




**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल प्रखंड में मेरा युवा भारत की ओर से लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक भारत श्रेष्ठ भारत - सरदार @150 के तहत एक विशाल यूनिटी मार्च (पदयात्रा) का आयोजन किया गया। एसएस +2 हाई स्कूल से सरस्वती विद्या मंदिर तक आयोजित इस पदयात्रा में हजारों छात्र-छात्राएं, शिक्षक, ग्रामीण और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। मुख्य अतिथि और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची लोकसभा सांसद संजय सेठ ने कहा कि यह वर्ष ऐतिहासिक है। सरदार पटेल की 150वीं जयंती के साथ भगवान बिरसा मुंडा की जयंती, वंदे मातरम के 150 वर्ष और आरएसएस का शताब्दी वर्ष। उन्होंने कहा कि देश सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लेकर आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी इन्हीं सिद्धांतों पर राष्ट्र को नयी ऊंचाई की ओर ले जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश द्वारा पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर किये गये विवादित ट्वीट पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जयराम रमेश और कांग्रेस की प्रवृत्ति हमेशा देश, सेना और संवैधानिक संस्थाओं को नीचा दिखाने की रही है। चाहे ईडी, सीबीआई, चुनाव आयोग या सेना का मामला हो, कांग्रेस हर सफलता पर प्रश्नचिह्न लगाती है। उन्होंने राहुल गांधी पर भी तीखा हमला करते हुए कहा कि विदेश जाकर देश के खिलाफ बोलना राहुल गांधी और कांग्रेस की आदत बन चुकी है।

## 6.80 करोड़ की लागत से खूंटी चौका से ईचागढ़ सड़क का होगा मरम्मती : सविता

**सड़क मरम्मती कार्य का शिलान्यास विधायक सविता महतो ने शिलापट्ट अनावरण कर किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिला के कांड्रा खूंट्री चौका और ईचागढ़ सड़क मरम्मती कार्य का शिलान्यास विधायक सविता महतो ने नारियल फोड़कर और शिलापट्ट अनावरण कर किया। चौका मोड़ पर गुरुवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत शिलान्यास करने के दौरान कहा कि 8.9 किमी सड़क का मरम्मती कार्य 6 करोड़ 80 लाख कि लागत से 2 महीने में होगा। उन्होंने कहा कि सड़क का निर्माण होने से लोगों को यातायात में सुविधा होगी। काफी दिनों से उक्त सड़क का मरम्मत नहीं हुआ था। विधायक ने सड़क निर्माण करने वाले संवेदक को सड़क का निर्माण कार्य ससमय और गुणवत्ता पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य सविता मार्डी, झामुमो केंद्रीय सदस्य गुरुचरण किस्कू, चारुचांद किस्कू,काबलू महतो, ओम प्रकाश लायेक बैद्यनाथ टुडू, मुखिया कुनाराम माझी, कृष्णा किशोर महतो, निताई उरांव, अमित सिन्हा, श्रीकांत महतो, समर भुईयां, अर्जुन सिंह मुंडा, सपन सिंहदेव, किशुन किस्कू, पशुपति बागची समेत अन्य उपस्थित थे।

## खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में खूंटी की बेटी साधेगी निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जिले के तूतटोली गांव के किसान परिवार से आने वाली मोनिका कुमारी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि संकल्प, मेहनत और संघर्ष के आगे कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। साधारण परिवार में जन्मी मोनिका आज रांची यूनिवर्सिटी की तीरंदाजी टीम की सदस्य हैं और अब 24 नवंबर से 5 दिसंबर 2025 तक राजस्थान के जयपुर में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में रांची यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस प्रतियोगिता में देशभर के 200 विश्वविद्यालयों के 7,000 से अधिक खिलाड़ी 24 खेलों में भाग लेंगे।

मोनिका वर्तमान में पटेल बीएड कॉलेज की छात्रा हैं। तीरंदाजी की यात्रा उनके लिए आसान नहीं रही, लेकिन उनके जज्बे, अनुशासन और लगातार की गयी कड़ी मेहनत ने उन्हें यह मुकाम दिलाया है। पिछले वर्ष के आईआईटी यूनिवर्सिटी में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी तीरंदाजी प्रतियोगिता में उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर ही इस वर्ष खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए उनका चयन हुआ है। मोनिका की इस उपलब्धि पर पटेल बीएड कॉलेज के शिक्षक, परिवारजन और पूरे खूंटी जिले के लोग गर्व व्यक्त कर रहे हैं।

## बुंडू में महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन



बुंडू (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत बुंडू की जिला परिषद परिसर परअंतरराष्ट्रीय सिद्धाश्रम साधक परिवार की ओर से दो दिवसीय स्त्री शक्ति मां वैष्णो देवी महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में गुरुवार को सैकड़ों महिला और बच्चियों के द्वारा कलश यात्रा रानी चूआं से उठाकर चौक बाजार होते हुए काली मंदिर सुभाष चौक थाना रोड जिला परिषद तक लाया गया, और शुक्रवार को गुरु पूजन एवं स्त्री शक्ति मां वैष्णो देवी पूजन तथा हवन का कार्यक्रम आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में अनूप चेल, भुवनेश्वर प्रमाणिक, अशोक ठाकुर, मीना देवी, अजय साहू, सत्यबान प्रमाणिक, दीपक प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## जनता की सेवा ही मेरा धर्म है : कालीचरण मुंडा

**सांसद कालीचरण मुंडा का जनता दरबार बना जनसमस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच**

**दरबार में पहुंचे लोगों का कहना है कि सांसद मुंडा समस्या को न केवल ध्यान से सुनते हैं, बल्कि उसे अपनी जिम्मेदारी मानकर समाधान सुनिश्चित करते हैं।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा प्रतिदिन अपने आवासीय कार्यालय में लगने वाले जनता दरबार के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर रहे हैं। उनकी इस पहल से आम जनता में भरोसा बढ़ा है और जनता दरबार उम्मीद का प्रमुख केंद्र बन गया है।

हर दिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान, मजदूर, छात्र, महिलाएं, व्यापारी और वरिष्ठ नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर सांसद के कार्यालय पहुंचते हैं। सांसद कालीचरण मुंडा प्रत्येक व्यक्ति की शिकायत को गंभीरता से सुनते हैं और तत्क्षण संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर आवश्यक निर्देश देते हैं। उनकी इस त्वरित कार्रवाई से कई समस्याओं का समाधान वहीं स्थल पर या बहुत कम समय में हो जाता है। दरबार में पहुंचे लोगों का कहना है कि सांसद मुंडा समस्या को न केवल ध्यान से सुनते हैं, बल्कि उसे अपनी जिम्मेदारी मानकर समाधान सुनिश्चित करते हैं। इसी वजह से उनके कार्यशैली को जनता अत्यंत प्रभावी और भरोसेमंद मानती है।

जनता दरबार में प्रतिदिन बड़ी संख्या में आने वाले लोगों के चेहरों पर समाधान के बाद खुशी और संतोष साफ झलकता है। सांसद मुंडा की यह पहल जन-जन में विश्वास बढ़ाने के साथ-साथ प्रशासनिक तंत्र को भी अधिक जवाबदेह बना रही है। अधिकारियों को मौके पर ही कार्रवाई के आदेश देना उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सांसद कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि आने वाले दिनों में भी इसी प्रकार प्रतिदिन जनता दरबार आयोजित किया जायेगा, ताकि हर नागरिक बिना बाधा अपनी समस्याओं को सांसद तक पहुंचा सके।

सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा, 'जनता की सेवा ही मेरा धर्म है। हर समस्या का समाधान करना मेरी जिम्मेदारी है और इसके लिए मैं सदैव उपलब्ध हूं।'

## सोनाहातू पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** सोनाहातू पुलिस ने मंगलवार को विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान के तहत दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गयी। पुलिस टीम द्वारा कागजात, हेलमेट, सीट बेल्ट सहित आवश्यक नियमों की जांच की गई और नियम उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की गयी।

सोनाहातू थाना प्रभारी ने बताया कि सुरक्षा और दुर्घटनाओं की रोकथाम को ध्यान में रखते हुए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है, इसलिए वाहन जांच जैसे अभियान नियमित रूप से चलाये जायेंगे।

## झारखंड पेंशनर कल्याण समाज अनुमंडल शाखा बुंडू के पदाधिकारियों का चयन



बुंडू (आजाद सिपाही)। झारखंड पेंशनर कल्याण समाज, रांची की अनुमंडल शाखा बुंडू की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को टोल प्लाजा के समीप डॉ आरएल मुंडा के निवास स्थान पर दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक आयोजित की गयी। बैठक में पेंशनधारकों की समस्याओं, योजनाओं तथा संगठन को सुदृढ़ बनाने की रणनीति पर गंभीर और विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। पेंशन व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने, पेंशनधारकों के अधिकारों की सुरक्षा, बैंकिंग से संबंधित परेशानियों तथा प्रमाण पत्र से जुड़ी आवश्यकताओं पर विशेष रूप से विचार-विमर्श हुआ। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से संगठन के पदाधिकारियों का चयन किया गया। डॉ आरएल मुंडा को अध्यक्ष, महेश्वर महतो उपाध्यक्ष, अनिल सिंह गोंझू कोषाध्यक्ष, डॉ परमेश्वर लाल संरक्षक, राजीव कुमार मेहता महासचिव, आनंद कुमार महतो सचिव तथा लक्ष्मण पातर मुंडा कार्यालय सचिव चुने गये। निदेशक मंडल में राजेंद्र सिंह मुंडा, ठाकुर दास महतो, गोवर्धन गोराई और जगन्नाथ सिंह मुंडा शामिल किये गये। वहीं केंद्रीय स्तर पर सचिव सह प्रवक्ता डॉ एके लाल, उपाध्यक्ष बचनेश्वर ठाकुर (रांची) और राज्याध्यक्ष राम सेवक तिवारी (मनोनीत) भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में संगठन विस्तार, नियमित संवाद, पेंशनरों की समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया को तेज करने तथा सदस्यों के हितों की रक्षा हेतु विभिन्न प्रस्ताव पारित किये गये। स्थानीय पेंशनधारकों की समस्याओं, उनके बैंकिंग अनुभव एवं प्रमाण पत्र से जुड़े बिंदुओं पर भी विचार रखा गया, ताकि मिलकर समाधान प्रक्रिया को गति दी जा सके। बैठक पूर्णतः शांतिपूर्ण और सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई। अगली बैठक 28 दिसंबर 2025, रविवार को आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

## जाहीर टीकर गांव में गणेश पांडे के घर चोरी

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ थाना क्षेत्र के जाहीर टीकर गांव में गणेश पांडे के घर दिन दहाड़े चोरी की घटना हुई चोर घर में घुसकर अलमारी में रखे सामान (नकद, जेवरात आदि) लेकर फरार हो गये। बुधवार के दोपहर की है। चोरों ने अलमारी में रखे सोने के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की गयी सामग्री सोने की चेन- 2 सोने के रिंग - 40 हजार रुपये नकद चोरी कर लिये। गणेश पांडे ने बताया कि वे घर पर नहीं थे और जब वे वापस आये तो देखा कि घर का सामान बिखरा हुआ था और अलमारी में रखे आभूषण और नकदी गायब थे। तमाड़ थाना में मामला दर्ज किया गया है।

## आरकेएमयू महामंत्री सह जेबीसीसीआइ सदस्य राजेश कुमार सिंह ने किया पिपरवार का दौरा



राजेश कुमार सिंह का स्वागत करते यूनियन के कार्यकर्ता।



चयनित पदाधिकारी को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

**बचरा में कोयला मजदूरों की समस्या को लेकर की बैठक, अशोका और जीएम युनिट कमेटी का हुआ गठन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य राजेश कुमार सिंह ने गुरुवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। पिपरवार पहुंचने पर बचरा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया, जिसके बाद राजेश कुमार सिंह ने कोयला मजदूरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय कार्यालय में बैठक की। बैठक में कोयला मजदूरों की विभिन्न समस्या और यूनियन को मजबूत बनाने सहित पिपरवार कमेटी का गठन करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंत्री राजेश कुमार सिंह और संचालन रतन लाल ने किया। इस दौरान अशोक परियोजना शाखा और जीएम यूनिट शाखा की नयी कमेटी का गठन किया गया। अशोक परियोजना शाखा कमेटी में अध्यक्ष लखन साव और सचिव रतनलाल और जीएम यूनिट शाखा कमेटी मे अध्यक्ष पवन कुमार महतो और सचिव दिलनवाज अंसारी को बनाया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए महामंत्री राजेश कुमार सिंह युनियन को मजबूत बनाने, सदस्यता बढ़ाने और मजदूरों की विभिन्न समस्याओं का समाधान करने की बात करते हुए इसे यूनियन की प्राथमिकता बताया। उन्होंने सभी मजदूरों से एकजुट रहकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय कुमार सिंह एवं देवेंद्र सिंह उपस्थित थे। इस मौके पर यूनियन के पिपरवार क्षेत्रीय अध्यक्ष केके चतुर्वेदी, क्षेत्रीय सचिव भीम प्रसाद मेहता, रतनलाल, प्रेम कुमार, दिलनवाज अंसारी, प्रदीप कुमार, विनोद कुमार, मोहम्मद मुबारक, सोनू कुमार, विनोद कुमार, मनोज गुप्ता, शिवनारायण चौधरी, शिवनारायण महतो सहित यूनियन के कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

## बचरा में 25 को लगेगा डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान का कैंप

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार ।** सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबधंन के द्वारा मंगलवार 25 नवंबर को पिपरवार क्षेत्र के बचरा ऑफिसर्स क्लब में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान के तहत एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया जायेगा। इस कैम्प में सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस रांची की टीम के द्वारा सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मियों का डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट का काम किया जायेगा। कैंप में शामिल होने वाले रिटायर कर्मियों को पीपीओ, आधार कार्ड और बैंक पासबुक की छायाप्रति (कॉपी) और आधार से लिंक मोबाइल नंबर देना अनिवार्य है। इसकी जानकारी देते हुए पिपरवार क्षेत्र के कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल ने बताया कि पिपरवार क्षेत्र में इस तरह का कैंप आयोजित होने से रिटायर सीसीएल कर्मियों को इसका पूरा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि रिटायर सीसीएल कर्मियों को प्रत्येक वर्ष डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाकर बैंक व एरिया प्रबधंन के माध्यम से जमा कराया जाता है, ऐसे में सीसीएल प्रबंधन द्वारा रिटायर कर्मियों के बेहतर सुविधा के लिए इस तरह का कैंप आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने रिटायर हुए सभी कर्मियों से कैंप में शामिल होकर इसका लाभ उठाने की अपील की है।

## सरस्वती शिशु मंदिर सालेहातू में हुआ वंदे मातरम का सामूहिक गायन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** राष्ट्र गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर सालेहातू में सामूहिक रूप से वंदे मातरम गीत का गायन किया गया। जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वन्दे मातरम की रचना श्री बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के द्वारा किया गया था। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री डॉ राजेंद्र प्रसाद ने वर्ष 1950 ई. में वंदे मातरम को राष्ट्रीय गीत का दर्जा प्रदान किया। स्वतंत्रता संग्राम में इस गीत का महत्वपूर्ण भूमिका रहा है। फिर भी कांग्रेस ने कई मौकों पर इसका मातरम गीत का विरोध किया। वनवासी कल्याण आश्रम के प्रदेश अध्यक्ष सुदन मुंडा ने कहा कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पूरे देश में उत्सव मनाने का निर्णय लिया है। सभा को खूंटी प्रखंड प्रमुख छोटराय मुंडा ने भी संबोधित किया। सभा का संचालन जिला महामंत्री संजय साहू ने किया। धन्यवाद ज्ञापन लेपा मुंडा ने किया। मौके पर जिला कोषाध्यक्ष प्रियांक भगत, सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष छोटराय मुंडा शिक्षक शिक्षिकाओं सहित कई विद्यार्थी उपस्थित थे।

## कर्रा में विधायक सुदीप गुड़िया ने की विकास कार्यों की समीक्षा

## शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर दिया जोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** तोरपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदीप गुड़िया ने शुक्रवार को कर्रा प्रखंड कार्यालय परिसर में सभी विभागीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की।

समीक्षा के क्रम में सर्वप्रथम शिक्षा विभाग की प्रगति पर चर्चा हुई। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने बताया कि सभी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन मेन्यू के अनुरूप उपलब्ध कराया जा रहा है तथा किसी भी विद्यालय से शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि प्रखंड में भवनहीन विद्यालय नहीं हैं, हालांकि कुछ जर्जर भवनों की मरम्मत की आवश्यकता है। परीक्षा परिणाम में सुधार हेतु वर्ष 2024-25 में चलाये गये विशेष प्रयासों को एक बार फिर शुरू करने पर जोर दिया गया।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में कर्रा में डॉक्टरों की कमी को प्रमुख समस्या बताया गया। पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि एक्स-रे मशीन लग चुकी है, लेकिन चिकित्सकों के अभाव में उसका उपयोग पूरी तरह नहीं हो पा रहा है।

अंचल कार्यालय, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, पशुधन, कृषि, पशुपालन, जन वितरण प्रणाली, मिलेट मिशन और जेएसएलपीएस सहित अन्य विभागों की भी क्रमवार समीक्षा की गयी। विधायक सुदीप गुड़िया ने सभी अधिकारियों से कहा कि जहां समस्यायें हैं, उन्हें स्पष्ट रूप से बतायें, ताकि समय पर सुधार किया जा सके। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन साहू ने बताया कि विधायक द्वारा पीटीएम में शामिल होकर अभिभावकों व छात्रों को प्रेरित करने के प्रयास की काफी सराहना हुई थी। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, झामुमो नेता राहुल केशरी और सभी मुखिया उपस्थित थे।

## बुंडू में दो दिवसीय धरना समाप्त, प्रशासनिक पहल से बनी सहमति

**दूसरे दिन गोमिया के पूर्व विधायक लंबोदर महतो भी समर्थन देने पहुंचे और प्रशासन से सकारात्मक वार्ता सुनिश्चित कराने की अपील की।**

आजद सिपाही संवाददाता



**बुंडू ।** बुंडू नगर पंचायत एवं बुंडू प्रखंड क्षेत्र में लंबे समय से लंबित विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जय हो सेवा संस्था बुंडू द्वारा आयोजित दो दिवसीय धरना गुरुवार को प्रशासनिक पहल के बाद शांतिपूर्वक समाप्त हो गया। संस्था के संस्थापक राजकिशोर कुशवाहा के नेतृत्व में चल रहे, इस आंदोलन को लगातार आम जनता का व्यापक समर्थन मिलता रहा।

धरना कार्यक्रम को मजदूर संगठन, युवा एकता संगठन, पांच परगना फाइटर्स, उपभोक्ता अधिकार मंच, छोटानागपुर चालक कल्याण संघ बुंडू समेत कई सामाजिक संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों ने खुलकर समर्थन दिया। पहले दिन शाम को आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो धरना स्थल पहुंचे और आंदोलनकारियों का उत्साह बढ़ाया। वहीं दूसरे दिन गोमिया के पूर्व विधायक लंबोदर महतो भी समर्थन देने पहुंचे और प्रशासन से सकारात्मक वार्ता सुनिश्चित कराने की अपील की।

गुरुवार को धरना स्थल पर बुंडू अंचलाधिकारी हंस कुमार हेंब्रोम ने पहुंचकर आंदोलनकारियों से विस्तृत और सकारात्मक बातचीत की। उन्होंने सभी उठाए गए मुद्दों के समाधान की दिशा में चरणबद्ध कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। अंचलाधिकारी की यह पहल आंदोलनकारियों को संतोषजनक लगी, जिसके बाद उन्होंने अपना धरना समाप्त करने की घोषणा की।

जय हो सेवा संस्था ने प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन पर संतोष व्यक्त किया और सभी समर्थक संगठनों तथा स्थानीय लोगों का आभार जताते हुए कहा कि वे जनहित के मुद्दों पर आगे भी सतत निगरानी बनाये रखेंगे।

## लापुंग के बोकरंदा पंचायत में एकीकृत फार्मिंग क्लस्टर का कृषि मंत्री ने किया उद्घाटन

# सखी मंडल से जोड़ कर सभी महिला मंडल की दीदीयों को लखपति बनाने का है सपना: शिल्पी

आजाद सिपाही संवाददाता





गाड़ी गांव में एकीकृत फार्मिंग क्लस्टर का उद्घाटन के बाद लाभुक के बीच चेक वितरित करतीं राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**लापुंग।** बोकरंदा कलस्टर के गाड़ी गांव में एकीकृत फार्मिंग क्लस्टर का उद्घाटन गुरुवार को राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। इस के तहत सहकारी स्वावलंबन समिति गाड़ी ग्राम में एक तेल प्रोसेसिंग प्लांट और लेटे में अंडा प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री नेहा तिर्की ने कहा कि सखी मंडल से जुड़ कर सभी महिला मंडल की दीदी को लखपति बनाने का सपना है। सभी एक साथ जुट कर खेती करें। सरकार बाजार उपलब्ध करायेगी। उन्होंने कहा कि खरीफ एवं रवि फसल की खेती करें। उसे पलास मार्ट के माध्यम से बाजार में उचित मूल्य दिलाया जाएगा। वहीं, बीडीओ ऊषा मिंज ने कहा कि कृषि से सबंधित उपज समूह के माध्यम से अधिक पैदा होने से किसानों को अधिक मुनाफा होगा। लापुंग में तीन क्लस्टर दानेकेरा, गाड़ी और सापुकेरा क्लस्टर में एकीकृत फार्मिंग कार्य किया जा रहा है। इस दौरान प्रत्येक क्लस्टर दाड़ी, सापुकेरा, दानेकरा, ककरिया को चेक के माध्यम से करोड़ो रुपये की धनराशि दी गयी। साथ ही जीवन ज्योति बीमा का क्लेम भी लाभुक निशा देवी को मंत्री के हाथों दिया गया। इस मौके सीओ पंकज कुमार, जिला प्रबंधक निशिकांत नीरज, दीएलएम अभिषेक चाद, देवाशीष, बीपीएम साबित संगा, रेहान, संजीव, उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा, मुखिया सरोज मुंडा, सविता उरांव, बीएपी अंबिका देवी, एफआईसी सीमा सिंह आदि उपस्थित रहीं।

# महिलाएं खान-पान और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें : माधुरी देवी



**स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का आयोजन, ग्रामीण महिलाओं में बढ़ी जागरूकता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** शालिनी अस्पताल एवं उषा मार्टिन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को टाटी पूर्वी पंचायत के आंगनवाडी केंद्र में स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय, विशेषकर महिलाओं, किशोरियों, गर्भवती एवं धात्री माताओं में स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जागरूकता को बढ़ाना था। कार्यक्रम में लगभग 150 ग्रामीणों ने भाग लिया। मौके पर शालिनी अस्पताल की स्वास्थ्य टीम की ओर से ग्रामीणों का ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं हीमोग्लोबिन जांच की गयी। साथ ही गर्भवती एवं धात्री माताओं के बीच आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व उपप्रमुख माधुरी देवी ने कहा कि मौसमी बीमारियों से बचाव, स्वच्छता और संतुलित आहार को जीवनशैली का हिस्सा बनाना अत्यंत आवश्यक है। अधिकांश बीमारियों से बचाव के लिए नियमित जांच और संतुलित दिनचर्या सबसे प्रभावी उपाय हैं। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपने खानपान और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। समय-समय पर जांच करवाएं और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अवश्य लें। वहीं, टाटी पंचायत के पूर्व पंचायत समिति शैलेश मिश्रा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीणों में स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न आयामों की जानकारी बढ़ती है। जबकि, उपमुखिया अजय कुमार ने कहा कि शालिनी अस्पताल का यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर शालिनी अस्पताल के शिशिर भगत, दिलीप मुंडा, पंकज, बीरेंद्र बेदिया, सहिया शीला देवी, सेविका विमला देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं एवं किशोरियां उपस्थित हुए।

# किसानों के अधिकारों की मांग को लेकर 26 को करेंगे जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन : सुफल महतो




**सम्मेलन की तैयारियों को लेकर स्वागत समिति का गठन, डॉ प्रो मिथिलेश सिंह अध्यक्ष और मदुआ कच्छप सचिव मनोनीत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** झारखंड राज्य किसान सभा के 8वां राज्य सम्मेलन को लेकर स्वागत समिति गठन के लिए गुरुवार को नगड़ी प्रखंड स्थित केसारो गांव के मंडा टांड परिसर में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता ललित मुंडा ने की। इसमें झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो, राज्य उपाध्यक्ष प्रफुल लिंडा, मदुवा कच्छप, शंकर उरांव, डॉ कृति सिंह मुंडा, कपिल महतो, राजू मुंडा, प्रदीप महतो, बिगल उरांव, राजेंद्र उरांव, रघु महली, अशोक मिंज, शिला कुजूर, विणा तिर्की और शंकर उरांव आदि ने शामिल होकर अपने-अपने विचार रखे। झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने कहा कि किसानों के फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी, झारखंड में एमएसपी के बजाय 16 रुपये धान खरीदने सहित किसान मुद्दों पर 26 नवंबर को देशव्यापी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन के अलावा आठ जनवरी को मुख्यमंत्री के समक्ष किसान रैली आयोजित की जाएगी। झारखंड राज्य किसान सभा का 8वां राज्य सम्मेलन 27-28 फरवरी 2026 को एवं 26 फरवरी को नगड़ी में किसान रैली निकाली जाएगी। जिसे राष्ट्रीय किसान नेता संबोधित करेंगे। वहीं, झारखंड राज्य किसान सभा के 8 वें राज्य सम्मेलन नगड़ी की तैयारी के लिए स्वागत समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष डॉ प्रो मिथिलेश सिंह, सचिव मदुवा कच्छप, कोषाध्यक्ष शंकर उरांव, ललित मुंडा, उपाध्यक्ष सुरेश मुंडा, प्रदीप महतो, बिगल उरांव, संयुक्त सचिव प्रफुल्ल लिंडा, कपील महतो, राजू मुंडा, भवन सिंह चुने गए। लगो हाथ 51 सदस्यीय कमेटी सदस्यों का भी चयन हुआ।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बैठक



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** चान्हो प्रखंड के पंचायतों में शुक्रवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को शुरू करने को लेकर बीडीओ वरुण कुमार ने ने गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय में बैठक की। इस दौरान बीडीओ ने कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया।

# आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** बढ़ते ठंड को देखते हुए झारखंड सरकार की पहल पर आंगनबाड़ी केंद्रों में जाने वाले बच्चों के लिए स्वेटर की व्यवस्था करायी गयी है। इसी क्रम में गुरुवार को ओरमांझी पंचायत के बाजार टांड में मुखिया दीपक बड़ाइक की उपस्थित में छोटे- छोटे बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। बच्चे स्वेटर पहन कर काफी खुश दिखे। इस मौके पर मुखिया के साथ उप मुखिया संतोष गुप्ता, ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहरा, वार्ड सदस्य आनंद नायक, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका के अलावा ग्राम प्रधान दीनदयाल, आनंद नायक आदि उपस्थित थे।

# कुरमी को अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचीबद्ध कराने का लिया संकल्प



**झारखंड कुर्मी विकास परिषद की कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** रांची के बूटी स्थित आरटीसीपीएचडी में गुरुवार को झारखंड कुरमी विकास परिषद के कार्यकारिणी की बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष रणधीर कुमार चौधरी ने की। इसमें निर्णय लिया गया कि 25 दिसंबर को धूमधाम से वार्षिक मिलन समारोह आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बैठक में शैक्षणिक, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं व्यावसायिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी। इसमें कुरमी एकता पर विशेष जोर दिया गया एवं कुरमी को अनुसूचित जनजाति की सूचि में सूचीबद्ध कराने का संकल्प लिया गया। नवनियुक्त महासचिव सुनील महतो एवं जिला अध्यक्ष रामनाथ महतो को परिषद के संरक्षक डॉक्टर उदय नारायण महतो की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर संरक्षक डॉक्टर रुद्र नारायण महतो, महासचिव सुनील कुमार महतो, जिला अध्यक्ष रामनाथ महतो, संजय कुमार महतो, बालसाय महतो, जगत महतो, सुरेश प्रसाद, महेंद्र महतो, राजेंद्र ओहदार, सुनील कुमार महतो, बलित महतो, उमेश महतो और काली महतो आदि उपस्थित थे।

# रांची महानगर संयोजक मंडली में शामिल हुए वीरु साहू



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार रांची महानगर संयोजक मंडली का विस्तार किया गया है। संशोधित मंडली में कुल 32 सदस्यों का नाम शामिल है। जिसमें लोवाडीह निवासी सह झामुमो रांची जिला के पूर्व उपाध्यक्ष वीरु साहू को शामिल किया गया है। जिसे लेकर झामुमो नेता सहित लोगों ने उन्हें बधाई दी है। इसमें झामुमो के रांची जिला प्रमुख मुस्ताक आलम, दुर्गा सोरेन स्मारक समिति के अध्यक्ष विलियम रिचर्ड लकड़ा, जावेद अख्तर, बीरबल मिर्धा, गोपाल पांडे, शांति तिर्की, सुनीता लिंडा, अनिमा कच्छप, अंकित लकड़ा, रोमित मिंज, हरीश महतो आदि शामिल है।

# शहर के सभी पार्कों की हुई साफ-सफाई नागरिकों के उपयोग के लिए उपलब्ध

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शरद ऋतु के मद्देनजर गुमला नगर परिषद की ओर से शहरी क्षेत्र के तीनों पार्क रॉक गार्डन, पटेल पार्क एवं विकास कॉलोनी पार्क की वृहत पैमाने पर साफ सफाई कराई गई है। सभी पार्कों को नागरिकों के उपयोग के लिए खोल दिया गया है। सभी पार्कों में हरियाली की दृष्टिकोण से विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधे लगाये गये हैं। बच्चों के मनोरंजन के लिए खेलकूद की सामग्रियां भी उपलब्ध हैं। तीनों पार्कों में नागरिक सपरिवार भ्रमण कर प्रकृति का आनंद लेते हुए परिवार के संग समय व्यतीत कर सकते हैं।

# सब्जी लदा पिकअप पलटा

**मांडर (आजाद सिपाही)। टोल प्लाजा के पास गुरुवार की सुबह सब्जी लदा एक पिकअप अचानक टायर फट जाने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इससे वाहन में लदा शिमला मिर्च सड़क पर बिखर गया। हालांकि इस हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।**

# कामडारा में जंगली हाथियों ने जमाया डेरा, दहशत में ग्रामीण



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत गांव टुरुण्डू डुमरटोली के वनक्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से डेरा जमाये जंगली हाथियों का झूंड अक्सर घने झाडियों के बीच जाकर छिप जा रहा है। जिससे जंगली हाथियों को क्षेत्र से बाहर निकालने में वनकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। वहीं, प्रतिदिन जंगली हाथियों का झूड खेत-खलिहानों में घुसकर धान की फसलों को पूरी तरह से बर्बाद कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक गांव टुरुण्डू डुमरटोली और बनटोली के बीच घने जंगलों-झाड़ियों के बीच हाथियों के झूंड को विचरण करते देखा जा रहा है। इससे गांव पोजे दुग्गाटोली, बनटोली और डुमरटोली के ग्रामीणों के बीच भय का माहौल बना हुआ है। जबकि, बसिया वनप्रमंडल के वनपाल लिबनुस कुल्लू के नेतृत्व में पिछले एक सप्ताह से वनकर्मी और ग्रामीण शाम ढ़लते ही मशाल एवं पटाखे लेकर उक्त जंगली हाथियों को क्षेत्र से बाहर निकालने के प्रयास में जुटे हैं। लेकिन अभी तक उन्हें सफलता नहीं मिली है। वनपाल लिबनुस कुल्लू ने बताया कि उक्त जंगली हाथियों की संख्या कुल 14 है। जिसमें से हाथी के तीन छोटे बच्चे भी शामिल है। उक्त जंगली हाथियों को जब भी बाहर निकालने का प्रयास किया जाता है, तो वे घने झाड़ियों मे जाकर छिप जाते हैं। हालांकि ड्रोन के माध्यम से उनका लोकेशन और उनकी गतिविधियों की जानकारी मिल चुकी है। गुरुवार की शाम में पुनः जंगली हाथियों के झूंड को डुमरटोली से बाहर निकालकर दूसरे क्षेत्र में भगाने का प्रयास किया गया।

## भरनो में भी 18 जंगली हाथियों का आगमन

**भरनो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जतरगड़ी, नदी टोली होते हुए सुपा गांव में 18 जंगली हाथियों ने प्रवेश किया है। ग्रामीणों के अनुसार हाथियों का झुंड सूपा गांव के समीप पहुंच चुका है। हाथी को क्षेत्र से खदेडने के लिए मौके पर वन विभाग की टीम भी पहुंची हुई है। वहीं, वनपाल राकेश कुमार मिश्रा ने ग्रामीणों से अपील किया है किसी भी परिस्थिति में जंगली हाथी के समीप ना जाए एवं छेड़छाड़ ना करें हाथी उग्र होने पर जान माल की क्षति हो सकती है**

# गढ़वा में किशोरी की हत्या ऑनर किलिंग की आशंका

**पुलिस ने जलती चिता से शव को निकाला, पिता और भाई को लिया हिरासत में**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के सोह गांव में गुरुवार को एक किशोरी की हत्या कर उसके परिजनों द्वारा शव को जलाने का प्रयास किये जाने का मामला सामने आया है। हालांकि गुप्त सूचना पर समय रहते पुलिस मौके पर पहुंच गई और जलती चिता से शव को उतारकर अपने कब्जे में ले लिया। इस मामले में मृतका के पिता और भाई को हिरासत में ले लिया गया है।

## युवक के साथ दिखने पर पिटाई

ग्रामीणों की मानें तो गुरुवार की दोपहर गांव की 17 वर्षीया किशोरी को परिजनों ने एक युवक के साथ देख लिया। जिससे किशोरी के चरित्र पर संदेह हुआ। इसी बात को लेकर परिजन आगबबूला हो उठे। बताया जा रहा कि परिजनों ने किशोरी की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना को छिपाने के लिए परिजनों ने उसे एक कमरे में बंद कर दिया। यही नहीं, परिजनों ने शाम में आनन-फानन में अंतिम संस्कार की तैयारी की। गांव के कुछ लोगों की मदद से शव को बगही श्मशान घाट ले जाया गया। वहां चिता तैयार कर शव को रखकर अंतिम संस्कार शुरू कर दिया गया। चिता में आग भी लगा दी गई थी।

## पुलिस ने जलती चिता से निकाला शव

इसी बीच, किसी ग्रामीण ने घटना की सूचना गढ़वा पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत श्मशान घाट पहुंची। पुलिस के पहुंचने से पहले परिजन और अन्य ग्रामीण मौके से फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने जल रही चिता से शव को निकालकर सुरक्षित कर लिया।

## विधिक जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप : राजेश सिन्हा

आजाद सिपाही समवाददाता




**अनगड़ा।** झालसा के निर्देश, न्यायायुक्त सह अध्यक्ष के मार्गदर्शन एवं डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर की देखरेख में गुरुवार को होटल रांची के कांटाटोली स्थित जेनिस्टा-ईन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं स्पार्क, एनजीओ के सहयोग से विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा, स्पार्क एनजीओ के सचिव एचआई फातमी, कोडिनेटर मो शमशाद, एनजीओ सदस्य, पीएलवी लता कुमारी, युधिष्ठिर महतो, बिनोद कच्छप, पिंकी गुप्ता आदि उपस्थित हुए। डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा ने स्टैट लेवल वर्कशॉप में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 पर फोकस करते हुए कहा कि बाल विवाह का अर्थ बच्चों का कम उम्र में विवाह कराना। यह प्रथा हमारे समाज में वर्षों से चली आ रही है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। बाल विवाह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा डालती है। छोटी उम्र में शादी के कारण बच्चियां शिक्षा से वंचित रह जाती हैं और उनका भविष्य अंधकारमय हो जाता है। बाल विवाह से मातृत्व की समस्याएं और स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयाँ भी उत्पन्न होती हैं, जो समाज के लिए हानिकारक हैं। इसी के मद्देनजर डालसा रांची समय-समय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़-नाटक एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक करती है। बाल विवाह को समाज से उखाड़ फेंकना ही डालसा का उद्देश्य है। उन्होंने झारखंड कंपलसरी रजिस्ट्रेशन ऑफ मैरिज एक्ट-2017 के प्रावधानों को बताया। कहा कि मैरिज रजिस्ट्रेशन आज के परिवेश में कराना अत्यंत आवश्यक है, जो शादी-शुदा हैं, चाहे उनकी शादी पूर्व में हुई हो, वह भी विवाह रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें, इससे सरकार की योजनाओं का लाभ तथा कानूनी लाभ प्राप्त होता है। इसके अलावा स्पेशल मैरिज एक्ट -1954 एवं हिन्दू मैरिज एक्ट-1955 के प्रावधानों को फोकस कर कोर्ट मैरिज और रजिस्ट्रेशन मैरिज के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। उन्होंने बाल विवाह रोकथाम से संबंधित नालसा की ओर से संचालित योजना 'आशा' के बारे में भी बताया।ु४१७, स्पार्क एनजीओ के कोऑर्डिनेटर ने कहा कि इस रजिस्ट्रेशन को पंचायत स्तर पर लागू किए बिना बाल विवाह को रोकना संभव नहीं है।

# विभिन्न आपराधिक मामलों में लिप्त आठ आरोपी गिरफ्तार, भेजे गये जेल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने विभिन्न आपराधिक मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। इसमें नाबालिक लड़की भागने का एक आरोपी भी शामिल है। उनकी पहचान लाहैर साहू, महावीर बैगा (60), प्रिय रंजन राज (25), मोहम्मद रेहान (25), नीलांबर सिंह (41), रवि प्रकाश लकड़ा (33), शिव शंकर उर्फ बिटला (35) और सिकंदर उर्फ सुरेंद्र नायक (22) के रूप में हुई है। इनमें से लाहौर साहू केसीपारा का रहने वाला है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का आरोप है। जबकि महावीर बैगा गुमला थाना क्षेत्र के चंदाली गांव का रहने वाला है। उसके खिलाफ जमीनी विवाद का मामला दर्ज है। जबकि करौंदी निवासी प्रिय रंजन राज को मारपीट मामले में गिरफ्तार किया गया है। वहीं, मोहम्मद रिहान अंबेडकर नगर का रहने वाला है। वह चोरी के मामले में फरार चल रहा था। उस पर खड़ियापाड़ा में किराना दुकान में साल 2019 में पैसे चोरी करने का आरोप है। जबकि नीलांबर सिंह रकमसेरा का रहने वाला है। उस पर पुग्गू पाकर टोली के रहने वाले रवि प्रकाश लकड़ा के साथ मिलकर जमीन बेचने के एवज में पैसा लेने का आरोप हैं। हालांकि दोनों ने ना ही जमीन बेची और ना ही पैसा लौटाया। जिसके बाद पीड़ित ने गुमला थाना में दोनों आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। लंबे समय से दोनों फरार चल रहे थे। जबकि शिव शंकर उर्फ बिटला रामनगर का रहने वाला है। उसपर मारपीट का आरोप है। उधर, मुरकुंडा पुरना टोली के रहने वाले सिकंदर उर्फ सुरेंद्र नायक पर 2025 में एक नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप है। लड़की की मां ने गुमला थाना में आरोपी के बिरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया।

# कुरकुरा उच्च विद्यालय में थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को किया जागरूक



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कुरकुरा थाना प्रभारी संजय मुंडा की ओर से उच्च विद्यालय में गुरुवार को छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। हेल्पलाइन नंबर 112 के बारे में बताते हुए थाना प्रभारी की ओर से सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध, डायन बिसाही, नशापान, बाल विवाह और बाल मजदूरी आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही तेज गति से बाइक तलाने से हो रहे हादसे को लेकर सतर्क। विद्यार्थियों से तेज रफ्तार में बाइक नहीं चलाने की अपील की। वहीं, कहा कि ग्रामीण इलाके में बहुत जल्द लोग अंधविश्वास का शिकार हो जाते हैं। जिससे तरह-तरह की अफवाहें उड़ने लगती है इससे परहेज करें। थाना प्रभारी ने कई सामाजिक कुरूतियों के बारे में भी स्कूली बच्चों को जानकारी दी। कहा कि अपने गांव घर के लोगों को जाकर इन सब बातों को बताकर उन्हें भी जागरूक करें। इस मौके पर शिक्षक शिक्षिका सहित स्कूली बच्चे मौजूद थे।

# चैनपुर प्रोजेक्ट प्लस 2 विद्यालय पहुंचा 'एमएसई अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी' वाहन



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार की ओर से संचालित 'एमएसई अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी' जागरूकता वाहन गुरुवार को चैनपुर प्रखंड के प्रोजेक्ट प्लस 2 उच्च विद्यालय प्रांगण में पहुंचा। इसका उद्देश्य स्कूली बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह भारत सरकार की ओर से चलाया गया यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। बच्चों के लिए केंद्र सरकार की ओर से यह चलता-फिरता अंतरिक्ष प्रायोगिक वाहन आया है। आप सभी इसकी विस्तृत जानकारी लें और इसे अपने जीवन में अमल में लायें। यह भविष्य की तकनीकों को समझने का एक बेहतरीन अवसर है। उधर, बच्चों ने भी बड़े उत्साह के साथ वाहन में प्रदर्शित अंतरिक्ष से जुड़ी जानकारियों और मॉडलों को देखा और समझा। इस मौके पर बीपीओ सत्येंद्र कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# रायडीह प्रखंड में शिक्षकों का आवश्यकता आधारित आकलन परीक्षा ऑनलाइन संपन्न



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** सरकार की झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए आवश्यकता आधारित आकलन (टीएनए) की विगत मंगलवार से राज्यभर में शुरू हुई ऑनलाइन परीक्षा गुरुवार को संपन्न हुई। इसी कड़ी में रायडीह प्रखंड में यह परीक्षा पतरा टोली स्थित श्री बनवारी लाल साहू राजकीय मध्य विद्यालय में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा दो पाली में आयोजित हुई। जिसमें कुल 321 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। परीक्षा केंद्र पर परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई थी। कदाचार-मुक्त परीक्षा संचालन के लिए प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अभिजीत सेन गुप्ता के नेतृत्व में सभी संकुल साधन सेवियों एवं प्रखंड साधन सेवियों ने समर्पित रूप से अपनी भूमिका निभाई। इस ऑनलाइन आकलन परीक्षा का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों की विषयगत दक्षताओं एवं शैक्षणिक आवश्यकताओं की पहचान करना है, ताकि भविष्य में संबंधित विषयों के लिए विभाग की ओर से उपयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध कराया जा सके। इससे शिक्षण-अधिगम की गुणवत्ता में और सुधार लाने में सहायता मिलेगी और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## लोहरदगा सांसद ने किया विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन

# शिक्षा वह धन है जिसे कोई चोरी नहीं कर सकता: सुखदेव भगत

**कहा- सफलता का मूल आधार अनुशासन ही है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उर्सलाइन कॉन्वेंट बालिका विद्यालय में गुरुवार को शिक्षक-अभिभावक मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत शामिल हुए। जिनका स्वागत बैंड पार्टी की मधुर धुनों पर किया गया। इस दौरान सांसद ने विद्यालय की आधुनिक विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। जिसके बाद दीप प्रज्वलन कार्य सांसद, सिस्टर कुमुदिनी तिर्की (प्रोविंशियल), जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजनील तिग्गा, प्रधानाध्यापिका सिस्टर हिरमीला लकड़ा, विद्यालय कैबिनेट की प्रधानमंत्री भूमिका उरांव और अभिभावक प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से किया। इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिकता से भर दिया। जबकि स्वागत भाषण में प्रधानाध्यापिका सिस्टर हिरमीला लकड़ा ने विद्यालय की उपलब्धियों और अभिभावकों के सहयोग को संस्थान की सबसे बड़ी ताकत बताया। उदर, अपने संबोधन में सांसद सुखदेव भगत ने विद्यालय की सभी प्रस्तुतियों की सराहना की। कहा कि विद्यालय प्रबंधन अपने दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन कर रहा है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह करते हुए कहा कि हर वर्ग के बच्चे यहां पढ़ते हैं, इसलिए जरूरी है कि माता-पिता अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर विशेष ध्यान दें। कहा कि अभिभावक अपना जीवन जैसे भी बिताया हो, पर बच्चों को जरूर पढ़ाएं। हर धर्म में शिक्षा को प्रथम महत्व दिया गया है, इसे जीवन में अपनाएं। सांसद ने अनुशासन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बच्चे हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन सफलता का मूल आधार अनुशासन ही है। अपने बचपन को याद करते हुए उन्होंने कहा मैं संसद में सबसे अधिक सवाल पूछने वाले सांसदों में गिना जाता हूं। यह पढ़ाई की वजह से ही संभव हुआ है। उन्होंने शिक्षा को सबसे बड़ी पूंजी बताया। कहा कि शिक्षा ऐसा धन है जिसे कोई चुरा नहीं सकता। जैसे चिरागों से घर रोशन होता है, वैसे ही शिक्षा से जीवन रोशन होता है। सांसद ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की भावनाओं को समझें, उनकी इच्छाओं पर उनसे बात करें और सही-गलत का मार्गदर्शन दें। उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू का उदाहरण देते हुए कहा कि हर समस्या का समाधान है। बस उसे साहस से सामना करना होगा। कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ ही नैतिक मूल्यों का होना भी आवश्यक है। उन्होंने आश्वस्त किया कि हर जरूरत पर खड़ा मिलेंगें और शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए निजी स्तर पर भी लगातार प्रयास करते रहेंगें। अंत में धन्यवाद ज्ञापन सिस्टर निर्मला लकड़ा (प्राचार्य, इंटर कॉलेज) ने किया। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा, आलोक साहू, अनिरुद्ध चौबे, रूपेश सन्नी, रोहित उरांव, मो साहेब वसीम, गुलाम सरवर, जय सिंह, इकरामुल हक, आबिद हक, अमित कुमार, रफी अली, अतीक रहमान, जोय कुजर आदि उपस्थित रहे।



आधुनिक विज्ञान प्रयोगशाला में बच्चों द्वारा बनाये मॉडल के देखते सांसद सुखदेव भगत।

# दो सगे भाइयों की हत्या के मामले में पांच साल बाद आया फैसला, दोषी को उम्र कैद की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के नावागढ़ पतराटोली ऊपर खोर गांव में पांच साल पहले 28 अगस्त 2020 को दो सगे भाइयों की हत्या कर दिये जाने के मामले में लंबी न्यायिक प्रक्रिया के बाद अदालत ने गुरुवार को अपराह्न तीन बजे महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। एडीजे-वन प्रेम शंकर की अदालत ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी अभय तिर्की को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर अतिरिक्त सजा का प्रावधान भी रखा गया है।

## 28 अगस्त 2020 को हुआ था दोहरा हत्याकांड

**नावागढ़ पतराटोली निवासी कृपा मिंज के दो बेटे प्रकाश बेक (35) और जोसेफ बेक (32) की साल 2020 में 28 अगस्त को हत्या कर दी गई थी। घटना के समय दोनों भाई अपने गांव के ही अभय तिर्की के साथ घर से करीब 200 मीटर दूर स्थित दूसरे घर में पार्टी कर रहे थे। रात में बारिश होने के कारण मां कृपा मिंज अपने बेटों से मिलने नहीं जा सकीं थी। जब 28 अगस्त की रात नौ बजे वह उनके लिए भोजन लेकर पहुंचीं, तो घर का दरवाजा टूटा मिला और अंदर जमीन पर चारो ओर खून फैला था। अंदर गयी तो दोनों बेटे अलग-अलग चौकी पर खून से लथपथ मृत पड़े थे। कृपा मिंज ने रोते-बिलखते स्थानीय लोगों को इसकी सूचना दी। हालांकि बारिश और रात अधिक होने के कारण उस समय थाने को खबर नहीं दी जा सकी। अगले दिन यानी 29 अगस्त की सुबह उन्होंने रायडीह पुलिस को घटना की सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू हुई। कृपा मिंज ने संदेह व्यक्त करते हुए बताया था कि उसके बेटों के करीबी दोस्त अभय तिर्की ने साजिश के तहत नशा खिलाकर तेज धारदार हथियार से उनकी हत्या की है। लंबे समय तक चली इस सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक अजय कुमार रजक ने पक्ष रखा, जबकि पीड़ित परिवार की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र शर्मा ने मजबूत पैरवी की। अदालत ने सभी प्रमाण, गवाहों के बयान, घटना के लगातार विवरण और परिस्थितिजन्य तथ्यों को देखते हुए अभय तिर्की को दोषी करार देते हुए सजा सुनायी।**

## प्रेम प्रसंग बना हत्या का कारण

इस दोहरे हत्याकांड के पीछे अनुशंधान में यह बात उभर कर सामने आयी कि दोषी अभय तिर्की की बहन के साथ मृतकों के घर में रहने वाले एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग था। इसे लेकर अभय का उक्त युवक के साथ विवाद हुआ था, जिसमें प्रकाश और जोसेफ ने अपने घर में रहने वाले युवक का साथ दिया था। इसी का बदला लेने के लिए अभय ने दोनों भाइयों की हत्या कर दी। इधर, दोहरे हत्याकांड में अदालत के फैसला का पीड़ित परिवार ने स्वागत किया है। मृतकों की मां कृपा मिंज और बहन अंजू मिंज ने कहा कि भले ही फैसला देर से आया हो, लेकिन न्याय मिला है। अदालत का निर्णय बिल्कुल दुरुस्त है। परिवार का कहना है कि इस फैसले से उनके दोनों बेटों की आत्मा को भी शांति मिली होगी। मां कृपा मिंज ने कहा कि न्यायपालिका पर उनका विश्वास और मजबूत हुआ है। वहीं, बहन अंजू ने कहा कि भाईयों के खोने का दर्द कभी खत्म नहीं हो सकता। लेकिन अदालत ने दोषी को सजा देकर न्याय की उम्मीद को कायम रखा है।

# सीसीकरमटोली में 21 को लगेगा सरकार आपके द्वार शिविर

**जारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सीसीकरमटोली पंचायत में 21 नवंबर को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार शिविर लगेगा। इसकी जानकारी बीडीओ यादव बैठा ने गुरुवार को दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जयसवाल करेंगे। बीडीओ ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।1**

# ग्रामीण बैंक ने पीड़ित परिवार को दिलाया 10 लाख का बीमा राशि




**घाघरा (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, आदर शाखा की ओर से मलगो निवासी महेश कुमार को उनकी पत्नी स्वर्गीय मालती देवी के एसबीआई जेनरल के अंतर्गत व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा दावे की राशि 10 लाख रुपये का क्लेम सर्टिफिकेट और चेक प्रदान किया गया। शाखा प्रबंधक संदीप कुमार सिंह ने क्लेम राशि सौंपते हुए परिवार को सांत्वना दी। कहा कि बैंक हमेशा ग्राहकों के हितों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान सारंगो के मुखिया राजेश बड़ाईक और आदर की मुखिया यशमुनी कुमारी भी उपस्थित रहीं। दोनों जनप्रतिनिधियों ने कहा कि बीमा योजनाएं आमजनों के लिए सुरक्षा कवच हैं। इस मौके पर राजीव उरांव, बादल राम, निकेश कुमार साहू, लक्ष्मण कुमार, बैजनाथ उरांव, बैंक सखी मुन्नी उरांव, कार्तिक उरांव, बैंक कैशियर सुकुमार दत्ता, सोनी कुमारी, गणेश बड़ाईक आदि थे।**

# अनुराग होटल में पुलिस की छापामारी 13.76 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब जब्त

## अवैध शराब के विरुद्ध लगातार चलेगा अभियान : एसडीपीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर/गुमला।** चैनपुर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए स्थानीय अनुराग होटल में छापामारी की। एसडीपीओ ललित मीणा के नेतृत्व में चलाए गए छापामारी अभियान में पुलिस ने होटल से 13.76 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है। लगे हाथ पुलिस ने अनुराग होटल के संचालक लियोनार्ड खलखो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उधर, छापामारी के बाद एसडीपीओ ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई एक शुरूआत है। क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा कि, अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ पुलिस का छापामारी अभियान लगातार चलता रहेगा। जो भी नियम तोड़कर शराब बेचते पाए जाएंगे, उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उधर, प्रशासन की इस अचानक कार्रवाई और एसडीपीओ की सख्त चेतावनी के बाद चैनपुर क्षेत्र के अवैध शराब विक्रेताओं और ढाबा संचालकों में हड़कंप मच गया है। वहीं, स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है। लोगों का कहना है कि जहां-तहां अवैध तरीके से शराब बेचे जाने के कारण बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी नशे का शिकार हो रहे हैं।





# खेलकूद से अनुशासन, खेल भावना और नेतृत्व क्षमता को मिलता है बढ़ावा : सीओ

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बड़काडीह स्थित एजी चर्च स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सह एथलेटिक्स का भव्य आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ सीओ खाखा सुशील कुमार सहित अन्य अतिथियों ने पारंपरिक मशाल जलाकर किया। इस दौरान अपने संबोधन में सीओ ने कहा कि बच्चों की ओर से प्रस्तुत पारंपरिक और आदिवासी नृत्य झारखंड की जीवंत संस्कृति, सभ्यता और समृद्ध विरासत का प्रतीक है। खेलकूद बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजन बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाते हैं। वहीं, विद्यालय के निदेशक फ्रांसिस टोप्पो ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ ही खेल, संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जोड़ना है। इधर, मैदान में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, रिले रेस सहित कई खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका महासागरी टोप्पो, महालक्ष्मी बेक, उषा बेक, सपना लकड़ा, बिरसाई, माला मिंज, सुमन मिंज, सुनील नगेसिया, मनोज मिंज, अनमोल, अनीता, हर्षिता, ज्योतिका, बिंदा एक्का, संगीता, रोशनिता, स्मीता, पुष्पिता, आरती, समीना, सीनचंद्र, उंजलवर, श्री प्रकाशन और संतोष आदि उपस्थित थे।

# घाघरा में तीन दिवसीय टीएनए परीक्षा का समापन

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में आयोजित शिक्षकों की तीन दिवसीय टीएनए (टीचर नीड असेसमेंट) परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों ने ऑनलाइन माध्यम से आयोजित परीक्षा में हिस्सा लिया। परीक्षा का उद्देश्य शिक्षकों की विषयगत दक्षता, शिक्षण विधियों की समझ और प्रशिक्षण आवश्यकताओं का आकलन करना था। शिक्षा विभाग की बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने बताया कि टीएनए परीक्षा पूरी तरह विभागीय स्तर पर ऑनलाइन कराई गई, जिससे मूल्यांकन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुव्यवस्थित हो गई है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के माध्यम से शिक्षकों की क्षमता और सुधार के क्षेत्रों को चिन्हित किया जाएगा, ताकि आने वाले समय में आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके। बीपीओ ने बताया कि तीन दिनों तक चले इस परीक्षा में शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की और अपनी शैक्षणिक दक्षता को बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया। विभाग अब प्राप्त आंकड़ों के आधार पर प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार करेगा, जिससे शिक्षण व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके। मौके और कई शिक्षक उपस्थित थे।

# खेत में काम कर रही युवती को सांप ने काटा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिले में आए दिन धान के खेत में किसानों को सांप काटने का सिलसिला जारी है। ताजा मामला सिसई थाना क्षेत्र में दिखा। मूरगु कामता गांव में धान के खेत में काम कर रही निरमा उरांव (24) को सांप ने काट लिया। उसकी हालत गंभीर होते देख परिजव तुरंत इलाज के लिए गुरुवार की शाम पांच बजे सदर अस्पताल लेकर आए। जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक निरमा अपने रिश्तेदारों के साथ खेत में काट कर रखे धान को लाने गई थी। धान का बोझा तैयार कर सिर पर रखा। असहज महसूस होने पर धान के बोझा को पीछे से जमीन पर गिरा दिया। इसी बीच एक सांप ने उसके पैर को पीछे से काट लिया और तेजी से झाड़ियां में छिप गया। युवती ने बताया कि सांप धान के बोझा में ही छिपा था। बोझा जमीन पर गिरते ही सांप ने उसे काट लिया।

# पुराना भवन जर्जर, बच्चों को केवी के नये भवन में शिफ्ट किया जाए: सय्यदा खातून



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव की सय्यदा खातून ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय (केवी) को पुराने भवन से नई बील्डिंग में शिफ्ट किया जाने की आवश्यकता है। क्योंकि पुराना बिल्डिंग जर्जर हो जाने के कारण कभी भी ध्वस्त हो सकता है। सय्यदा खातून ने डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि जल्द से जल्द पुराने बिल्डिंग को शिफ्ट कर नई बिल्डिंग चालू की जाए। क्योंकि नई बिल्डिंग के बने बहुत समय बीत चुका है। उन्होंने यह भी बताया की स्कूली बच्चों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली सड़क पर कई सारे कमर्शियल गाड़ियों का भी आवागमन होता है। जिससे कभी भी बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों को हादसे के शिकार होने का भय बना रहता है। इस मौके पर कुछ स्कूली बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित थे।

# विधायक प्रतिनिधि ने किया माही आई केयर का का उद्घाटन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लकेया मोड में खुले माही आई केयर का गुरुवार को विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव और बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष रवि उरांव ने उद्घाटन किया। इस दौरान संचालक डॉक्टर संजय उरांव ने बताया कि माही आई केयर में आधुनिक मशीन से आंखों का जांच, मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। कहा कि सिसई वासियों को आंखों का इलाज कराने के लिए गुमला और रांची जैसे बड़ों शहरों में जाना पड़ता था। इस दौरान उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना भी बढ़ता था। बताया कि सिसई के मेन रोड स्थित अर्पणा बुक डिपो के समीप खुले माही ऑप्टिकल की ओर से लगातार आठ वर्षों से आंखों की जांच की जा रही है। लेकिन ऑपरेशन करने की सुविधा नहीं रहने के कारण मरीजों को गुमला या रांची जाना पड़ता था। मरीजों की असुविधा को देखते हुए माही आई केयर में आधुनिक मशीन की मदद से आंखों का संपूर्ण इलाज मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। इस मौके पर दुर्गेश्वर तिर्की, राजा अंसारी, दिलीप साहू, प्रताप उरांव, वासुदेव उरांव, रोशन लाल गुप्ता, अमरदीप बाड़ा, दीपक टेटे, निरंजन एक्का, बुद्धेश्वर उरांव, बसंत उरांव, बबलू आदि मौजूद थे।

# आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर जिला शिक्षा विभाग की बैठक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** आगामी बोर्ड परीक्षा को लेकर गुरुवार को डीसी प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में जिला शिक्षा विभाग की बैठक हुई। जिसमें परीक्षा केंद्रों की स्थिति, आवश्यक व्यवस्थाओं और तैयारी की समीक्षा की गई। डीसी ने सभी विद्यालयों में बेंच-डेस्क, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं को तुरंत दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का आकलन करने एवं आवश्यक सुधार समय सीमा के भीतर पूरा करने का आदेश दिया, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। साथ ही अधिकारियों को परीक्षा तैयारियों में पूर्ण सतर्कता और गंभीरता बरतने को कहा। इस मौके पर डीडीसी, अपर समाहर्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## बीएसएल को 2024 में उत्कृष्ट सुरक्षा प्रदर्शन के लिए मिला कलिंगा सेफ्टी एक्सीलेंस अवॉर्ड



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की इकाई बोकारो स्टील प्लांट को वर्ष 2024 के दौरान सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रतिष्ठित कलींगा सेफ़्टी एक्सीलेंस अवॉर्ड (सिल्वर कैटेगरी) से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार 19 नवंबर 2025 को मेफेयर कन्वेंशन सेंटर, भुवनेश्वर में आयोजित समारोह में बोकारो स्टील प्लांट के प्रतिनिधियों को ओडिशा विधान सभा की अध्यक्ष सुरमा पाध्य तथा ओडिशा के सांसद रबिन्द्र नारायण बेहेरा के द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में उद्योग जगत के कई प्रमुख प्रतिनिधि, विशेषज्ञ तथा सुरक्षा पेशेवर उपस्थित थे। कलींगा सेफ़्टी एक्सीलेंस अवॉर्ड उन संस्थाओं को दिया जाता है, जो सुरक्षा प्रणालियों, प्रदर्शन और संस्कृति के प्रति उत्कृष्ट प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती हैं। बोकारो स्टील प्लांट को यह सम्मान सुरक्षा प्रदर्शन को दर्शाने वाले विस्तृत आवेदन पत्र का प्रस्तुतिकरण, सुरक्षा पहलों और सर्वोत्तम प्रथाओं का दस्तावेजीकरण, विशेषज्ञ जूरी के समक्ष डिजिटल प्रस्तुति जिसमें नवाचार, जोखिम नियंत्रण प्रयास और कर्मियों की सहभागिता को प्रदर्शित करने वाले एक विस्तृत मूल्यांकन प्रक्रिया के आधार पर प्राप्त हुआ है।

## दि पेंटिकॉस्टल में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** दि पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल में गुरुवार को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग्यता और कौशल पर आधारित इस आयोजन ने छात्रों को पेशेवर स्तर की क्विज़िंग का अनुभव प्रदान किया। कक्षा 3 से 11 तक के छात्रों ने इस प्रतियोगिता में सक्रिय भागीदारी निभायी। जॉय, होप, फेथ और पीस—इन चारों हाउस के चयनित प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय स्तर की क्विज संरचना पर आधारित रोमांचक राउंड्स में शानदार प्रतिस्पर्धा दिखायी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे नटशेल जीके के सह-संस्थापक एवं प्रसिद्ध क्विज मास्टर क्रिश अग्रवाल और कौशिक समद्दार (हेड ऑफ बिजनेस डेवलपमेंट), जिन्हें उत्तर बंगाल के प्रमुख शहरों में 300 से अधिक क्विज होस्ट करने का अनुभव प्राप्त है। उन्होंने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति, सटीक प्रश्नावली से छात्रों को वास्तविक जानकारियों से रुबरु कराया। प्रतियोगिता में प्रत्यक्ष प्रश्न, केबीसी , विजुअल, बजर, वाइपआउट, पाउंस-एंड-बाउंस तथा वरिष्ठ छात्रों के लिए ह्यहू अम आईह्न जैसे चुनौतीपूर्ण राउंड शामिल थे। जिनसे छात्रों की जिज्ञासाओं में कौतूहलता दिखायी दी। मौके पर निदेशक डैनियल माइकल प्रसाद ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बौद्धिक प्रगति, आत्मविश्वास और समग्र व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्राचार्या डॉ करुणा प्रसाद ने इस प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में जिज्ञासा और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करने में मदद पहुंचाते हैं।

## रैयतों का बस्ताकोला प्रबंधन और आउटसोर्सिंग प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन



**धनसार (आजाद सिपाही)।** सोनार बस्ती के रैयतों ने गुरुवार को बस्ताकोला प्रबंधन व आउटसोर्सिंग प्रबंधन के खिलाफ उनके जमीन पर अवैध तरीके से खनन का कार्य करने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बस्ताकोला महाप्रबंधक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गुस्साये रैयतों ने उनके जमीन पर कार्य कर मशीनों को वापस लौटा दिया। रैयतों ने बस्ताकोला प्रबंधन के खिलाफ जमकर हंगामा किया। नेतृत्व कर रहे रैयत पंचम प्रसाद वर्मा व राजेश वर्मा ने कहा कि बस्ताकोला सोनार बस्ती के पंद्रह रैयतों की यहां 35.69 एकड़ जमीन है। बीसीसीएल ने बस्ताकोला देवप्रभा आउटसोर्सिंग के विस्तारीकरण के लिए हम रैयतों से 12.81 एकड़ जमीन अधिग्रहण की। जिसका मुआवजा मिला है।लेकिन बाकी 23.509 एकड़ जमीन की बिना मुआवजा दिए ही इस जमीन पर खनन कार्य शुरू कर दिया होगा।बीसीसीएल के बस्ताकोला महाप्रबंधक पर आरोप मढ़ते हुए कहा कि हम रैयतों की थोड़ी जमीन खरीदकर सब जमीन पर अवैध तरीकें से अवैध रूप से खनन करना चाह रही है।अबतक बिना खरीदे दस एकड़ जमीन पर आउटसोर्सिंग ने खनन कार्य शुरू कर दिया है।लेकिन रैयत चुप्प नहीं बैठेंगे।कहा कि इस संबंध मे उपायुक्त, एसएसपी व सीएमडी को पत्र सौंपा है।अगर इसे नहीं रोका गया तो खनन कर रहे जमीन पर अनिश्चितकालिन के लिए धरना पर बैठेंगे।इस दौरान रैयत हरिदास सोनार,देवदास स्वर्णकार, गोपाल प्रसाद वर्मा,बिनोद वर्मा,दिनेश वर्मा, सुरेश वर्मा,राजेश वर्मा, शिबू रजवार,लक्ष्मी रजवार,मोहन रजवार,सुरेश रजवार,मनोज वर्मा,संतोष प्रसाद स्वर्णकार,प्रकाश रजवार सहित अन्य मौजूद थे। इस संबंध में बस्ताकोला कोलियरी के प्रबंधक अभिषेक शर्मा ने बताया कि रैयतों की बाकी सभी जमीन की खरदारी होगी।खरीदारी की सभी प्रक्रिया अंतिम चरण मे है।जल्द ही सभी लोगों का मुआवजा मिल जायेगा।

## 6 को होगा मटकुरिया गोलीकांड पर फैसला

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** चर्चित मटकुरिया गोलीकांड का फैसला अब कोर्ट अगली तारीख को सुनायेगी। कोर्ट ने फैसला सुनाने की तिथि बढ़ा दी है। गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में फैसला आने वाला था। लेकिन अब 6 दिसंबर को फैसले की तिथि अदालत ने निर्धारित की है। 14 सालों तक चली लंबी सुनवाई के बाद गुरुवार को आने वाले फैसले का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। गौरतलब हो कि 27 अप्रैल 2011 बीसीसीएल क्वार्टर पर कब्जा मुक्त कराने गई पुलिस बल के साथ आंदोलकारियों की हिसंक झड़प हुई थीद्ध तत्कालीन एसपी रविकांत धान घायल भी हुए थे। जबकि विकास सिंह समेत चार लोगों की मौत हो गई थी. घटना के बाद तत्कालीन एसडीओ जॉर्ज कुमार के लिखित आवेदन पर पुलिस ने बैंक मोड़ थाना में प्राथमिकी दर्ज की थी। बाद में पुलिस ने 38 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। सुनवाई के दौरान पूर्व मंत्री बच्चा सिंह, पूर्व मंत्री ओपी लाल, पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह, अशोक सिंह और उदय सिंह की मौत हो गयी है। अधिवक्ता मनोज कुमार यादव ने कहा कि आज मटकुरिया गोलीकांड में फैसला आने वाला था। जिसे अदालत ने अगली तिथि 6 दिसंबर निर्धारित कर दी है। 27 अप्रैल 2011 को बीसीसीएल की मटकुरिया आवासों को अतिक्रमण मुक्त कराने पहुंची थी। उन्होंने बताया कि इस दौरान हिंसक झड़प हुई थी। जिसमें 38 लोगों को आरोपी बनाया गया था। तत्कालीन धनबाद विधायक मन्नान मलिक, तत्कालीन डिप्टी मेयर नीरज सिंह और पूर्व मंत्री स्व ओपी लाल समेत 38 लोगों को आरोपी बनाया गया था। वहीं आंदोलनकारी अरविंद सिंह ने कहा कि फैसले की तिथि अदालत ने बढ़ा दी है। पुलिस के द्वारा फायरिंग की गयी थी। फायरिंग की इस घटना के बाद ही हिंसक झड़प हुई थी।

# मोटरसाइकिल चोर गिरोह का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**चोरों की निशानदेही पर नौ मोटरसाइकिल बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** विगत कुछ महिनों से बालीडीह थाना क्षेत्र के रेलवे कॉलोनी, रेलवे गुड्स सेड, गोविन्द मार्केट ईत्यादि क्षेत्रों से लगातार मोटरसाइकिल चोरी की घटना घटित हो रही थी, जिसके आलोक में बालीडीह थाना कांड सं- 299/25, 311/25, 319/25, 323/25 एवं अन्य कांड दर्ज कर गुणवता पूर्ण अनुसंधान करते हुए, चोरी की मोटरसाईकिल की बरामदगी एवं चोरी की घटना के रोकथाम हेतू पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, बोकारो के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया। गठीत टीम के द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए मानवीय एवं तकनिकी आसूचना के सहयोग से लगातार हो रही चोरी की घटना का उद्‌भेदन करते हुए अंतरप्रांतिय गिरोह का खुलासा किया गया तथा संलिप्त तीन अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए उनके निशानदेही पर कुल 9 चोरी की मोटरसाईकिल बरामद किया गया है। इस गिरोह का मुख्य सरगना समशेर आलम है, जो चोरी की मोटरसाइकिल को बंगाल राज्य के पूरुलीया जिला के विभिन्न क्षेत्रो में अंगद कुमार के सहयोग से चोरी कर खपाने का काम करता था ताकि पुलिस की पकड़ में न आ सके। सभी गिरफ्तार व्यक्ति के द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया है। समशेर के द्वारा एक अपराधिक गिरोह तैयार कर लिया गया था. जो मोटरसाईकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। इसमे शामिल अन्य अपराधियों के विरूद्ध छापामारी की जा रही है तथा और कुछ मोटरसाईकिल बरामद होने की संभावना है। इस प्रकार भविष्य में इस गैंग के पकड़ाने से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगेगी।

गिरफ्तार अभियुक्तों में समशेर आलम, उम्र 33 वर्ष, सिवनडीह ए ब्लॉक थाना माराफारी, जिला बोकारो, चंदन कुमार उर्फ छोटू, उम्र 20 वर्ष, मंगलम स्टेडियम सेक्टर 4, अंगद कुमार, उम्र 20 वर्ष, सा करंडी, थाना-अरसा जिला पुरुलिया पश्चिम बंगाल है।

छापामारी दल में नवीन कुमार सिंह, पुनि सह थाना प्रभारी, बालीडीह थाना, बोकारो, पुअनि संदीप कुमार, पुअनि जितेन्द्र कुमार यादव, पुअनि वीरमणि कुमार, पुअनि अजय कुमार राय, पुअनि चन्द्रदेव कुमार, पुअनि शशिकान्त ठाकुर, सअनि नवीन कुमार, सअनि धनेश्वर महतो, आ/272 अमित कुमार सिंह, आ/503 लालदेव मोची, आ/759 राजेश कु पासवान, आ/1054 बैजनाथ राउत आदि शामिल थे।

## 15 सूत्री मांग को लेकर मजदूरों ने किया चक्का जाम



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** बरोरा क्षेत्र के ब्लॉक-2 में गुरुवार सुबह से मजदूरों ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पूर्ण चक्काजाम कर दिया। इसके चलते कोयला उत्पादन और डिस्पैच का कार्य पूरी तरह ठप हो गया। मजदूर संगठनों ने 15 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है।

सूत्रों के अनुसार, विभिन्न मजदूर यूनियनों के संयुक्त बैनर तले सैकड़ों मजदूर सुबह से ही प्रोजेक्ट गेट के सामने एकत्रित हो गए और सभी वाहनों की आवाजाही रोक दी। कोयला लोडिंग और परिवहन पूरी तरह बंद होने से पूरे प्रोजेक्ट में सन्नाटा पसरा हुआ है। डंपर, हाइवा और अन्य वाहन प्रोजेक्ट के बाहर ही खड़े हैं, जिससे लंबी कतार लग गयी है।

मजदूर नेताओं का कहना है कि उनकी 15 सूत्री मांगें लंबे समय से प्रबंधन के सामने लंबित हैं। इनमें मुख्य रूप से वेतन विसंगति दूर करना, स्थायी नियुक्ति, सुरक्षा मानकों का पालन, मेडिकल सुविधाओं में सुधार, विस्थापितों को रोजगार, बकाया बोनस का भुगतान आदि शामिल हैं।

## खुलासा: 1600 से ज्यादा संपत्तियों की रजिस्ट्री बिना पैन कार्ड के हुई

**संपत्तियों का कुल मुल्य 40 करोड़ से अधिक**

**आयकर विभाग को जांच में मिली गड़बड़ी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सिटी और गोविंदपुर निबंधन कार्यालय से पिछले दो वर्षों में 1600 से अधिक संपत्तियों—जमीन, फ्लैट और बंगले की रजिस्ट्री बिना पैन कार्ड के किये जाने का बड़ा खुलासा हुआ है। इन संपत्तियों का कुल मूल्य 40 करोड़ रुपये से अधिक है। आयकर विभाग की प्रारंभिक जांच में कई बड़े कारोबारियों द्वारा नियमों को दरकिनार कर भारी निवेश करने के सबूत मिले हैं। कई मामलों में निवेशकों ने अपनी आयकर रिटर्न में इन संपत्तियों का उल्लेख भी नहीं किया है। आयकर (आसूचना एवं आपराधिक अन्वेषण) विभाग की टीम ने धनबाद और गोविंदपुर निबंधन कार्यालयों में सर्वे कर सैकड़ों संदिग्ध डीड बरामद की हैं। जिनका वैल्यूएशन 10 लाख रुपये से अधिक है, लेकिन उनमें न पैन कार्ड प्रस्तुत किया गया था और न ही फॉर्म-60 भरा गया। सूत्रों के अनुसार कई दस्तावेज ऐसे हैं जिनमें करोड़ों की संपत्ति बिना सही कागजी प्रक्रिया के खरीदी गयी है। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट राज्य मुख्यालय को भेज दी गयी है, जिससे निबंधन कार्यालय के कई अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है। बताते चलें कि जांच एजेंसियां पिछले एक साल से जमीन और मकान में बड़े पैमाने पर किये गये निवेश पर नजर रखे हुए थीं। अब आयकर विभाग इन निवेशकों के रिटर्न का मिलान कर रहा है। कई सफेदपोश व्यापारियों और राजनीतिक व्यक्तियों के भूमिगत संपत्ति निवेश की भी जांच की जा रही है। विभाग ने संबंधित अधिकारियों को दस दिनों में सुधार करने और स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है।

## आइजी ने अपराध नियंत्रण और गश्ती व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए दिये दिशा-निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद समाहरणालय स्थित पुलिस मुख्यालय सभागार में गुरुवार को बोकारो प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आइजी) सुनील भाष्कर की अध्यक्षता में विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में धनबाद जिला पुलिस के सभी शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी रित्विक श्रीवास्तव, सभी डीएसपी, सभी एसडीपीओ, थाना प्रभारी और अंचल निरीक्षक शामिल थे।

**अपराध नियंत्रण पर विस्तृत समीक्षा :** आइजी ने बैठक के दौरान धनबाद में हाल के दिनों में घटित अपराधों का बिंदुवार विश्लेषण किया। खास तौर पर संपत्ति मूलक अपराध—जैसे चोरी, लूट, छिनतइ, गृहभेदन—पर विशेष समीक्षा की गयी। उन्होंने बताया कि धनबाद पुलिस ने पिछले कुछ माह में अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किया है और जिले में कुल मिलाकर शांति-व्यवस्था कायम है।

**संपत्ति मूलक अपराधों की रोकथाम पर निर्देश :** मीडिया को संबोधित करते हुए आईजी सुनील भाष्कर ने कहा कि सभी थाना प्रभारियों को संपत्ति मूलक अपराधों को रोकने के लिए ठोस रणनीति पर काम करने का निर्देश दिया गया है। खासकर अपराधी प्रवृति वाले व्यक्तियों पर सीसीए (क्राइम कंट्रोल एक्ट) लगाने, जेल से रिहा होने वाले अपराधियों पर निरंतर निगरानी, पुराने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, सक्रिय गैंगों पर कानूनी नकेल कसने जैसे कार्यों को प्राथमिकता के साथ पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

**गश्ती और पेट्रोलिंग व्यवस्था और मजबूत होगी :** बैठक में सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, पेट्रोलिंग पार्टी को अधिक सक्रिय करने और सिटी हॉक्स को लगातार मोड पर रखने का निर्देश दिया गया। आइजी ने कहा कि गस्ती दल की निगरानी वरिष्ठ अधिकारी लगातार करेंगे, ताकि अपराधियों में भय का माहौल बना रहे और आम जनता सुरक्षित महसूस करे।

## सिविल सर्विस परीक्षा में सफलता के लिए योजनाबद्ध तरीके से करें तैयारी : संदीप शिंदे

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ बोकारो में लक्ष्य एमजीएम आईएएस हब क्लब की ओर से प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हेतु तैयारी को लेकर गुरुवार को विशेष सत्र का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आइएफएस बोकारो संदीप शिंदे ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल के प्राचार्य फादर डॉ जोशी वर्गीस ने कहा कि लक्ष्य हाइएएस हब क्लब के जरिए विद्यालय के विद्यार्थियों को सिविल सर्विस में सफलता का गुर बताया जाता है। समय-समय पर विशेषज्ञ व अधिकारी बच्चों को सिविल सर्विस की परीक्षा में सफंलता की राह दिखाते हैं। क्लब न केवल बच्चों का मनोबल बढ़ाता है, बल्कि विद्यार्थियों में सिविल सर्विस के प्रति रुचि जागृत करता है। आइएफएस बोकारो संदीप शिंदे ने कहा कि विद्यार्थियों को सिविल सर्विस परीक्षा में सफलता के लिए समय प्रबंधन के अनुरुप योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करनी चाहिए। विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग करना चाहिए। तभी विद्यार्थी सही समय पर इस परीक्षा में सफलता हासिल कर सकेंगे। कहा कि आज के दौर में बच्चे पुस्तकालय से दूर होते जा रहे हैं। विद्यार्थियों को पुस्तकालय का सही उपयोग करना चाहिए। पुस्तकालय में नई पुस्तकें, प्रेरणादायक पुस्तकें, प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित पुस्तकें एवं समसामयिक घटनाओं से संबंधित अखबार व पत्र-पत्रिकाएं उपलब्ध रहती हैं। पुस्तकों का अध्ययन कर विद्यार्थी सही ज्ञान हासिल कर सकते हैं। प्रतियोगिता परीक्षा की अच्छे तरीके से तैयारी कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ फादर जोशी वर्गीस ने मुख्य अतिथि आईएफएस बोकारो संदीप शिंदे को सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन पूजन झा ने किया। मौके पर उप प्राचार्य राखी बनर्जी, शैक्षणिक निदेशक जार्ज जोसफ, हेडमिस्ट्रेस सपना जोशी, क्लब के प्रभारी शिक्षकगण पूनम झा, अरविंद सिन्हा, कंचन सिंह, सुनील कुमार के अलावा शिक्षक, शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## मैकेनिकल इंजीनियर म्यांमार में बंधक, 5 हजार डॉलर देने के बाद भी नहीं किया गया मुक्त

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भूली न्यू आजाद नगर के रहने वाले मैकेनिकल इंजीनियर मो शाहजेब रहमान को म्यांमार में बंधक बना लिया गया है। मुक्त कराने के लिए उसकी मां से 5 हजार डॉलर की मांग की गयी। मां निशांत अफरोज ने गहने बेचकर और कर्ज लेकर फिरौती की रकम भी बैंक में ट्रांसफर कर दी। लेकिन बेटा अबतक वापस नहीं लौटा। मां ने एंबेसी, होम मिनिस्टर समेत उच्च अधिकारियों को पत्र के माध्यम से बेटे की रिहाई की मांग की है। मां को सरकार पर पूरा भरोसा है। वह बेटे के वापस लौटने का इंतजार कर रही है। खास बातचीत में मां ने बताया कि 2024 में वह बैंगलोर गया था। आइटी सेक्टर में उसे जॉब मिली थी। करीब 6 महीने बाद वापस घर लौट आया। सितंबर के पहले सप्ताह फिर से वह बैंगलोर चला गया। बैंगलोर से बाहर गया, लेकिन उसकी सूचना मुझे नहीं दी। तीन महीने बाद दिसंबर में वह बताया कि वह बैंगलोर से बाहर चला गया है. लेकिन उसने यह नहीं बताया कि वह कहां गया।

**DIRECTORATE OF ANIMAL HUSBANDRY**
**DEPARTMENT OF AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE**
**(GOVERNMENT OF JHARKHAND)**

**Part-A**
**NOTICE FOR INVITING**
**Very Short term Re e- TENDER No.- 01/2025-26**
**FOR**
**Selection of Insurance Intermediaries to provide Technical & Operational Support and Overseeing effective implementation of Jharkhand Livestock and Poultry Insurance Scheme through Registered Insurance Company under Mukhyamantri Pashudhan Vikash Yojna (MMPVY)**

Directorate of Animal Husbandry, Govt. of Jharkhand, Ranchi invites Proposals from eligible IRDAI approved Insurance Intermediaries for implementation of Livestock (Goat, Sheep, Pig) and Poultry Insurance scheme through Scheduled Bank Insurance Company in all districts of Jharkhand. Insurance Intermediary shall do the intermediation & coordination between the department of animal husbandry at the district level, Insurance Co. and beneficiaries for successfully implementation of the scheme.

1. After publication of the N.I.T., the desirous bidders may download tender documents along with terms & conditions from the Website. https://www.jharkhandtenders.gov.in and https:// www.jharkhand.gov.in but submit only through NIC e-tender portal https://www.jharkhandtenders. gov.in.
2. Disclosure of rate other than financial bid will disqualify the bidder.
3. Estimated Contract Value- Approx Rs. 6.5 Crore.
4. Each bidder, will have to deposit Earnest Money Rs. 13 Lakh (Rupees Thirteen Lakh) online board of any Scheduled Bank in favor of Director Animal Husbandry, Jharkhand payable at Ranchi.
5. All uploaded documents should be legible/ readable if not tender may be rejected. Unsigned uploaded with documents will be rejected.
6. The under mentioned schedule is fixed; however, the undersigned reserves the right to change the date of activities in case of any exigencies through a notice in the government website viz & Notice Board at official address Director, Animal Husbandry, Pashupalan Bhawan, Hesag, Hatia, Ranchi, Pin- 834003

| Sl. no. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1. | Scheme will cover Insurance of | A) Small Animal (Goat, Sheep and Pig). B) Poultry. |
| 2. | Eligibility Criteria | Working in General insurance field for minimum 03 (Three) years . |
| 3. | Date of Floating of Tender | 19.11.2025 |
| 4. | Download of Tender document will start from | 20.11.2025 |
| 5. | Online submission of bid will start from | 20.11.2025 |
| 6. | Pre Bid Meeting | 24.11.2025 |
| 7. | Last date of online bid submission | 28.11.2025 |
| 8. | Date & Place of opening of Technical Bid | 01.12.2025, Animal Husbandry Directorate, Hesag, Ranchi |
| 9. | Date and Time of opening of Financial Bids | To be intimated later on (After Finalization of technical bid) |
| 10. | About EMD | EMD/Bid Security Money by any Scheduled Bank should be submitted Online mode. Its Refundable. |

***For any Query mail ID:** https://www.ahdjharkhand@gmail.com

**Deputy Director (PD)**
**Nodal Officer Procurement Cell**
Directorate of Animal Husbandry
Jharkhand, Ranchi-834003

PR 366546 Animal Husbandry (25-26)_D

## बीएसएल को मिला डिफेंस मेटलर्जिकल रिसर्च लेबोरेटरी के साथ टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के लिए लाइसेंसिंग एग्रीमेंट

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट ने 15 नवंबर 2025 को हैदराबाद में आयोजित डिफेन्स मेटालर्जिकल रिसर्च लेबोरेट्री (डीएमआरएल) के 62वें वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान लाइसेंसिंग एग्रीमेंट फॉर ट्रांसफर ऑफ टेक्नोलॉजी के तकनीक हस्तांतरण दस्तावेज प्राप्त किया। इस तकनीक हस्तांतरण के अंतर्गत डीएमआरएल ने बीएसएल को नौसैनिक उपयोग के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण डीएमआर 249ए स्टील शीट्स के निर्माण हेतु गैर-समावेशी लाइसेंस प्रदान किया है। इस तकनीक हस्तांतरण से बोकारो स्टील प्लांट को भारतीय सशस्त्र बलों तथा अन्य सरकारी एजेंसियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले, अत्याधुनिक विशेष स्टील उत्पादों के उत्पादन और आपूर्ति को और अधिक सुदृढ़ रूप से आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी। यह उपलब्धि बीएसएल की तकनीकी दक्षता, गुणवत्ता उत्कृष्टता और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति इसकी अटूट प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है। कार्यक्रम के दौरान डीएमआरएल के ओएस एवं निदेशक डॉ आर बालामुरलिकृष्णन, डीआरडीओ के डीएस एवं डीजी डॉ आरवी हरा प्रसाद तथा सचिव, डीडी एवं चेयरमैन, डीआरडीओ डॉ. समीर वी कमाट सहित डीआरडीओ और डीएमआरएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बीएसएल की ओर से बी सुनीता मिंज, एसएस पाणिग्रही, तथा राहुल तिवारी ने यह तकनीक हस्तांतरण दस्तावेज प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर बीएसएल के अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन ने कहा कि यह लाइसेंसिंग एग्रीमेंट फॉर ट्रांसफर ऑफ टेक्नोलॉजी हस्तांतरण बोकारो स्टील प्लांट की तकनीकी उत्कृष्टता, क्षमता और देश की रक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**

**-:: अतिअल्पकालीन निविदा सूचना ::-**

कोडरमा जिला में सामाजिक सुरक्षा योजनान्तर्गत "कम्बल एवं वस्त्र वितरण योजना" के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कम्बल का क्रय विभागीय पत्रांक-05/म0स0/यो0-151/2022-3353 राँची दिनांक 11.11.2025 में अंकित शर्तों एवं निर्देशों के अनुरूप GeM Portal के माध्यम से क्रय किया जाना है, जिसके लिए इच्छुक आपूर्तिकर्त्ताओं/प्रतिष्ठानों से निविदा आमंत्रित किया जाता है। Tender Reference No. 595 दिनांक 18/11/2025 एवं निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 01/12/2025 है।

| क्र0 | सामग्री का नाम | आकार | वजन | क्रय किये जाने वाले कम्बल की संख्या | प्रतीक चिन्ह (Logo) 3" X 3" Dimension |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Mink Cloudy Blanket with Double ply | 60 " X 90 " (+/-2") | 2 Kg. (+/- 5%) | 19981 | झारखण्ड सरकार महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग |

GeM Portal से क्रय हेतु ऑनलाईन तकनीकी निविदा की शर्तें एवं विस्तृत विवरणी GeM Portal एवं कोडरमा के वेबसाईट https://gem.gov.in, www.koderma.nic.in पर देखी जा सकती है।

उपायुक्त,
कोडरमा

PR 366550 Women, Child Development & Social Security(25-26)

### आइआइटीएफ में झारखंड के मत्स्य निदेशालय का स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र

# केज कल्चर, जलाशयों में मोती उत्पादन सहित अन्य आधुनिकतम तकनीकों से रूबरू हो रहे हैं आगंतुक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/नयी दिल्ली।** भारत मंडपम (प्रगति मैदान) में भारतीय अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आइआइटीएफ)-2025 में झारखंड सरकार के मत्स्य निदेशालय की ओर से लगाये गये स्टॉल आगंतुकों/ दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हैं। मत्स्य निदेशालय के स्टॉल में झारखंड में केज कल्चर से मछली पालन, बायोफ्लौक, मोती उत्पादन की विधियों आदि से लोग रूबरू हो रहे हैं।

इस क्रम में गुरुवार को श्री कृष्ण लोक सेवा संस्थान (स्किपा), झारखंड के महानिदेशक मनीष रंजन (भाप्रसे) ने झारखंड पवेलियन का परिभ्रमण किया। श्री रंजन ने मत्स्य निदेशालय के स्टॉल का अवलोकन किया और मत्स्य निदेशालय की उपलब्धियों को सराहा।






गौरतलब है कि इस व्यापार मेले में देश के सभी राज्यों के स्टाल लगाए गये हैं। साथ ही सभी विभागों के भी स्टाल के माध्यम से लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। मत्स्य निदेशालय द्वारा आगंतुकों को झारखंड में मत्स्य उत्पादन से संबंधित गतिविधियों क बारे में बताया जा रहा है। जिसमें रंगीन मछ्लीपालन, मोती पालन के बारे में जानकारी दी जा रही है। साथ ही केज कल्चर, मछलियों के मूल्य संवर्धित उत्पाद आदि का प्रस्तुतीकरण किया गया है। इस अवसर पर मनोज कुमार भगत, अवर सचिव उद्योग विभाग भी उपस्थित थे। उक्त जानकारी मत्स्य निदेशालय के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने दी।

### 775 करोड़ रुपये की हुई डील

# भारत को 100 टैंक किलर मिसाइल देगा अमेरिका

- टारगेट की गर्मी को पहचान कर हमला करती है



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** अमेरिका भारत को 100 जेवलिन मिसाइल सिस्टम (एफजीएम-148) और 216 एक्सकैलिबर प्रोजेक्टाइल स्मार्ट तोपगोला (एम982ए1) बेचेगा। इनके लिए दोनों देशों के बीच में 92.8 मिलियन डॉलर (करीब 775 करोड़ रुपये) की डील हुई है। अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने बुधवार को बताया कि इस बिक्री के लिए जरूरी मंजूरी और डिटेल्स अमेरिकी संसद कांग्रेस को भेज दी गयी है। ऊउअ ने कहा- हथियार भारत को मौजूदा और भविष्य के खतरों से निपटने में मदद करेंगे।

एफजीएम-148 जेवलिन एक पोर्टेबल एंटी-टैंक मिसाइल है। इसे टैंकों, बख्तरबंद वाहनों, बंकरों को नष्ट करने के लिए बनाया गया है। मिसाइल टारगेट की गर्मी (हीट सिग्नेचर) पहचान कर उस पर हमला करती है। इसकी 2500 मीटर रेंज है। धुएं, धूल या खराब मौसम में भी टारगेट को तबाह करने में सक्षम है। टएम982ए1 जीपीएस-गाइडेड स्मार्ट गोला है। यह स्मार्ट बम की तरह काम करता है, लेकिन तोप से छोड़ा जाता है। सामान्य तोप रेंज 15-20 किमी तक होती है, लेकिन एक्सकैलिबर 40-50 किलोमीटर दूर तक सटीक निशाना लगा सकता है।

**हथियारों से भारत की रक्षा क्षमता मजबूत होगी - डीएससीए :** डील को मंजूरी देते हुए डीएससीए ने कहा कि यह बिक्री भारत जैसे महत्वपूर्ण रक्षा साझेदार की सुरक्षा को और मजबूत करेगी। इससे भारत की वर्तमान और भविष्य की खतरों से निपटने की क्षमता बढ़ेगी। साथ ही बताया कि हथियार भारत की होमलैंड सिक्योरिटी को मजबूत करेगी।

# अयोध्या में महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

- सरयू का जल लेकर राम मंदिर पहुंचीं, इसी से होगा रामलला का अभिषेक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अयोध्या।** अयोध्या के सरयू घाट से पूजा-अर्चना के बाद 251 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। महिलाएं 2 घंटे में 1 किमी की यात्रा करके सरयू का जल लेकर राम मंदिर पहुंचीं। जल को राम मंदिर के आचार्यों को सौंपा गया। ध्वजारोहण समारोह के दौरान 25 नवंबर को इसी जल से रामलला का अभिषेक किया जायेगा। कलश यात्रा सरयू घाट से निकल कर, श्रृंगार घाट और हनुमान गढ़ी होते हुए राम मंदिर पहुंची। इस दौरान लोग नाचते-गाते कलश यात्रा के साथ चलते रहे। जय श्रीराम के नारे गूंजते रहे। इस यात्रा में गुरुकुल के छात्र भी शामिल हुए। कुल 500 कलश जल राम मंदिर पहुंचाया गया। 22 नवंबर से ध्वजारोहण के आयोजन की शुरुआत होगी।

बता दें कि ध्वजारोहण 25 नवंबर को होना है। इसमें पीएम मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत समेत करीब 8 हजार लोग शामिल होंगे। इस बार भी मुख्य यजमान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के न्यासी डॉ अनिल मिश्र अपनी पत्नी के साथ अनुष्ठान में शामिल होंगे।

### अश्विनी वैष्णव ने देश के मजबूत आर्थिक बुनियादी ढांचे पर प्रकाश डाला, कहा

# भारत सामान्य मुद्रास्फीति और अच्छी वृद्धि के बीच स्थिर मौद्रिक नीति बनाये रखेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को आश्वासन दिया कि भारत आने वाले वर्षों में एक स्थिर नीतिगत माहौल, निरंतर नियामक सरलीकरण, मजबूत आर्थिक विकास और बहुत ही मध्यम मुद्रास्फीति प्रदान करता रहेगा। उन्होंने कहा कि ये स्थितियां निवेशकों के लिए आदर्श हैं। सिंगापुर में ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए वैष्णव ने एक स्थिर, जिम्मेदार और नवाचार-संचालित डिजिटल और आर्थिक भविष्य के लिए भारत के दृष्टिकोण के बारे में बताया।




देश के मजबूत आर्थिक बुनियादी ढांचे पर प्रकाश डालते हुए, वैष्णव ने कहा कि उच्च विकास और मध्यम मुद्रास्फीति के साथ, भारत आने वाले वर्षों में एक स्थिर नीति व्यवस्था, निरंतर सरलीकरण, अच्छी वृद्धि और बहुत ही मध्यम मुद्रास्फीति प्रदान करता रहेगा - एक ऐसी स्थिति जिसका हर निवेशक इंतजार कर रहा है। इसके अलावा उन्होंने वैश्विक निवेशकों को अगले साल नई दिल्ली में होने वाले न्यू इकोनॉमी फोरम में शामिल होने का निमंत्रण दिया और वैश्विक आर्थिक परिवर्तन में एक प्रमुख चालक बनने के लिए भारत की तत्परता को रेखांकित किया।

2025 की पहली तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी 47.89 लाख करोड़ रुपये थी। यह पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 44.42 लाख करोड़ रुपये से 7.8 प्रतिशत सालाना की वृद्धि है। यह वृद्धि सेवाओं, विनिर्माण और निर्माण क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन से प्रेरित थी।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने हाल ही में भारत के विकास अनुमान को संशोधित किया, इसे इस वर्ष के लिए 6.4 प्रतिशत से बढ़ा कर 6.6 प्रतिशत कर दिया।

दूसरी ओर, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर 2025 में भारत की खुदरा मुद्रास्फीति तेजी से गिर कर 0.25 प्रतिशत हो गयी, जो वर्तमान सीपीआइ श्रृंखला की साल-दर-साल सबसे कम मुद्रास्फीति है।

उभरती डिजिटल वास्तविकताओं से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करते हुए, मंत्री ने सोशल मीडिया के अनियंत्रित प्रभाव, जिसमें डीपफेक, सिंथेटिक सामग्री और तेजी से बढ़ायी गयी अफवाहें शामिल हैं, के कारण नागरिकों और संस्थानों के बीच विश्वास के क्षरण पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्लेटफॉर्म को अपने द्वारा होस्ट और प्रसारित की जाने वाली सामग्री की ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इससे व्यक्तियों, समुदायों या व्यापक सामाजिक ताने-बाने को कोई नुकसान न पहुंचे।

उन्होंने डिजिटल शासन के प्रति भारत के 'तकनीकी-कानूनी' दृष्टिकोण की व्याख्या करते हुए कहा कि हाल ही में अधिसूचित डेटा संरक्षण अधिनियम सिद्धांत-आधारित है, जिसे नवाचार को बाधित किए बिना तेजी से बदलती तकनीकों के साथ विकसित होने के लिए डिजाइन किया गया है।

# अपरंपार महिमा है माता शीतला की

**डॉ मोहम्मद जाकिर**

**रांची।** शीतला माता मंदिर, भवानीपुर (डोरंडा) में स्थित है। यह पवित्र स्थल माता शीतला और उनकी सात बहनों को समर्पित है। यह मंदिर स्वर्गीय कपिलदेव ठाकुर द्वारा बनवाया गया था। ऐसा माना जाता है कि यहां माता शीतला की असीम कृपा बनी रहती है। इस मंदिर की स्थापना वर्ष 1954 में हुई थी। प्रारंभ में यहां केवल माता की पिंडी के दर्शन होते थे, किंतु अब पिंडी को पीतल से आवृत कर माता की सुंदर प्रतिमा भी स्थापित की गयी है। मंदिर प्रांगण में भगवान शंकर, श्री गणेश और हनुमानजी के भी मंदिर स्थित हैं, जिससे यह स्थान और भी पवित्र बन गया है। यह मंदिर पहले अंदर से काले पत्थर का बना हुआ था, जैसा कि पुराने लोगों का कहना है। उस समय दूर-दूर से श्रद्धालु यहां माता शीतला के दर्शन करने आया करते थे। वर्तमान समय में मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है और अब यह नया रूप ले चुका है। ऐसा माना जाता है कि जिन लोगों को चेचक (शीतला रोग) की बीमारी होती है, वे बीमारी के ठीक हो जाने के बाद माता के इस मंदिर में आकर हल्दी, तेल और श्रृंगार का सामान अर्पित करते हैं। माता की विधिवत पूजा कर वे आजीवन स्वस्थ रहने की कामना करते हैं।




माता शीतला का यह धाम सम्पूर्ण क्षेत्र में माता का स्थान के रूप में प्रसिद्ध है। चैत्र और आश्विन मास के नवरात्रों में यहाँ श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। विशेष रूप से चैत्र मास की नवमी को माता की भव्य पूजा-अर्चना की जाती है। नवविवाहित दंपतियों के लिए इस मंदिर में आशीर्वाद लेना अत्यंत शुभ और भाग्यशाली माना जाता है। अनेक लोग विवाह से पहले और बाद में यहां आकर देवी का पूजन करते हैं और अपने कार्यों की सिद्धि की कामना करते हैं।

यह मंदिर केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि आरोग्य का भी प्रतीक है। मान्यता है कि माता शीतला की पूजा करने से चेचक तथा अन्य त्वचा संबंधी रोगों से मुक्ति मिलती है। रोगी भक्त सच्चे मन से माता की आराधना कर रोग मुक्त हो जाते हैं। इस प्रकार भवानीपुर का शीतला माता मंदिर श्रद्धा, भक्ति और चमत्कारों का अद्भुत संगम है, जहां हर भक्त को शांति, स्वास्थ्य और सुख की प्राप्ति होती है।

सोमवारी, शिवरात्रि, दुर्गा पूजा, काली पूजा के समय महाआरती का आयोजन किया जाता है। वर्तमान में मंदिर के पुजारी पंडित सरोज झा हैं।


VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

!! श्री गणेशाय नमः !!
!! जय थावें वाली मईया !!
आपका कार्य सफल होना चाहिए चावल के द्वारा दक्षिणा अपने अनुसार दे।
रावण संहिता ज्ञाता सरल व सटीक उपायों द्वारा हर समस्या के समाधान के लिए सम्पर्क करें।
पं. शम्भुनाथ उपाध्याय
स्वर्ण पदक प्राप्त, ज्योतिष शिरोमणि एवं ज्योतिष महर्षि पद से सम्मानित्त
मिलने का दिन एवं समय
सोमवार से शानिवार समयः सुबह 09:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे एवं 03:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक
रविवार समयः सुबह 07:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक
Indrajit Bhawan, Opposite Pahari Mandir Bano Manzil Road, Ranchi & 834001
9431585446, 7903633179

प्रो. सुनील मंडल
मंडल बोरवेल्स
बेकोबार, झुमरी तिलैया, कोडरमा
शुद्ध पानी के लिये मशीन द्वारा चापाकल, बोरिंग के लिये सम्पर्क करें-
Contact for : 5"X4.5", 7"X6.5", 8"X6.5"
7762893254, 8789912506

अपोलो हेल्थ केयर
बाजार रोड, डोमचांच
डॉ. अंकित कुमार साहा
(बी.ए.एम.एस., बैंगलोर)
आयुर्वेद जनरल फिजिशियन
नाड़ी परीक्षा, पंचकर्म अग्नि कर्म और विध कर्म विशेषज्ञ
आयुर्वेद पद्धति द्वारा इलाज होता है
संपर्क करें:+91 9611235549
उपलब्ध उपचार : हड्डी रोग, त्वचा रोग, जीवनशैली विकार, स्त्री रोग, पेट का रोग, मूत्र सम्बन्धी समस्या, नसों के रोग

TEXMO® Borewell Submersibles Single Phase/Three Phase Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX® Agricultural Monoblocks Open-well Submersibles Pumps Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

सुनहरा अवसर
आवश्यकता
रहना और खाना FREE
Seat Limited — प्रशिक्षण क्षेत्र — Seat Limited
1. FASHION DESIGNER:इसके अन्तर्गत फैशन डिजाईनिंग, आर्ट क्राफ्ट, शर्ट, पैन्ट, कढ़ाई, बुनाई, प्रिंसेस ब्लाउज।
2. MULIT SKILL TECHNICIAN :इसके अन्तर्गत ADCA+ (Advance Computer, Photoshop, Corel Draw, Pagemaker, Tally Prime 4.0 With GST, Internet, Chat GPT With AI Tools) Typing Hindi & English, Hotel Management।
3. GENERAL DUTY ASSISTANT : नर्स संबंधित पुरी जानकारी, प्राइमरी ट्रीटमेंट जैसे इंजेक्शन लगाना, घाव पर पट्टी करना फिजियोथेरेपी, सलाइन चढ़ाना एवं टेस्ट करना
आवश्यकता : 18 वर्ष +युवक, युवतियाँ, महिलाएँ एवं गृहिणियाँ के लिए 3 माह की निःशुल्क ट्रेनिंग, रहना-खाना फ्री।
ट्रेनिंग के बाद जॉब पंचायत कोऑर्डिनेटर, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, सिलाई फैक्ट्री व बड़े रेस्टोरेंट एवं हॉस्पिटल में।
Salary:12000-20000
Trainning Centre: Ranchi-7004847471 Ramgarh-7295831484
Office Address: Durgapuri, Kokar, Ranchi (JH.)



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** **:** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**